

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 इंग्लैंड के सबसे महान बल्लेबाज हैं जो रूट ... 44 की उम्र में भी रोहन बोपन्ना का कोई जवाब नहीं ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 142 | पटना, सोमवार, 02 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम** अधिकतम तापमान 31°C, न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां 30% | नहीं 50% | कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 91,700

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

# भारत अब 64 में से 45 तकनीक के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल, चीन टॉप पर

## पिछले साल 37वें नंबर से भारत को तकनीक के मामले में बढ़त हासिल, भारत 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में अमेरिका को पछाड़ दूसरे स्थान पर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत अब 64 में से 45 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल हो गया है। पिछले साल भारत 37वें नंबर पर था लेकिन एक साल के भीतर तकनीक के मामले में भारत को यह बढ़त हासिल हुई है। भारत ने 2 नई प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर रहने वाले अमेरिका को पछाड़ दिया है तथा 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर है। इतना ही नहीं, भारत ने सात प्रौद्योगिकियों में दूसरा स्थान हासिल किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2023 में तकनीकी अनुसंधान के दो उभरते क्षेत्रों जैविक विनिर्माण और वितरित खाता बही प्रौद्योगिकी में दूसरे स्थान पर दावा करने के लिए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में भारत उन्नत डेटा एनालिटिक्स, एआई एल्गोरिदम, हार्डवेयर एक्सेलेरेटर, मशीन लर्निंग, उन्नत एकीकृत



सर्किट डिजाइन और निर्माण, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और प्रतिकूल एआई सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका और चीन से पीछे है। रिपोर्ट के अनुसार यह 2003-2007 की तुलना में एक बड़ी छलांग है, जब भारत केवल चार प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में था। ट्रैकर अंतरिक्ष, रक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, एआई, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उन्नत कंप्यूटिंग, उन्नत सामग्री और क्वांटम प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को कवर करता है। यह विशेष रूप से 2003 से 2023 तक के डेटा को संकलित करने के साथ ही उच्च-प्रभाव वाले शोध को ट्रैक करता है, जिसे किसी देश के शोध प्रदर्शन, रणनीतिक लक्ष्यों और भविष्य की तकनीकी क्षमता के संकेतक के रूप में सबसे अधिक उद्धृत पत्रों के शीर्ष 10 प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 64 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में से 57 में आगे रहने पर चीन वैश्विक शोध चार्ट में सबसे ऊपर है। 2003 और 2007 के बीच अमेरिका 60 प्रौद्योगिकियों में अग्रणी था, अब केवल सात क्षेत्रों (2019-2023 रैंकिंग के आधार पर) में शीर्ष स्थान रखता है, जिसमें क्वांटम कंप्यूटिंग और वैक्सीन और चिकित्सा प्रतिवाद शामिल हैं। ब्रिटेन की स्थिति में भी गिरावट आई है, अब यह 37 प्रौद्योगिकियों में शीर्ष पांच में है, जबकि पिछले साल यह 44 प्रौद्योगिकियों में था। एक गुट के रूप में गिने जाने वाले यूरोपीय संघ दो क्षेत्रों छोटे उपग्रह और गुरुत्वाकर्षण बल सेंसर में अग्रणी और 30 में दूसरे स्थान पर है। जर्मनी 27 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में रहकर मजबूत बना हुआ है।

**राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन को किया संबोधित**

# लंबित मामलों की संख्या न्यायपालिका के सामने एक बड़ी चुनौती : राष्ट्रपति

## न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी धर्म, सत्य और न्याय का करें सम्मान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन के समापन सत्र में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की न्यायिक प्रणाली के सजग प्रहरी के रूप में अपना अमूल्य योगदान दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के कारण भारतीय न्यायशास्त्र का स्थान बहुत सम्मानजनक रहा है।

उन्होंने भारतीय न्यायपालिका से जुड़े सभी वर्तमान और पूर्व लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनसे लोगों का हमारी न्यायिक प्रणाली के प्रति विश्वास और लगाव बढ़ा है। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय के प्रति आस्था और श्रद्धा की भावना हमारी परंपरा का हिस्सा रही है। उन्होंने पिछले अवसर पर अपने संबोधन का उल्लेख करते हुए दोहराया कि लोग देश के प्रत्येक न्यायाधीश को भगवान मानते हैं। हमारे देश के प्रत्येक न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी का नैतिक दायित्व है कि वे धर्म,



सत्य और न्याय का सम्मान करें। जिला स्तर पर यह नैतिक दायित्व न्यायपालिका का प्रकाश स्तंभ है। जिला स्तर की अदालतें करोड़ों नागरिकों के मन में न्यायपालिका की छवि निर्धारित करती हैं। इसलिए जिला अदालतों के माध्यम से लोगों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कम खर्च पर न्याय दिलाना ही हमारी न्यायपालिका की सफलता का आधार है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में जिला स्तर पर न्यायपालिका की अवसंरचना, सुविधाओं, प्रशिक्षण और मानव संसाधनों की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। लेकिन, इन सभी क्षेत्रों में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्हें विश्वास है कि सुधार के सभी आयामों पर तेजी से प्रगति जारी रहेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबित मामलों की संख्या न्यायपालिका के सामने एक बड़ी चुनौती है।

**लंबित मामलों के गंभीर मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता :** उन्होंने 32 वर्षों से अधिक समय तक लंबित मामलों के गंभीर मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विशेष लोक अदालत सप्ताह जैसे कार्यक्रमों का अधिक आवृत्ति के साथ आयोजन किया जाना चाहिए। इससे लंबित मामलों से निपटने में मदद मिलेगी।

सभी हितधारकों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान निकालना होगा। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस सम्मेलन के एक सत्र में मुकदमों के प्रबंधन से संबंधित कई पहलुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन चचाओं से व्यावहारिक परिणाम सामने आएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान पंचायतों और नगरपालिकाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर विधायी और कार्यकारी निकायों की शक्ति और जिम्मेदारियों का प्रावधान करता है। उन्होंने पूछा कि क्या हम स्थानीय स्तर पर इनके समतुल्य न्याय प्रणाली के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषा और स्थानीय परिस्थितियों में न्याय प्रदान करने की व्यवस्था करने से न्याय को हर किसी के घर तक पहुंचाने के आदर्श को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनके समाधान के लिए सभी हितधारकों द्वारा समन्वित प्रयासों की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए, साक्ष्य और गवाहों से संबंधित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध में अदालती फैसले एक पीढ़ी बीत जाने के बाद आते हैं, तो आम आदमी को लगता है कि न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता का अभाव है। उन्होंने कहा कि यह हमारे सामाजिक जीवन का एक दुखद पहलू है कि कुछ मामलों में, साधन संपन्न लोग अपराध करने के बाद भी बेखौफ और खुलेआम घूमते रहते हैं। जो लोग अपराधों के पीड़ित होते हैं, वे इस डर में जीते हैं जैसे उन गरीबों ने ही कोई अपराध किया हो।

# केसी त्यागी ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा

## पार्टी के सीनियर नेता राजीव रंजन संभालेंगे जिम्मेदारी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार की सत्ता में काबिज जनता दल युनाइटेड के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी दी गई है। केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद को इस्तीफा दिया है। जदयू नेता ने पद छोड़ते हुए कहा कि अपने निजी व्यस्तता के कारण मैं पार्टी के प्रवक्ता के पद के साथ न्याय नहीं कर पा रहा हूँ। लिहाजा आज मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का कष्ट करें। हालांकि, मैं समय समय पर बिहार सरकार की उपलब्धियों के लिए प्रचार-प्रसार के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इसकी सूचना देते हुए बताया है कि पार्टी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उनकी जगह दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है। जदयू की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि -जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी ने निजी कारणों से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। केसी त्यागी के इस्तीफा देने के मुद्दे पर जदयू के सूत्रों के अनुसार, वह कई मुद्दों पर पार्टी से अलग लाइन ले रहे थे। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एससी-एसटी आरक्षण का मुद्दा, इजरायल-फिलिस्तीन का मुद्दा शामिल है, जहां उन्होंने विपक्षी गठबंधन के नेताओं के साथ थे। केसी त्यागी ने जून महीने के बाद से एक के बाद एक कई ऐसे बयान दिए हैं जिसे लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने पार्टी लाइन से अलग जाकर टिप्पणी की। इससे भाजपा और जदयू में एनडीए में तनातनी वाली स्थिति भी बनी। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद 6 जून को केसी त्यागी ने कहा कि बीजेपी को बिना शर्त सपोर्ट करने को जदयू तैयार है लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले और अग्निवीर योजना की समीक्षा हो। उसके दो दिन बाद 8 जून 2024 को उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक की तरफ से नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर आया था। इंडिया के इस ऑफर को सीएम नीतीश ने ठुकरा दिया। हालांकि माना गया कि मोदी सरकार के गठन के ठीक पहले केसी त्यागी का यह बयान एनडीए में भाजपा- जदयू के कई नेताओं को नागवार गुजरा। वहीं लैटरल एंट्री, यूनिफॉर्म सिविल कोड, वक्फ बिल और एससी, एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर भी केसी त्यागी ने पार्टी लाइन से अलग बयान जारी किए थे।

### पूर्व मंत्री श्याम रजक की जदयू में घर वापसी, सीएम से मिलें

राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने रविवार को प्रदेश कार्यालय पटना में आयोजित मिलन समारोह में जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर संजय कुमार झा ने कहा कि श्याम रजक जमीन से जुड़े हुए नेता रहे है और उन्होंने हमेशा समाज के शोषित और वंचित वर्ग के हित में अपनी आवाज को बुलंद किया है। श्री श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमाम महापुरुषों के सपनों को धरातल पर उतारने का काम किया है और विगत 19 वर्षों के शासन में उन्होंने प्रदेश की तस्वीर बदली है। हमें एकजुट होकर नीतीश कुमार के विकासवादी सोच को मंजिल तक पहुंचाना है और राज्य के गरीब-गुरबों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद का समाजवाद अब भ्रष्टाचार और परिवारवाद में तब्दील हो चुका है। जदयू में घर वापसी के बाद पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार साव ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में विशाल नामक व्यक्ति को शनिवार शाम पुरकाजी थाना क्षेत्र के खैखेरी गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि विशाल ने सार्वजनिक हुए एक वीडियो को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पटना में एक व्यक्ति ने पत्नी और साली को गोली मारकर की आत्महत्या

पटना। बिहार में पटना जिले के पंडारक थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और साली को गोली मारने के बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिहारीबीघा गांव में दीपक कुमार 28 वर्ष ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी 24 वर्ष और साली गुड़िया कुमारी को गोली मार दी। इस घटना में लक्ष्मी देवी की मौत हो गयी जबकि गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद दीपक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने बताया कि घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपक कुमार नालंदा जिले के बिहारशरीफ का रहने वाला था। वह दो महीना से बिहारीबीघा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। दीपक कुमार अपनी पत्नी को अपने घर चलने को कहता था लेकिन उसकी पत्नी जाने को तैयार नहीं थी। इसी आक्रोश में दीपक ने पत्नी और साली को गोली मार दी और फिर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके से हथियार और खोखा बरामद किया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमला करने वाला हिरासत में

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय के बलिया में भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर पर हमला कयिा गया। जनता दरबार खत्म कर हॉल से निकलने के दौरान एक युवक ने उन पर हमला कर दिया। दरअसल, गिरिराज सिंह बेगूसराय के बलिया में जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनने गए थे। जनता दरबार के बाद जब वह वहां से निकल रहे थे, तो एक युवक ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर को तत्काल हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू की। इस घटना के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। पुलिस और अधिकारियों ने गिरिराज सिंह को सुरक्षा घेरे में ले लिया और उन्हें आगे की यात्रा पर रवाना किया। गिरिराज सिंह ने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि आरोपी का चेहरा देखने के बाद विपक्षी नेता तेजस्वी और अखिलेश उसके समर्थन में उतर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे लोगों से नहीं डरते हैं। राहुल गांधी, तेजस्वी और अखिलेश यादव वोट के सौदागर हैं और ऐसे लोगों को बचाने के लिए हमेशा आगे आते हैं। सूत्रों ने बताया कि गिरिराज सिंह जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी बीच सफेद टोपी पहना एक युवक वहां पहुंचा और उनके पास जाकर ऊल जलूल बातें बोलने लगा।

### बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस ने बक्सर जिले के एक गांव में चल रही एक बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है और फैक्ट्री संचालन में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भोजपुर के एसपी प्रमोद कुमार यादव के अनुसार, गांव में फैक्ट्री का संचालन लंबे समय से चल रहा था। यादव ने कहा, हमें बंदूक फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली, जो नया भोजपुर थाना के अंतर्गत चंदा गांव में वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर में चल रही थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए डुमरांव के एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने परिसर पर छापेमारी की। इस दौरान, सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। छापेमारी के दौरान भोजपुर पुलिस ने एक पिस्टल, 35 टाइगर प्लेट, 36 कॉर्क रॉड, 33 बैरल, 20 बट, तीन ड्रिल मशीन, एक लेथ मशीन, एक ग्राइंडर और तीन मोबाइल फोन बरामद किये।

### जीवन में विफलता से कभी न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है : उपराष्ट्रपति

प्रात : किरण

देहरादून/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि हमेशा राष्ट्रीयहित को प्राथमिकता दें, भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। जिंदगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस और ज्ञान विकसित करनी होगी। जो लोग चुनौती का सामना करने में जोखिम उठाते हैं, वही साहस, पहल और नेतृत्व करते हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रविवार को देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी विफलता से न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है। डर की भावना आपकी प्रतिभा के उपयोग और आपके संभावनाओं की वास्तविकता में बाधा डालती है। हमेशा याद रखें कि डर हमारे विकास की यात्रा का आवश्यक हिस्सा है। चंद्रयान मिशन की सफलता की कहानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन को याद करें! चंद्रयान 2 आंशिक रूप से सफल हुआ लेकिन पूरी तरह से नहीं। कुछ के लिए यह विफलता थी और समझदार लोगों के लिए यह सफलता की ओर एक कदम था। पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया और भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला पहला राष्ट्र बन गया।

# इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, आपात लैंडिंग

प्रात : किरण

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो के विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो एयरलाइन के अनुसार विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। एयरपोर्ट पर बम और डॉग स्क्वाड सहित सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी पहुंचे हैं और जांच में जुटे हुए हैं। सीआईएसएफ के अलावा महाराष्ट्र पुलिस भी मौजूद है। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर भी अधिकारी पहुंचें। सीआईएसएफ के अलावा महाराष्ट्र पुलिस भी मौजूद है। हालांकि, कंपनी ने बताया कि कुछ देर बाद ही विमान नागपुर से हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार, जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से रविवार सुबह 8 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7308 ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी थी। इसे 9:40 बजे हैदराबाद में उतरना था लेकिन इससे पहले ही 9:10 बजे फ्लाइट को नागपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। इंडिगो की मैनेजर हिना खान ने बताया कि विमान में 69 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार हैं। जबलपुर से उड़ान भरने के कुछ समय बाद क्रू में शामिल ज्योतिस्मिता सैकिया वॉशरूम गईं।

**पैकेज** पिंडदान के साथ कर पितरों सकते हैं बोधगया, नालंदा, राजगीर का भ्रमण

# पितृपक्ष मेले को लेकर पर्यटन विभाग ने जारी किया टूर पैकेज

प्रात : किरण

पटना। आगामी 17 पितरों के मोक्ष के लिए प्रसिद्ध धर्म नगरी गया में हर वर्ष के भाँति इस वर्ष भी पितृपक्ष मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेला की शुरूआत 17 सितंबर से की जायेगी। गया में पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पवित्र फल्गु नदी में पिंडदान करने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से चलती आ रही हैं। हर साल करीब लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां अपने पितरों के पिडदान करने के लिए आते हैं। अब इसी कड़ी में बिहार राज्य पर्यटन निगम ने गया में पिंडदान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांच अलग-अलग टूर पैकेज जारी किया है। श्रद्धालु यदि चाहें तो पिंडदान करने के बाद बोधगया, नालंदा, राजगीर का भ्रमण भी कर सकते हैं। गया में पिंडदान कराने के बाद बोधगया, राजगीर, नालंदा का




भ्रमण भी कराया जाएगा। ये पैकेज एक रात और दो दिनों का होगा। पैकेज में ठहरने से लेकर आने-जाने, भोजन और पूजा के लिए पंडित और पूजन सामग्री समेत सभी सुविधाएं शामिल हैं। प्रथम कैटेगरी में एक व्यक्ति का शुल्क 21,100 रुपये, दो व्यक्तियों का 21,700 और चार व्यक्तियों का 40,700 रुपये है। कैटेगरी टू में एक व्यक्ति का 19,950 रुपये, दो व्यक्ति 20,600 रुपये और चार व्यक्तियों का 38,500 रुपये शुल्क है। कैटेगरी श्री में एक व्यक्ति का 18,850 रुपये, दो व्यक्तियों का 19,500 रुपये और चार व्यक्तियों का 36,250 रुपये शुल्क है। इसी तरह पटना-पुनपुन और गया-पटना एक दिन का पैकेज तीन कैटेगरी हैं। कैटेगरी वन में एक व्यक्ति का शुल्क 16 हजार 650 रुपए है। दो व्यक्ति का 17 हजार 300 रुपए और चार व्यक्तियों का 30 हजार 650 रुपए है। कैटेगरी टू में एक व्यक्ति का शुल्क 15 हजार 550 रुपये, दो व्यक्तियों का 16 हाजर 200 रुपए और चार व्यक्तियों का 28 हजार 450 रुपए है। कैटेगरी श्री में एक व्यक्ति का शुल्क 14 हजार 450 रुपए और दो व्यक्तियों का 15 हजार 100 रुपये व चार व्यक्तियों का 26 हजार 250 रुपए निर्धारित है। एक दिन का गया के लिए पैकेज में एक व्यक्ति का 13 हजार 450 रुपये, दो व्यक्तियों का 14 हजार 150 रुपये और चार व्यक्तियों का 25 हजार 250 रुपये शुल्क है।

दूसरी कैटेगरी में एक व्यक्ति का 12 हजार 400 रुपये, दो व्यक्तियों का 13 हजार 50 रुपये और चार व्यक्तियों का 23 हजार 50 रुपये है। कैटेगरी श्री में एक व्यक्ति का 11 हजार 250 रुपये, दो व्यक्तियों का 11 हजार 950 रुपये और चार व्यक्तियों का 20 हजार 850 रुपए है। गया का एक रात और दो दिन वाले पैकेज के कैटेगरी वन में एक व्यक्ति का शुल्क 20 हजार 400 रुपए, दो व्यक्तियों का 21 हजार 750 रुपए और चार व्यक्तियों का शुल्क 39 हजार 500 रुपए है। दूसरे कैटेगरी में एक व्यक्ति के लिए 18 हजार 200 रुपए, दो व्यक्तियों के लिए 19 हजार 550 रुपए और चार व्यक्तियों के लिए 35 हजार 100 रुपए है। तीसरे कैटेगरी में एक व्यक्ति का 16 हजार रुपए, दो व्यक्तियों का 17 हजार 300 रुपए और चार व्यक्तियों के लिए 30 हजार 650 रुपए है। बता दे कि कुछ दिन पहले ही बिहार राज्य पर्यटन निगम द्वारा एक नया नियम बनाया गया था। इस नियम के मुताबिक कोई श्रद्धालु अगर विदेश में रह रहे है। और वे अपने पितरों के पिंडदान करने नही आ सकते। उन श्रद्धालुओं के लिए बिहार राज्य पर्यटन निगम के तरफ से ई-पिंडदान की सुविधा भी दी गई थी। ई-पिंडदान के लिए 23 हजार रुपये का एक पैकेज बनाया गया था। जिसमें पिंडदान की सामग्री, पूजन सामग्री, ब्राह्मण का दक्षिणा और अन्य खर्च समाहित है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मंत्री श्याम रजक और जद यू के नव नियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमा चौधरी, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

फतुहा। रविवार को श्रद्धालुओं ने कृष्ण कन्हैया की छठी महोत्सव पर मंदिर प्रांगण को नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया। जहां पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम हुए। कल्याणपुर स्थित रामधन लाल ठाकुरबाड़ी में पुरोहित पंडित पंकज बाबा ने भगवान श्रीकृष्ण को गंगाजल से स्नान कराने के बाद सुंदर वस्त्र धारण कराए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए जयकारे लगाए। इसके बाद भगवान को भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु के चरणों में माथा टेककर भंडारे में निर्मित कढ़ी, चावल का प्रसाद ग्रहण किया। छठी महोत्सव में अरविंद पटवा, रंजना पटवा, कंचन देवी, बेबी देवी, संजू देवी, ललिया देवी, अर्पण देवी, अनुपमा देवी, प्रेमलता देवी, ललिता देवी, अनुजा, माही, अंकिता राज शामिल हुए। कीर्तन मंडली में उमेश जी, अशोक जी, व्यास जी, अमर सिंह, सोनू, कुमार, रेणु कुमार ने एक से बढ़कर एक भजन कीर्तन प्रस्तुत किया।

### दो दुकानों से हजारों की चोरी

फतुहा। बीते देर रात फतुहा चौराहा के पास दो दुकानों में चोरों ने हजारों रुपए की चोरी कर ली। पहली घटना स्टेशन रोड में हाईस्कूल के पास स्थित एक मिठाई दुकान में हुई, जहां चोरों ने वेंटिलेटर तोड़कर दुकान के अंदर रखे गल्ले से दस हजार रुपया की चोरी कर ली तथा गल्ले को दुकान के छत पर फेंक दिया। दुकानदार दीनानाथ प्रसाद को इस बात की जानकारी रविवार को सुबह हुई जब उसने अपनी दुकान खोली। वहीं दूसरी घटना पुरानी चौक बाजार में स्थित एक ऋषभ कुमार के किराना दुकान की है जहां चोरों ने दुकान का पल्ला उखाड़कर दुकान में रखे गल्ले से पांच हजार रुपए की चोरी कर ली। इस सन्दर्भ में दोनों दुकानदार ने पुलिस को सूचना दिए जाने की बात कही है।

### कामरेड राजाराम की पहली पुण्यतिथि मनायी गयी

फतुहा। स्थानीय गोविंदपुर स्थित विश्वबंधु पुस्तकालय परिसर में आईपीएफ के संस्थापक गोविंदपुर निवासी कामरेड राजाराम की रविवार को पहली पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर पुस्तकालय परिसर में विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भाकपा माले के कई दिग्गज नेता फतुहा पहुंचे तथा कामरेड राजाराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, खग्रामस के राष्ट्रीय महासचिव धीरेन्द्र झा, आरा के पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद, पूर्व विधायक मनोज मंजिल, विधान पार्षद शशि यादव, फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास, राज्य कमिटी के सदस्य कमलेश कुमार समेत कई दिग्गजों ने कामरेड राजाराम की श्रद्धांजलि सभा में शिरकत किया तथा एक स्वर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए सामंतवादी ताकतों से लड़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर कामरेड राजाराम की पत्नी संगीता देवी, बेटी नेहा कुमारी के साथ साथ प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव व राज्य भर से आए भाकपा माले के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बिहार बटालियन का 45 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत। बिहार रेजीमेंट सेंटर में 15 बिहार बटालियन का 45 वाँ स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। 1980 में आज ही के दिन 1 सितंबर को लेफ्टिनेंट कर्नल दयानंद मलिक के नेतृत्व में 15 बिहार बटालियन की स्थापना दानापुर कैंट में की गई थी। स्थापना दिवस पर बिहार रेजीमेंट केंद्र के वीर स्मृति स्थल पर बटालियन के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर जवानों को याद किया गया। 15 बिहार बटालियन के कैप्टन आर एस बुचे ने 24 फरवरी 1982 को दानापुर में तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल के वी कृष्ण राव, पीवीएसएम से ध्वज प्राप्त किया था। स्थापना से लेकर अब तक बटालियन ने युद्ध व शांति काल में कई उल्लेखनीय कार्य किये है और देश की सुरक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बटालियन को वर्ष 2017 और 2023 में उत्तरी कमान और मध्य कमान के सेना कमांडरों की ओर से यूनिट प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया गया है। 1989 में बटालियन बीकानेर आई तथा आपरेशन रक्षक में भाग लिया। अनेक मौकों पर इस बटालियन के वीर बिहारी सैनिकों ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए हैं तथा अपने प्रदर्शन को लगातार उच्च रखा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बिहार रेजीमेंट केंद्र के लेफ्टिनेंट कर्नल जे एस संधू व सूबेदार मेजर नवीन कुमार समेत सभी रैंकों ने हिस्सा लिया।

# मंकी पॉक्स को लेकर एडवाइजरी जारी

## राज्य सर्वेक्षण पदाधिकारी, आईडीएसपी ने जारी की एडवाइजरी

- पटना एवं गया के सिविल सर्जन सहित अधीक्षक आईडीएच, एनएमसीएच एवं एएनएमएमसीएच को जारी किया पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

पटना- राज्य में मंकी पॉक्स से संबंधित एडवाइजरी जारी की गयी है। राज्य सर्वेक्षण पदाधिकारी, आईडीएसपी, डॉ. रणजीत कुमार ने पटना एवं गया के सिविल सर्जन के साथ आईडीएच, एनएमसीएच एवं अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक को पत्र जारी मंकी पॉक्स के प्रसार एवं इससे बचाव की जानकारी देते हुए पत्र जारी किया है।

क्या है मंकी पॉक्सः

मंकी पॉक्स के मुख्य लक्षण शरीर पर रैश, बुखार एवं लसिका तंत्रिकाओं में सूजन होता है. इसका संक्रमण संक्रमित जानवरों के काटने/नोचने, शरीर के तरल पदार्थ, घाव सामग्री एवं जंगल में पके मांस के सीधे अथवा परोक्ष संपर्क में आने से होता है. संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आये व्यक्ति को यह बीमारी ड्रॉपलेट, त्वचा से त्वचा का संपर्क, मूंह से मूंह के मिलने से एवं मूंह का त्वचा के संपर्क में आने से होता है. मंकी पॉक्स के उपचार में लक्षणों का नियंत्रण, जटिलताओं का प्रबंधन और दीर्घकालिक सीक्वल की रोकथाम शामिल है. यह बीमारी मुख्यतः अफ्रीका में पायी गयी है और इसके कुछ केस स्वीडन एवं पाकिस्तान से भी रिपोर्ट किये गए हैं। एडवाइजरी में बताया गया है कि मंकी पॉक्स एक वायरल जोनोटिक बीमारी है जिसे मुख्यतः मध्य एवं पश्चिमी अफ्रीका से रिपोर्ट किया गया है. अब इसके बाहर के देशों की भी खबरें आ रही हैं. मार्च 2024 में केरल से भी इसके एक केस की सूचना मिली है। 14 अगस्त 2024 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मंकी पॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया गया है।

मंकी पॉक्स से बचावः

मंकी पॉक्स की एडवाइजरी में बताया गया है कि मंकी पॉक्स से प्रभावित जगहों पर यात्रा करने वाले लोग को संक्रमित व्यक्ति एवं जानवर के संपर्क में आने से बचना चाहिए एवं ग्लव्स, मास्क आदि का उपयोग करना चाहिए. बीमार लोगों की देखभाल अथवा जानवरों को सँभालने के बाद नियमित हाथ धोना, बाहर से लाये हुए खाद्य सामग्री को अच्छी तरह पकाना एवं किसी भी संदिग्ध संक्रमित को तुरंत चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए।

प्रसार को रोकने के लिए इंतजामः

एडवाइजरी में निर्देशित है कि विदेशी यात्रियों की पिछले 21 दिनों की ट्रेवल हिस्ट्री सेल्फ डेकलरएशन फॉर्म में दर्ज की जाये. पटना एवं गया एअरपोर्ट पर हेल्प देश की स्थापना तथा पटना में गाय घाट से आनेवाले विदेशी यात्रियों की अंतर्देर्शीय नेविगेशन प्राधिकरण द्वारा निगरानी सुनिश्चित की जाये. आईडीएच पटना, एनएमसीएच पटना एवं एएनएमएमसीएच गया में आइसोलेशन वार्ड बनाया जाये जिसमे पांच बेड संदिग्ध एवं पांच बेड कनफर्म्ड मरीज के लिए चिन्हित किया जाये. एडवाइजरी में आगे बताया गया है कि उक्त अस्पतालों के विभागाध्यक्ष, त्वचा एवं यौन रोग को मंकी पॉक्स के निरिक्षण के लिए नोडल अधिकारी नमित किया जाये एवं संक्रमण की रोकथाम के लिए समुचित प्रबंधन अस्पताल एवं आइसोलेशन वार्ड में किया जाये. रेफरल केसेस के लिए एंबुलेंस सुविधा प्रदान की जाये. संदिग्ध मरीजों का सैंपल राज्य आईडीएसपी सेल को सूचित करने के उपरांत एम्स नयी दिल्ली एवं आईसीएमआर कोलकाता को भेजा जाये. एअरपोर्ट, अंतर्देर्शीय घाटों एवं अस्पतालों में मंकी पॉक्स से संबंधित आईईसी सामग्री प्रदर्शित की जाये।

# बिहटा आवासीय स्कूल की प्राचार्या को विस अध्यक्ष ने किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

बिहटा । नई दिशा परिवार के तत्वावधान में शिक्षक दिवस को लेकर जिले के बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में रविवार को देश का भविष्य और शिक्षक सेमिनार सह सम्मान समारोह 2024 में बिहटा आवासीय विद्यालय की प्राचार्या सोनी सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षण व शैक्षिक प्रशासन में उनके दो दशक से ज्यादा अनुभव और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। विदित हो कि उनके विद्यालय के माध्यम से विगत 15 वर्षों से वंचित बच्चों को मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा रहा है` मौके पर आयोजित समारोह में बिहार विधान सभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव व पटना विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ के सी सिन्हा समेत कई अन्य हस्तियों ने प्राचार्या सोनी सिंह को सामुहिक रूप से मोमेंटो व सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया` वहीं प्राचार्या ने इसे सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के कठिन मेहनत का परिणाम बताते हुए अतिथियों समेत नई दिशा परिवार के सदस्यों के प्रति आभार जताया` प्राचार्या सोनी को सम्मानित किये जाने पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा, वहीं कई शिक्षाविदों व शुभचिंतकों ने प्राचार्या सोनी को बधाई दी है।

# हथियार सप्लाई कराने वाला अविनाश सहित दो नाबालिग गिरफ्तार

## 2 पिस्टल, 7 गोली, 4 मैगजीन, 3 मोबाइल व बाइक जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मालसलामी थाना की पुलिस को वाहन जांच के दौरान बड़ी उपलब्धि मिल गई। दरअसल नाबालिगों के द्वारा हथियार की तस्करी कराया जा रहा था। आर्म्स को एक जगह से दूसरे स्थान पर भेजे जाने में नाबालिगों की मदद ली जा रही है। ऐसे में पकड़े जाने पर नाबालिग को जल्दी छूटने का मौका मिल जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों के आदेश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मानसलामी थाना क्षेत्र के मथनी तल भमारी के पास दो लड़का मोटरसाइकिल से करमलीचक की ओर से आ रहा था। पुलिस बल की सक्रियता को देखकर दोनों मोटरसाइकिल रोक कर भागने का प्रयास किया। जैसे ही उन दोनों पर पुलिस बल की नजर गई कि पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। जब दोनों की तलाशी ली गई, तो दोनों विधि विरुद्ध बालकों के पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन और दो गोली मिला। दोनों को थाना लाया गया। मोटरसाइकिल, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01डीजेड 1111 लिखा था, को भी जब्त कर लिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने हथियार उपलब्ध कराने वाले सप्लायर का नाम और पता बताया। इसके बाद पुलिस की टीम इसी थाना क्षेत्र के नखास पिंड का रहने वाला करीब 30 साल का अविनाश कुमार उर्फ मुरारी पिता सुभाष महतो को गिरफ्तार किया। उसके पास से भी एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और पांच गोली बरामद किया गया। इस संबंध में मालसलामी थाना में 31 अगस्त को कांड 413/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पुलिस ने तीन मोबाइल भी जब्त किया है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, एसआई अखिलेश कुमार, परि एसआई सुमित कुमार, अमित कुमार, एएसआई संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, संजीत कुमार, संतोष कुमार यादव, संतोष कुमार और दीपक कुमार शामिल थे।

# मोबाइल से तीन लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

दानापुर नगर के खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस मोबाइल को भी जप्त कर लिया। जिससे रंगदारी मांगी गयी थी। पकड़ा गया युवक की पहचान मनेर के लोदीपुर निवासी राघवेन्द्र कुमार पांडेय के रूप में किया गया। पुलिस ने पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शनिवार को डा शंभू शरण सिंह के द्वारा थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन में जुटी। पुलिस ने क्लीनिक के सीसीटीवी फूटेज की जांच में जुटी। जिसमें पुलिस को एक युवक दिखा जो करीब 11 बजे कंपाउडर का मोबाइल चोरी करते दिखा। जिसकी पहचान करते हुए पुलिस से लोकेशन के आधार पर छानबीन करते हुए मनेर के लोदीपुर निवासी राघवेन्द्र कुमार पांडये को धड़ दबोचा। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि राघवेन्द्र क्लीनिक में पॉली बैंग में कुछ दवा लेकर देने आया था। उसने दवा दी और चिकित्सक का नंबर ले लिया। इसी क्रम में उसने कपांउडर की मोबाइल चोरी कर ली। करीब सवा तीन बजे मोबाइल से डाक्टर का नंबर पर फोन किया। छानबीन के बाद मनेर के लोदीपुर से शख्स को गिरफ्तार किया गया।

# श्री राधा कृष्णा प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ राजपुर मंदिर में श्री कृष्ण छठी उत्सव मना

प्रात : किरण संवाददाता



फतुहा। स्थानीय राजपुर में रविवार को श्री राधा कृष्णा प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ राजपुर मंदिर में आचार्य महंत श्री सुरेश चंद्र शास्त्री जी के पावन सानिध्य में भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव मनाया गया। बाल रूप की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे कबीरपंथी मठ के संरक्षक महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज जी ने मनोगत व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीजन्माष्टमी के छह दिनों के बाद भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव मनाया जाता है। हिंदू धर्म में जन्माष्टमी की तरह लड्डू गोपाल की छठी का बहुत महत्व है। साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व के छह दिन बाद श्रीकृष्ण छठी मनाई जाती है। हिंदू धर्म में जब किसी बच्चे का जन्म होता है तो उसके छह दिन बाद षष्ठी शुद्धि का संस्कार किया जाता है। जिसे आमतौर पर छठी मनाना कहा जाता है। उसी प्रकार जन्माष्टमी के बाद कान्हा जी की छठी मनाई जाती है। जिसमें लड्डू गोपाल की पूजा व्रत किया जाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे समाज सेवी पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सायण कुणाल ने कहा कि श्री राधा कृष्णा प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ पटना बिहार का ऐतिहासिक स्थान और गुरुजनों का सिद्धपीठ स्थान है। आज भगवान श्री कृष्ण के छठी के अवसर पर शीश नवकार धन्य हो गया हूं। इस परमहंस पीठ के विकास के लिए में सहृदय सहयोग करुंगा। इस अवसर पर श्री राधा कृष्णा प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ के मंहत श्री सुरेश चंद्र शास्त्री जी ने परमहंस पीठ का ऐतिहासिक महत्व समझाते हुए कहा कि गोटा पारायण महायज्ञ एक दिवसीय भंडारा का आयोजन किया गया। वर्तमान में यहां महामती प्राणनाथ विद्यापीठ संचालित किया जाता है जिसमें सभी संप्रदाय की के बच्चों को निशुल्क भोजन व्यवस्था के सहित शिक्षा योग प्राणायाम सामान्य ज्ञान की शिक्षा दी जाती है। समाजसेवी सायन कुणाल के द्वारा सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यास समिति के सदस्य सुरेंद्र राय, बैजू राय महिला मंडल के अध्यक्ष इंदु प्रणामी, तारा प्रणामी, कबीर पंथी संत श्री अशोक दास जी, कथावाचक युवाचार्य संत श्री विवेक मुनि जी महाराज शताब्दिक श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर अभी तक पाठ का भी आयोजन किया गया।

# बिहार सिख फेडरेशन का गठन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सिख फेडरेशन का गठन किया गया। संस्थापक त्रिलोक सिंह निषाद ने कहा कि राज्यस्तरीय संस्था का गठन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य बिहार के सिखों का सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और आर्थिक उन्नति, प्रगति और विकास का होगा। बिहार में रहने वाले सिखों को अल्पसंख्यक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करेगा। गरीब सिख परिवार के बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में भी सहयोग करेगा, जो हमारे सिख परिवार के बच्चे सिख सिद्धांत से दूर हो रहा हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। गुरबाणी का प्रचार प्रसार एवं गुरु इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। बिहार सिख फेडरेशन के सफलता के लिए गुरुद्वारा कंगन घाट में भाई अविनाश सिंह ग्रंथी से अरदास कराई गई। इसमें फेडरेशन के सभी पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। फेडरेशन के सरदार दिलीप सिंह पटेल अध्यक्ष, शेर सिंह उपाध्यक्ष, सूरज सिंह महासचिव, चंद्रशेखर सिंह सचिव, रणजीत सिंह कोषाध्यक्ष, भोला सिंह सहायक कोषाध्यक्ष, भाई दिलीप सिंह रागी पटना जिला अध्यक्ष, हरदेव सिंह बाजवा, विजय सिंह, मुकुल आनंद सिंह, भाई अविनाश सिंह ग्रंथी, भाई खुशविंदर सिंह रागी, मदन प्रसाद सिंह, भाई धुरी सिंह एवं हरजीत कौर को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। संस्थापक त्रिलोक सिंह निषाद और अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# पटना फ्रूट्स मर्चेंट एसो. के महासचिव भुट्टो खान अमरोहा में सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना फ्रूट्स मर्चेंट एसोसिएसन के महासचिव तथा फल के व्यापारी मो साबिर अली उर्फ भुट्टो खान को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिला के कसबा बछरायु में ट्रांसपोर्टर और बाग मालिकों द्वारा पगड़ी, साफा और चादर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमपी रोड लायंस ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर जावेद मलिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पटना के व्यापारी की प्रशंसा की। जावेद मलिक, जिन्होंने अच्छा प्रोग्राम आयोजित कर सहयोग किया। भुट्टो खान ने बछरायूं के व्यापारियों और बाग मालिकों को पगड़ी, साफा, चादर और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कुछ नामचीन हस्तियों में डॉ आफताब, चेयरमैन सबाहत हुसैन, हाजी अफजल, व्यापारियों में मो नौशाद आलम, मो ताहिर, मो माहिर, इरफान चाचा, मो सलीम, मो शादाब, लताफत, मो नासिर मुफीद, शमशाद सेठ, डॉ आफताब ने पटना के जनाब आमिर अली साहेब को साफा और पगड़ी बांधकर उनको सम्मानित किया। शबाहत हुसैन साहेब ने एमपी रोड लाइंस के मालिक जावेद मलिक को सम्मानित किया और पटना के भुट्टो खान को डॉ आफताब साहब चेयरमैन सबाहत हुसैन ने बछरायूं के बड़े व्यापारी हाजी बबलू साहेब और ट्रांसपोर्टर जावेद साहब ने माला और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

एमपी रोड लाइंस मलिक ने व्यापारियों को हरसंभव बुरे वक्त में मदद करने के लिए खडे.रहने की बात कही और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसी तरह से आपको हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। बाग मलिक ट्रांसपोर्टर और पटना के व्यापारियों ने उन्हें दिलासा दिलाया और जहां भी जरूरत पड़ने पर हम आप सबों के साथ खड़े रहेंगे।

# तेजस्वी यादव का धरना-प्रदर्शन सिर्फ सियासी नौटंकी : प्रभाकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने देश में जातीय जनगणना करवाने, बिहार में आरक्षण के दायरे को 65 प्रतिशत करने तथा संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर राजद के धरना-प्रदर्शन को सियासी नौटंकी बताया। साथ ही कहा कि यह सिर्फ ढकोसला है। श्री मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता है।

वे चाहे धरना दें या अनशन करें, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। यह सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने का उनका उपक्रम है। इस बात को बिहार की जनता भी जानती है। यही कारण है कि राजद के धरना-प्रदर्शन से आमलोगों ने दूरी बना रखी है। जनता के जेहन में सवाल है कि अगर जातीय जनगणना इतनी जरूरी थी, तब लालू प्रसाद ने यूपीए की सरकार में क्यों नहीं करवायी।

यह सिर्फ अपनी राजनीति को जिंदा रखने की कसरत है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद के नेताओं को यह भी नहीं मालूम कि धरना-प्रदर्शन किन विषयों पर किया जाता है। कोर्ट के फैसले के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करना, क्या न्यायालय का अवमानना नहीं है? श्री मिश्र ने कहा कि राजद की सियासी ड्रामेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। ऐसी ड्रामेबाजी वाली कसरत से राजद की सेहत नहीं सुधरने वाली। यह तय है कि 2025 विधानसभा चुनाव में राजद और उसके सहयोगी दल चारों खाने चित होंगे। महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा।

# दो अपराधियों को देसी पिस्तौल व बाइक के साथ किया गिरफ्तार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान दो लोगों को जल्ला हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि शनिवार की शाम वे गश्ती पर थे। इसी दौरान जल्ला महावीर मंदिर के पास एक मोटरसाइकिल पर दो सवार युवा पुलिस को देखकर भागने लगा। अपराधियों का संदेह के आधार पर दल-बल के सहयोग से पीछा कर महावीर मंदिर से करीब 300 मीटर पूरब नाला के निकट घेर कर पकड़ लिया गया। जब दोनों की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो मोबाइल और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। दोनों से पूछताछ की गई। इस संबंध में थाना में कांड संख्या 400/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों का अआपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पकड़े गए दोनों अपराधी किसी अपराध की योजना में बाइपास थाना क्षेत्र में घूम रहे थे। अपराध करने के पहले ही पुलिस के द्वारा हथियार के साथ गिरफ्तार कर उसके मंसूबे को विफल कर दिया गया। गिरफ्तार लोगों में दीदारगंज थाना क्षेत्र के बंका घाट के गुलमहिया बाग का रहने वाला शुभ शेखर पिता सुरेश प्रसाद और फतुहा थाना क्षेत्र के सुकुलपुर का रहने वाला अमित कुमार पिता अवधेश प्रसाद है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा, एसआई अजय प्रसाद, पीटीसी धर्मेन्द्र यादव, और बाइपास थाना का रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# गणेश महोत्सव में पौधा दे पर्यावरण संरक्षण का दिलाया जाएगा संकल्प



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने और संचालन संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने किया। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने महोत्सव से जुड़ी विस्तृत जानकारी लोगों को दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधा भी प्रसाद स्वरूप वितरण किए जाने की बात कही। बैठक में पूजा को लेकर अनेक निर्णय भी लिए गए। इसमें युवा पीढ़ी खासकर छात्र-छात्राओं को भी इससे जोड़ने की बात कही गई। गणेश पूजा स्थल पर ही आठ सितंबर को स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। नौ को छात्र-छात्राओं का पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी पंडाल स्थल पर किया जाएगा। इस दौरान तीन दिन आठ से 10 सितंबर तक सायं में गणेश पुराण की कथा कही जाएगी। 11 को प्रतिमा का विसर्जन अपराह्न में किया जाएगा। बैठक में राजेश्वर राय, गौरव अग्रवाल, अनंत अरोड़ा, अरुण कुमार मिश्रा, अनिल जेतली, पप्पू मोदी, मनीष कुमार, धीरज कुमार, आकाश वर्मा, डॉ विनोद कुमार अवस्थी, उषा सिंह, संजय मालाकार, संजय अलबेला, सुनीता गुप्ता, अंकित कुमार, प्रियंका राय, गीता कुमारी, डॉ विकास कुमार गुप्ता, भोला महेशका, संजय केशरी, जय कृष्ण चंद्रवंशी, मोहित कुमार मौड़ीवाल, ज्ञान प्रकाश मालाकार, अंशु कुमार, विकास चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# जगदेव बाबू के शहादत दिवस में शामिल होने को बुलाया: आलोक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान पटना साहिब के चैनपुरा कुशवाहा बैठका में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 50वीं शहादत दिवस प्रदेश कार्यालय बीरचंद पटेल पथ में मनाया जाना है। इसकी तैयारी को लेकर बैठक मनोहर लाल मेहता की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक आलोक मेहता ने कहा कि जगदेव बाबू के सपनों को सकार करने के लिए 90 प्रतिशत लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने पांच सितंबर को जगदेव बाबू का शहादत दिवस पर सबों को आमंत्रित किया। बैठक को विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नवमी सूची में शामिल कर लागू करने का काम करे और भारत में जातीय जनगणना करा कर गरीब, दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग के 90 प्रतिशत लोगों को हक देने का काम करे। बैठक में प्रमुख नेता पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भाई वीरेंद्र कुशवाहा, मधु मजंरी, प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, डॉ इकबाल अहमद, पूर्व पार्षद शिव मेहता, सुमन सौरभ, राजेश खन्ना, अजीत कुमार गुड्डू, मनोज कांत, अजीत कुशवाहा, संतोष मेहता, अमन कुमार मेहता, रतन यादव, शिवनारायण मेहता, छोटू राम, अलख मेहता, श्रवण मेहता, पंकज मेहता आदि उपस्थित थे।

# न्यायपूर्ण विकास करना डबल इंजन सरकार की कार्यशैली : विजय

## दौरे की नहीं, प्रदेश के पर्यटन की योजना बनाने में जुटे तेजस्वी : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एक बार फिर सुनने में आ रहा है कि राजद के युवराज प्रदेश के पर्यटन पर निकलने वाले हैं। पिछले दिनों उनके कई दौरों की योजना बनी और बिगड़ी पर चुनाव प्रचार से इतर आज तक उनका एक भी दौरा हो नहीं पाया। शायद वे एक सधे हुए पर्यटक की तरह अनुकूल मौसम की राह देख रहे हैं। चाहे तेजस्वी यादव हों या राहुल गांधी हों ये लोग परिवारवाद की राजनीति की देन हैं इसलिए जनता से जुड़ना इनके लिए अहमियत ही नहीं रखता। जबकि क्रमशः राज्य और केंद्र के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते इनके पास लोगों से सीधे जुड़ने के ज्यादा अवसर भी हैं। लेकिन ह्यट्विटर एक्टिविसज्मह्व करके ये लोग अपने अपने जनसरोकारों का इतिश्री मान लेते हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी आज की पीढ़ी के होने के बावजूद अपने पिता की तरह ही विद्वेष की राजनीति को बढ़ावा देने में जुटे हैं। उनके गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस या वामपंथी पार्टियां भी इनके ह्यस्लीपिंग पार्टनरह्व बनकर उसे हवा दे रहे हैं। खुलेआम जाति और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इन लोगों को बीच-बीच में सबको साथ लेकर चलने का सपना आता है। लेकिन बिहार की जनता कतई नहीं भूली कि जिनके राज में जाति और धर्म पूछकर गाली और गोली का विकल्प दिया जाता था वो लोग बिहार की जनता की सुध क्या लेंगे ? श्री सिन्हा ने कहा कि जिनके शासन काल में कश्मीर के आतंकी हमलों से ज्यादा लोगों का जाति के आधार पर नरसंहार हुआ वो सबके कल्याण की बात करे, यह बात किसी के गले नहीं उतरती। हम सभी को याद रखना चाहिए जिसकी सोच ही विभाजन और विध्वंस को बढ़ावा देने की हो उससे किसी भला हो नहीं सकता। जो लोग सत्ता के केंद्र सिर्फ अपने और अपने परिवार को रखना चाहते हैं। जिनकी राजनीति का आधार रक्तनीति का हो वह अपने फायदे के लिए दूसरों के साथ केवल छल ही कर सकता है। जब 1997 और 2015 में मौका मिला तो श्रीमान लालू प्रसाद ने परिवार के बाहर के किसी दूसरे व्यक्ति को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया। उनको कौन याद आया, पहले पत्न ी फिर बेटा। इसलिए उनके दल का सामाजिक न्याय एक परिवार से शुरू होकर एक परिवार तक ही सिमट कर रह गया है।

श्री सिन्हा ने कहा कि दूसरी ओर प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार हो या मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार हो। दोनों सरकारों ने समाज के हर वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को पहुंचाने का काम किया है। हमने हमेशा संविधान की मूल आत्मा के अनुरूप सामाजिक और आर्थिक न्याय को समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का सफल प्रयास किया है। इसलिए सबको साथ लेकर सबका न्यायपूर्ण विकास हमारे लिए केवल चुनावी नारा नहीं बल्कि हमारी कार्यशैली रही है। इसलिए हर बार बिहार की जनता ने एनडीए को गले लगाया है।

# राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने थामा जदयू का दामन

## श्याम रजक ने वंचित वर्ग के हित में अपनी आवाज को बुलंद किया : संजय

- नीतीश कुमार ने समाजवादी संस्कार को सुरक्षित किया: उमेश
- नीतीश कुमार के विकासवादी सोच को मंजिल तक पहुंचाना है : श्याम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



रविवार को प्रदेश कार्यालय पटना में आयोजित मिलन समारोह में राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर संजय कुमार झा ने कहा कि श्याम रजक जमीन से जुड़े हुए नेता रहे है और उन्होंने हमेशा समाज के शोषित और वंचित वर्ग के हित में अपनी आवाज को बुलंद किया है। आज पूरे देश में दलितों में उप-वर्गीकरण की चर्चा हो रही है लेकिन इसकी शुरूआत सबसे पहले बिहार से हुई थी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महादलित समाज के उत्थान के लिए निरंतर काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू ने हमेशा समाजवादी संस्कार और विचार को सुरक्षित करने का काम किया है। श्री श्याम रजक के पुनः जदयू में आने से हमारी पार्टी की मुहिम को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने घरवापसी का जो समय चुना वो बड़ा महत्वपूर्ण है, 2025 का चुनाव हमारे सामने है और हमें बड़ी लड़ाई लड़नी है। समाज को बांटने और बरगलाने वाली विकास विरोधी ताकतों को हमें पटखनी देनी है और जदयू को एक बार फिर बिहार की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित करना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गांधी, जेपी, लोहिया, बाबासाहेब अंबेडकर और जननायक कपूरी ठाकुर के सपनों को हमारे नेता ने बिहार में आकार देने का काम किया है। न्याय के साथ विकास की इन्होंने इतनी बड़ी लकीर खींच दी है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कोई दूसरा मुख्यमंत्री इनके आसपास भी नहीं दिखता है। श्री श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमाम महापुरुषों के सपनों को धरातल पर उतारने का काम किया है और विगत 19 वर्षों के शासन में उन्होंने प्रदेश की तस्वीर बदली है। हमें एकजुट होकर नीतीश कुमार के विकासवादी सोच को मंजिल तक पहुंचाना है और राज्य के गरीब-गुरबों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद का समाजवाद अब भ्रष्टाचार और परिवारवाद में तब्दील हो चुका है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सुपौल की जिला परिषद पूनम कुमारी, राजद के प्रदेश महासचिव मेजर राज कुमार रजक, पूर्व पार्षद अजय कुमार रजक, मो फैयज अहमद, जितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला परिषद इंदु देवी, सुरेन्द्र नाथ चैधरी, श्याम सुंदरदास, रंजीत कुमार, श्रवण कुमार, रजत रंजन, जनाब असगर अली, अजय कुमार रजक, जनाब गुड्डु खान, सोहन कुमार सिंह, सचिन यादव, जनाब मंजूर अली, सुमन ठाकुर, टुनटुन यादव, दीपू उपाध्याय, राजीव रंजन, सहित सैकड़ों लोग थे। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री विजय कुमार चौधरी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, मंत्री रत्नेश सदा, मंत्री सुनील कुमार, मंत्री जनाब जमा खान, विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद सह पार्टी के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री डॉ रंजू गीता, पार्टी के प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा, रणविजय कुमार, प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, नवीन आर्या चंद्रवंशी, अरविन्द निषाद, पटना के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पटना महानगर के अध्यक्ष जनाब आसिफ कमाल, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जनाब अफजल अब्बास, श्री राहुल खण्डेलवाल एवं पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# 10 सितंबर से आभार यात्रा पर निकलेंगे तेजस्वी

- आभार कार्यक्रम का जगदानंद सिंह ने जारी की सूची

पटना। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा पहले चरण के विभिन्न जिलों में जिलों में आयोजित कार्यकर्ता आभार यात्रा कार्यक्रम के संबंध कहा कि इस कार्यक्रम में प्रखंड स्तर के कार्यकताओं से संगठन के मजबूती पार्टी और संगठन का विस्तार विचारधारा के प्रचार प्रसार से संबंधित संवाद स्थापित कर सकारात्मक सुझाव लिए जाएंगे। कार्यकर्ता संवाद में बाहर के जिला के कोई भी नेताओं कार्यकर्ता शामिल नहीं होंगे जहां पर कार्यक्रम होगा और जिनके संबंध में सूचना दी जा रही है वही उसे कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के हस्ताक्षर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के कार्यक्रम की सूचना सभी जिलों में कार्यक्रम भेज दी गई है और इसी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष का कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम चलेगा । एजाज अहमद ने इस संबंध में बताया कि 10सितंबर को समस्तीपुर (उजियारपुर संगठन जिला ) का कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम टाउन हॉल समस्तीपुर में होगा। जिसमें मोरवा ,सराय रंजन ,मोहिद्दीन नगर ,उजियारपुर और विभूतिपुर विधानसभा के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। रात्रि विश्राम समस्तीपुर परिषदन में होगा ।11 सितंबर को समस्तीपुर टाउन हॉल में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम होगा जिसमें समस्तीपुर ,रोसडा, कल्याणपुर ,वारिसनगर और हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। रात्रि विश्राम दरभंगा मे होगा। 12 सितंबर दरभंगा प्रेक्षा गृह लहरिया सराय में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें बहादुरपुर ,दरभंगा, हायाघाट ,केवटी ,जाले विधानसभा के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। रात्रि विश्राम परिषदन दरभंगा। 13 2024 दरभंगा प्रेक्षा गृह लहरिया सराय, जिसमें दरभंगा ग्रामीण ,गोराबोराम ,बेनीपुर, अलीनगर, कुशेश्वर स्थान के विधानसभा क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम मधुबनी परिषदन में होगा ।14 सितंबर को मधुबनी स्थल एच आर पैलेस सबथा ,मधुबनी जिसमें मधुबनी, राजनगर, बेनीपट्टी ,बिस्फी, हरलाखी के नेता और कार्यकर्ता कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम मधुबनी परिसदन। 15 सितंबर को मधुबनी (झंझारपुर संगठन जिला ) एच आर पैलेस सबथा, मधुबनी जिसमें लौकहा,फुलपरास, झंझारपुर, बाबू बडही, खजौली विधानसभा के नेता और कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर परिषदन।16 सितंबर को मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ता संवाद मुजफ्फरपुर स्थल ऑडिटोरियम में कार्यकर्ता संवादकार्यक्रम होगा। जिसमें गायघाट, औराई, मीनापुर ,बोचहा,सकरा ,कुढनी विधानसभा क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर परिषदन। 17 सितंबरको मुजफ्फरपुर जुब्बा साहनी औडॉटरियम मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें मुजफ्फरपुर ,कांटी, बरूराज, पारू और साहिबगंज के नेता और कार्यकर्ता कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि में वापसी पटना और रात्रि विश्राम 10 सर्कुलर रोड पटना। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पहले चरण के कार्यक्रम की विधिवत घोषणा की जाती हैऔर आगे का जो कार्यक्रम बनेगा उसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

## राजद का धरना-प्रदर्शन सिर्फ सियासी ड्रामा : भीम

पटना। भाजपा के राज्सभा सांसद सह चन्द्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भीम सिंह ने पटना समेत अन्य जिलों में राजद की ओर से दिए गए धरना-प्रदर्शन को सियासी ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि आरक्षण और क्रीमी लेयर के नाम पर राजद के लोग जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन जनता अब उसके झांसे में नहीं आने वाली है। डॉ भीम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते देश में आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री ने खुद कई बार कह चुके हैं। इतना ही नहीं, केंद्र की मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट के उस मंतव्य को भी ठुकरा चुका है, जिसमें एससी एसटी आरक्षण कोटे में क्रीमी लेयर का प्रावधान करने की बात कही गयी थी। केंद्र सरकार ने साफ कह दिया कि एससी व एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से आरक्षण के पक्ष में मुस्तैदी से खड़ी रही है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के तहत निकाली गयी बहाली को वापस भी ले लिया। उन्होंने साफ लब्जों में कहा कि जनता ने पिछले दिनों ही इंडी गठबंधन समर्थित भारत बंद को ठुकरा दिया था। इसके बाद अब राष्ट्रीय जनता दल का धरना-प्रदर्शन के नाम पर यह नया सियासी ड्रामा है। भाजपा सांसद ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में काफी दम-खम के साथ सरकार चल रही है। दोनों सरकारें गरीबों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, एससी-एसटी के हित में लगातार काम कर रही हैं। राजद के इस सियासी ड्रामे को जनता अच्छे से समझ चुकी है। 2025 के विधानसभा चुनाव में इस बार राजद जीरो पर आउट होगी।

# देश भर में जातिगत कराने की मांग को लेकर राजद का धरना

## आरक्षण को खत्म करने की हो रही साजिश : तेजस्वी

बोलें- एकजुट होकर भाजपा जदयू के साजिश करेंगे नाकाम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश भर में जातिगत जनगणना कराने एवं महागठबंधन सरकार द्वारा बढ़ाई गई 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर एवं उक्त मांगों के प्रति केन्द्र की एनडीए सरकार के नकारात्मक रवैए के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में पटना जिला इकाई के द्वारा विशाल धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए कटिब्द्ध है और यह मुद्दा जन-जन से जुडा हुआ है। जब बिहार में महागठबंधन सरकार थी तो हमने जातिगत गणना करवाया और जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी तय करते हुए 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को लागू किया और इसे कहीं चैलेंज नहीं किया जा सके इसके लिए बिहार सरकार के कैबिनेट ने केन्द्र के पास आरक्षण व्यवस्था को मजबूत रखने की द्दष्टिगत 9वीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजा। लेकिन केन्द्र सरकार ने इसपर चुप्पी साध ली।

भाजपा के लोग नहीं चाहते है कि अंतिम पैदान पर खड़े लोगों को उसका अधिकार मिले ये पीढ़ी दर पीढ़ी वैसी ही स्थिति में देखना चाहते है और चन्द लोगों के बिच सत्ता की मलाई का मजा ले रहें है जिसमें जनता दल यू के नेता भी शामिल है। जबकि विरासत के हमारे नेताओं और महापुरूषों ने इस तरह के अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाया। आज भी दलित समाज का बेटा घोड़ी पर नहीं बैठ सकता और मंदिर में पुजा नहीं कर सकता है। जब भी जातिगत जनगणना की बात कि जाती है। तब कहीं न कहीं गिनती को ये लोग समाज बाटने वाली बात कहते है। तेजस्वी ने आगे कहा कि बिहार के सभी लोग एक जूट हो जाईए क्योंकि ये लोग आरक्षण को समाप्त करने के लिए संविधान की व्यवस्था को खत्म करना चाहते है।

इसी कारण लगातार भाजपा के द्वारा संविधान पर हमला किया जाता है। भाजपा ने जातिगत जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण को रोकने की द्दष्टिगत जो साजिश की है उसके लिए भाजपा के साथ-साथ जनता दल यू और एनडीए के अन्य सभी दल बराबर के दोषी है। जिसको जितना गाली देना हो दे ले लेकिन तेजस्वी आरक्षण और गरीबों की लड़ाई में पिछे नहीं रहेगा। आगे कहा कि हम चाहते है कि हरेक नौजवानों का भविष्य बेहतर हो हर के हाथ में काम मिले आपने देखा कि तेजस्वी के हटते ही एक भी नौकरी नहीं दिया गया। कहा कि सच्चाई की जीत होगी और हम गरीबों शोषितो, वंचितों को उनका अधिकार दिला कर रहेगें। तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से इनकार कर दियाजबकि बिहार की बड़ी भूमिका है। आगे कहा कि वक्फ संशोधन विधयेक लाकर केन्द्र सरकार मुसलमानों के खिलाफ साजिश कर रहीं है और इस मामले पर मुख्यमंत्री की चुप्पी से यह स्पष्ट होता है कि वह किस तरह से भाजपा की राजनीति को मजबूती प्रदान कर रहें। पटना जिला इकाई के द्वारा पटना जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव के अध्यक्षता में बिहार राजद राज्य कार्यालय के समीप विशाल धरना दिया गया है। इस धरना को प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुबारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, भोला यादव, बिन्नू यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राज्य सभा सांसद संजय यादव, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीस कुमार, अशोक कुमार सिंह, अनील सहनी, विनोद श्रीवास्तव, सहित पटना जिला के जिला पदाधिकारी प्रखण्ड अध्यक्ष के अलावा हजारों की संख्या में धरना में लोग शामिल थे।

# राजद के एकदिवसीय धरना को प्रदेश की जनता ने नकार दिया: उमेश

## राजद ने 15 वर्षों के शासन में कभी दलितों, पिछड़ों की नहीं की चिंता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि राजद के एकदिवसीय धरना को प्रदेश की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया। ज्यादातर जिलों में राजद के अपने कार्यकताओं ने भी धरना-प्रदर्शन से दूरी बनाए रखा और कार्यक्रम स्थलों पर कुर्सियाँ खाली रही। यह साबित करता है कि राजद आम जनता के साथ-साथ अपने लोगों का भी विश्वास खो चुकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद का झूठ बेनकाब हो चुका है और उनके छल-कपट की राजनीति को जनता समझ चुकी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि 15 वर्षों तक जब बिहार में राजद का शासन था तो लालू परिवार सत्ता की मलाई खाने और जनता को लूटने में व्यस्त रहा। उन्होंने कभी बिहार के दलितों, पिछड़ो व वंचितों की चिंता तक नहीं की और आज वही लोग प्रदेश की जनता को बरगलाने के लिए जातीय गणना और आरक्षण पर घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं। राजद के इस दोहरे चरित्र को जनता बखूबी जानती और समझती है।

आगे उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए लालू परिवार किसी भी हद तक जा सकता है लेकिन उनका मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना कराकर पूरे देश में नजीर कायम किया। इसमें राजद की दूर-दूर तक कोई भूमिका नहीं है। 15 वर्षों तक राजद के पास जातीय गणना कराने का मौका था लेकिन उनके द्वारा कभी कोई पहल नहीं की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति करने वालों का प्रदेश की जनता 2025 विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया कर देगी। उन्होंने कहा कि समाजवाद का मुखौटा लगाकर राजद सिर्फ परिवारहित की राजनीति करती है।

## आरक्षण विरोधी है राजद परिवार: निषाद

पटना। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने राजद के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संपूर्ण राजद परिवार गरीबों के आरक्षण की विरोधी पार्टी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता दल (यूनाइटेड) की सरकार बनने के बाद वर्ष 2006 में अति पिछड़ा समाज को राज्य के पंचायत चुनाव एवं एकल पदों पर आरक्षण के लिए राज्य सरकार की ओर से बिहार विधान परिषद में अति पिछड़ा समाज को आरक्षण देने के लिए बिल लाया गया था। बिहार विधान परिषद में राजद के विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने अति पिछड़ा आरक्षण बिल का समर्थन करने के बजाय आरक्षण प्रस्ताव के बिल का जमकर विरोध किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार अपनी आरक्षण हितैषी नीतियों के कारण बिहार के कमजोर जातियों को पंचायत एवं नगर निकायों में आरक्षण की व्यवस्था लागू हुआ। नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव को कमजोर तबका के आरक्षण विरोधी राजद के कारनामों को जानने के लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से क्लास करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव को जाति गणना की बारीकियों को समझाया और बताया कि बिहार सहित देश में वर्तमान समय में जाति गणना की आवश्यकता है।

# आरक्षण पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है राजद : मंगल

- भाजपा सत्ता में रही, अतिपिछड़ों को मिला सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आरक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी राजद घड़ियाली आंसू बहा रहा है। राजद का आरक्षण लालू परिवार तक ही सीमित रहा है। लालू यादव को पत्नी, बेटा व बेटी के अलावा कभी किसी दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े की याद नहीं आई। वह राजद आज आरक्षण के नाम पर दलितों, पिछड़ों व अतिपिछड़ों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है जो शुरू से ही इनकी हकमारी करता रहा है। राजद और कांग्रेस हमेशा अति पिछड़ों का अपमान करते और धोखा देते रहे हैं। कांग्रेस ने अतिपिछड़ों के लिए गठित काका कालेलकर और मुंगेरीलाल कमीशन की रिपोर्ट को ढंडे बस्ते में डाल दिया और उसे कभी लागू नहीं किया। कांग्रेस ने 1953 में पिछड़े वर्गों के लिए गठित काका कालेलकर कमिटी की 1955 में आई रिपोर्ट को 45 वर्षों तक ठंडे बस्ते में रखा, न पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया न पिछड़ों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जनता पार्टी की उस सरकार ने 1978 में मंडल कमीशन का गठन किया, जिसमें भाजपा के अटल, आडवाणी भी शामिल थे। 1980 में पिछड़े वर्गों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए आई मंडल कमीशन की रिपोर्ट को कांग्रेस ने 10 वर्षों तक दबा कर रखा, अन्ततः भाजपा के सहयोग से गठित बीपी सिंह की सरकार ने 1989 में आरक्षण का प्रावधान किया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करने के बाद पिछड़े वर्ग को केवल सरकारी नौकरियां ही नहीं बल्कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण के जरिए नामांकन का मौका मिला। बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए गठित मुंगेरीलाल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर 1978 में कपूरी जी की उस सरकार ने नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की जिसमें जनसंघ की ओर से कैलाश पति मिश्र जी मंत्री थे। इसके तहत सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को एनेक्चर-1 और 2 के तहत आरक्षण लागू किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में जब 2005 में एनडीए की सरकार बनी तब जाकर स्थानीय निकाय के चुनाव में अति पिछड़ों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।

# आरक्षण के मुद्दे पर राजद का धरना सिर्फ नौटंकी मात्र : शिवेश

## भाजपा दलितों, गरीबों, पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने में लगी है



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने राजद द्वारा आरक्षण के मुद्दे पर चलाए जा रहे धरना कार्यक्रम को सिर्फ नौटंकी बताते हुए कहा कि राजद आरक्षण में क्रीमीलेयर के मामले में दलित, पिछड़ों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी, जिसके बाद भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि देश मे जो भी आरक्षण मिलता है वह छूआछूत के आधार पर मिलता है न कि गरीबी के कारण। बाबा साहेब ने भी संविधान के जरिए जो अधिकार दिए हैं उसमें भी यही है। भाजपा इसी बात को स्वीकार भी करती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामन्त्री शिवेश राम ने कहा कि दुर्भाग्य है कि बिहार में तेजस्वी यादव हों या इंडी गठबंधन के लोग हों वह बार-बार प्रदेश और देश के लोगों खासकर दलित, पिछड़ों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य धारा से काटकर अलग करने की कोशिश की जा रही है,जिसका भाजपा विरोध कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा गरीब- गुरबा, खासकर दलित समुदाय के विकास के लिए काम कर रही है। आरक्षण के मुद्दे पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बहुत मजबूती के साथ खड़े हैं। 2015 में भी ऐसा ही एक विषय आया था ,तब पीएम मोदी ने साफ तौर पर कहा था कि हम भी बाबा साहेब के विचारों के साथ खड़े हैं । प्रदेश महामंत्री ने साफ किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार कभी भी आरक्षण के मामले को लेकर समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि देश मे जब भी आरक्षण लागू किया गया उसमे भाजपा का सबसे बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजद में शुरू से परिवार के लिए ही आरक्षण है । किसी दलित को आज तक बढ़ाने का काम नहीं किया गया। दलित नेता रमई राम को जो उपहारस्वरूप सोने का मुकुट दिया गया था वह भी लालू यादव ने छिनने का काम किया था। भाजपा की विधायक निक्की हेंब्रम ने प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की नीति गरीब, पिछड़ों को मुख्य धारा में लाने की रही है। सरकार ने साफ कर दिया है कि आरक्षण में वह क्रीमीलेयर के साथ नहीं है। ऐसे में राजद धरना कार्यक्रम सिर्फ लोगों को बरगलाने का हथकंडा मात्र है। प्रेस वार्ता में सह कार्यालय मंत्री सग्रीव कुमार, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल और भारती सुमन भी उपस्थित रहे।

## साहित्य सम्मेलन में 15 दिवसीय पुस्तक चौदस मेला के साथ हुआ हिन्दी पखवारा का हुआ उद्घाटन

# प्रत्येक व्यक्ति पुस्तक से जुड़े, यही सच्ची संगिनी और मार्ग-दर्शिका : न्यायमूर्ति

- राष्ट्रभाषा-प्रहरी नृपेंद्र नाथ गुप्त की मनायी गयी जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह विद्यार्थी हो, शिक्षक हो अथवा और कुछ भी, सभी साक्षरों को पुस्तकों से जुड़ना चाहिए। यही सबकी सच्ची और अच्छी संगिनी और मार्ग-दर्शिका होती हैं। यह केवल ज्ञान ही नहीं प्रदान करती, बल्कि दुखी मन का रंजन भी करती है और थके हुओं को नया उत्साह और नयी ऊर्जा प्रदान करती है। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आरंभ हुए, हिन्दी पखवारा एवं पुस्तक चौदस मेला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए, राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि आजकल नयी पीढ़ी पुस्तकों से दूर होती जा रही है। उन्हें समझाया जाना चाहिए कि जीवन में सफलता के लिए पुस्तकें ही बल प्रदान करती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डा सी पी ठाकुर ने कहा कि हिन्दी के विकास में सरकार की भूमिका तो है ही, किंतु इसके उन्नयन में सभी भारतवासियों का योगदान आवश्यक है। सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, 14 सितम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को भारत सरकार के कामकाज की भाषा घोषित की थी, जिसके उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवर्ष में इस तिथि को हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। किंतु इसका कठोर सत्य यह है कि, संविधान सभा के इसी निर्णय के साथ जोड़े गए दो परंतुकों के कारण और बाद के दिनों में शासन में बैठे हिन्दी के प्रति द्रोह रखने वाले लोगों ने इसे आज तक कार्यरूप में परिणत नहीं होने दिया। अब तो भारत के लोग राजभाषा नहीं राष्ट्र-भाषा चाहते हैं। और, इस स्थान के लिए हिन्दी देश की सर्व-मान्य भाषा है। भारत सरकार को चाहिए कि यथा शीघ्र हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा घोषित करने के संबंध में आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई करे, ताकि भारत की संविधान सभा के संकल्पों को पूरा किया जा सके। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली जाने वाली और विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, विवेक कुमार गुप्त तथा उदय मन्ना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बिहार के पूर्व अपर सचिव और लेखक रमेश प्रसाद रंजन की पुस्तक अध्यात्म की ओर सम्मेलन द्वारा प्रकाशित कवि अमरेन्द्र नारायण की पुस्तक उत्साह तुम्हारा अभिनन्दन (द्वितीय संस्करण) तथा राम जानकी संस्थान द्वारा प्रकाशित सकारात्मक भारत-उदय के तीसरे खंड का लोकार्पण भी किया गया। इसके पूर्व सम्मेलन के पूर्व उपाध्यक्ष और राष्ट्र भाषा-प्रहरी के रूप में चर्चित साहित्यकार नृपेंद्र नाथ गुप्त की जयंती पर, उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। पुस्तक-मेला में, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रकाशन विभाग, नेशनल बूक ट्रस्ट और कई अन्य स्थानीय प्रकाशकों ने अपने कक्ष लगाए हैं। मेला के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में सुधी पाठकों ने पुस्तकों का निरीक्षण किया और पुस्तकें क्रय की।

# पीएम के नेतृत्व में लगातार बढ़ रहा है भारत का कद : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद लगातार बढ़ रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस और यूक्रेन की हाल की यात्राओं से साफ हैं कि वे एकमात्र वैश्विक नेता हैं जिनकी बात दोनों देशों ने सुनी हैं। आज भारत की ओर विश्व के सारे देश आशा भरी निगाहों से नजरे गड़ाई हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। और हर देश आज के समय में महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय पर विचार करता है और सुनता है। श्री अरविन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया हैं। इसके साथ ही रूस उन 16 देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। इन देशों में यूएई, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, मालदीव और बहरीन जैसे मुस्लिम देश भी शामिल हैं। इससे साफ जाहिर हैं की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार भारत का कद बढ़ रहा हैं और भारत विश्व गुरु बनकर उभर रहा है।

## राजद का धरना-प्रदर्शन सिर्फ सियासी नौटंकी : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने देश में जातीय जनगणना करवाने, बिहार में आरक्षण के दायरे को 65 प्रतिशत करने तथा संविधान की नौवी अनुसूची में शामिल कराने को लेकर राजद के धरना-प्रदर्शन को सियासी नौटंकी बताया और कहा कि यह सिर्फ ढकोसला है। श्री मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता है। वे चाहे धरना दें या अनशन करें, कोई फर्क नहीं पड़नेवाला। यह सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने का उनका उपक्रम है। इस बात को बिहार की जनता भी जानती है, यही कारण है कि राजद के धरना-प्रदर्शन से आमलोगों ने दूरी बनाकर रखी। जनता के जेहन में सवाल है कि अगर जातीय जनगणना इतनी जरूरी थी, तब लालू प्रसाद ने यूपीए की सरकार में क्यों नहीं करवायी। यह सिर्फ अपनी राजनीति को जिंदा रखने की कसरत है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद के नेताओं को यह भी नहीं मालूम कि धरना-प्रदर्शन किन विषयों पर किया

## आदित्य राज बने कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव



पटना। समाजिक,राजनीतिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए भलुई निवासी आदित्य राज कुशवाहा को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बिहार प्रदेश सचिव पद पर मनोनित किया है।आदित्य राज कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा,एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुआ कहा है कि मेरे नेतृत्व में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज राजनीतिक,समाजिक,आर्थिक,शिक्षा,रोजगार,और स्वावलंबन की दिशा में मजबूत करने का काम करेंगे। प्रदेश सचिव बनने पर प्रदेश उपाध्यक्ष ओंकार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, जिला महासचिव चंदन कुशवाहा समेत कई लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### हाईस्कूल परिसर बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के जारंग हाई स्कूल असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जिस वजह से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व छात्राओं में भय का माहौल है। इनके हरकतों से परेशान व भयभीत होकर स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने थाने में शिकायत किया है। प्रधानाध्यापक ने बताया की विद्यालय के समय कुछ असामाजिक तत्व चहारदीवारी पर आकर बैठ जाते हैं, और छात्रा व शिक्षकाओं से अभद्र भाषाओं का प्रयोग करते हैं। मना करने पर प्रधानाध्यापक के मोबाईल फोन पर कॉल कर धमकी देते हैं। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। असमाजिक तत्वों को पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### एक देशी पिस्टल, 5 कारतूस सहित मोटरसाईकिल बरामद

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। तिलकेश्वर थाना अध्यक्ष अंकित कुमार नेतृत्व में पुलिस ने बीती शुक्रवार की देर शाम घोड़दौड़ गांव में छापामारी कर बाइक सहित एक देशी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किया। थाना अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि एक बाइक पर सवार कुछ बदमाश गांव में हवा में फायरिंग करने लगा। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीणों के वहां पहुंचने पर सभी बदमाश बाइक छोड़कर भाग गया है। ग्रामीणों ने बाइक को जब्त कर रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ उक्त गांव में कृष्ण कुमार यादव के दरवाजे के निकट पहुंचे तो वहां एक बाइक को घेर कर कुछ ग्रामीण खड़ा था। उन्होंने बताया कि बीआर 33-एसी 6182 नंबर की ग्लेमर बाइक को जब्त कर तलाशी ली गई तो बाइक के सीट के निचे छिपाकर रखा गया एक देशी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। कहा कि सूचनाकर्ता के पहचान पर फायरिंग करने वाले उसी गांव के तीन बदमाश के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया जा रहा है।

### ऑल इंडिया चालक संघ की बैठक में कमिटी का गठन

बेनीपुर(दरभंगा)।ऑल इंडिया चालक संघ की बैठक बेनीपुर दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। बैठक में बेनीपुर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष चुन चुन राम ने भी समर्थन किया। भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि चालकों की समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर कराने में मैं हर संभव मदद करूंगा। सर्व समिति से प्रखंड अध्यक्ष पद पर इंद्र राम का चयन किया गया तथा सदस्यों में उमर फारूक, सुशील पासवान, रामदयाल कुमार, बैद्यनाथ मंडल, कौशल साहू, भगवान साह, धर्मेंद्र पासवान, सूरज पासवान को मनोनीत किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि पूरे बिहार के किसी भी कोने में किसी भी तरह का समस्या आने पर चालको को हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संघ से जुड़ने वाले लोग सिर्फ कोई गलती नहीं करें, तो उसे कोई समस्या नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति उन्हें प्रताड़ित करता है, तो उसके लिए संघ उसके साथ 24 घंटे खड़ा रहेगा तथा हर तरह का सहयोग देगी। इस दौरान दर्जनों की संख्या में चालक उपस्थित थे।

### गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शराब कारोबारी को हिरासत में लिया

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के सुक्की सायफन पुल के पूर्वी छोर पर दिवा गस्ति के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अपर थानाध्यक्ष राम कुमार ने शराब कारोबारी जयनगर थाना क्षेत्र के पचहर गांव निवासी शराब कारोबारी सुमित कुमार यादव,श्याम कुमार पूर्व , दुगार्नंद राम को 142 बोतल देशी नेपाली शराब के साथ तीन बाइक सहित तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया .थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नेपाल से तस्करी कर देशी नेपाली शराब अंग्रेजी शराब बाइक की डिक्की पिट्ठू झोला से बरामद कर तीन बाइक को जप्त कर तीनो शराब कारोबारी को जेल भेज दिया गया.

# बच्चों को लेकर पति से हुई नोकझोंक के बाद पत्नी ने फंदे से लटककर दी जान

## पति है सरकारी टीचर, दोनों छोटे-छोटे बच्चों के सिर से उठा मां का साया



समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 सीता सिन्हा गली में रविवार की दोपहर एक महिला का फंदे से लटकता हुआ शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतका की पहचान शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर पंचायत नवका टोल वार्ड 13 के सुरेश मंडल के पुत्र संतोष कुमार की पत्नी सुरुचि कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका के पति संतोष कुमार ने बताया कि वह मोरवा चकसिकंदर में सरकारी टीचर हैं और वह यहां लगभग छह महीनों से किराया के मकान में अपनी पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रहे थे। उन्होंने बताया कि सुरुचि के साथ 2016 में उसकी शादी हुई थी। उन्हें सात साल की एक छोटी बेटी और चार साल का एक छोटा पुत्र है। उन्होंने बताया कि घटना के एक दिन पूर्व बच्चों के घर में उछल-कूद करने को लेकर उनकी पत्नी ने बच्चों को डांटने को कहा था। जब उन्होंने कहा कि बच्चे हैं, तो उछल-कूद करेंगे ही। इस पर उनकी पत्नी ने उन्हें काफी बुरा-भला कहा था और उसके बाद यह मामला शांत हो गया था। घटना के दिन वह घर पर ही बच्चों के साथ दूसरे कमरे में आराम कर रहे थे। इसी दौरान आइसक्रीम वाले की आवाज पर बच्चों ने आइसक्रीम खाने की जिद पर वह आइसक्रीम लेने के लिए बाहर निकले थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी फांसी लगाकर मर जाने की बात कह रही थी और उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। यह देख वह मकान मालिक को बुलाने के लिए दौड़े और जब तक दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तब तक वह पंखे में फंदा लगाकर लटक चुकी थी और उसकी मौत हो गई थी। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम को भेजा गया है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बताया गया है कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, वैसे जांच रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मामले के संबंध में आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि सर्वेक्षण को लेकर शाम दलों ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन मे वाम जनवादी संगठनों की संयुक्त बैठक रामकिशोर झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा जो सर्वे अभियान चलाया जा रहा है सर्वे के अंतर्गत बिहार की आबादी आधा हिस्सा गरीब भूमिहीन है जिसके साथ हाकमरी होगी। 1962 के रिविजनल सर्वे में भी हकमारी की गई थी और इस बार भी की जाएगी इसकी पूरी संभावना है। सरकार के गाइडलाइन और प्रशासन की भूमिका को देखते हुए ऐसी आशंका हो रही है। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण दाखिल खारिज नहीं किया जा रहा है। ऑनलाइन छोड़ दिया गया है ।भूदान एवं परचाधारियों को जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया। रसीद निर्गत नहीं है ।सीलिंग के पर्चा धारियो को जमीन की रसीद व कब्जा नहीं दिलाया गया है। बिहार सरकार की गैरमजूरूआ जमीन अभी भी दबंग और जमीदारों के कब्जे में है ।इस संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 सितंबर को प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय मुसहरी के समक्ष धरना प्रदर्शनी कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमे वासगित परचाधारी ,सिकमी परचाधारी एवं भूदान परचाधारियों को कब्जा दिलाते हुए रसीद निर्गत करते हुए खतियानी रैयत का दर्जा दिए जाने , ऑनलाइन जमाबंदी की गड़बड़ी दूर करने की मांग की जाएगी। बैठक में यह भी मांग की गई कि त्रुटियों को पंचायत वार सिविल लगाकर सुधार किया जाए । संयुक्त बैठक में भाकपा माले न्यू डेमोक्रेसी के जिला प्रवक्ता रूदल राम भाकपा माले के उदय चौधरी उदय ठाकुर सी पी आई एस यू सी आई के कालीकांत झा, मनरेगा मंच के संतोष कुमार ,डुमरी पंचायत के सरपंच पति शंभू साहनी, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के स्माइल ,भाकपा माले के ओम प्रकाश सिंह, आदि उपस्थित थे।

## बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं : प्रो सुरेन्द्र मोहन

### डीपीएस कादिराबाद में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद, दरभंगा में कक्षा बिगनर्स से बारहवीं तक की छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो० सुरेंद्र मोहन यादव के मंचासीन होने के बाद उन्हें मिथिला की परंपरानुसार पाग, चादर, गुलदस्ता एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत गान से अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो० यादव ने शिक्षा को सर्वोपरि मानते हुए कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं। यदि आगे बढना है तो कठिनाईयों का सामना करना ही पड़ेगा। इसके बाद स्कूल कैबिनेट सदस्यों का शपथ-ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ शोएब अहमद खान ने विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किए। छात्र-छात्राओं द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग 300 छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित हुए। पुरस्कार स्वरूप सभी को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं पदक प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के मध्य नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम के द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों एवं सभी सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या अनुराधा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## लूट के प्रयास में 3 अपराधी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कुढ़नी थाना अंतर्गत सी०एस०पी० लूट के प्रयास का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने घटना में संलिप्त 3 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है ।यह जानकारी देते हुए सीटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि गत 29 अगस्त को सूचना मिली कि उतर बिहार ग्रामीण बैंक, कमतौल से सम्बद्ध थाना क्षेत्र स्थित हाट में ग्राहक सेवा केन्द्र में अज्ञात बाईक सवार 3 अपराधकर्मियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर लूट-पाट करने का प्रयास किया गया है मौके से ।स्थानीय ग्रामीणों एवं उपस्थित ग्राहकों द्वारा के सहयोग से एक अपराधकर्मी को पकड़ा गया, उसी क्रम में पकड़े गये सहयोगी अपराधकर्मी द्वारा छुड़ाने के लिए उक्त अपराधकर्मियों द्वारा फायर किया गया जिससे पकड़े गये साथी अपराधकर्मी आकाश कुमार को ही गोली लग गयी। जख्मी अपराधकर्मी के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस भी बरामद किया गया। थाना की टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से पकड़े गये जख्मी अपराधकर्मी को पुलिस अभिरक्षा में उचित उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पश्चिमी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में प्रभारी जिला आसूचना इकाई एवं थानाध्यक्ष कुढ़नी के टीम को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अपराधकर्मी . अंकित कुमार उर्फ विवेक पिता ललन दास ग्राम दरियापुर कफेन चकिया, एवं पवन कुमार पिता स्व० टुनटुन मॉझी ग्राम जयराम खरौना सभी थाना तुर्की जिला मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। ये सभी पेशेवर अपराधी है। इनके पास से एक पिस्टल ,एक मैगजीन ,एक कारतूस और खोखा बरामद किया गया है।

## सबका साथ सबका विकाश, मोदी सरकार का मूल मंत्र : सांसद

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।केंद्र की मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है। राजद कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग में आनेवाला अल्पसंख्यक समाज भी अब इस यूज एंड थ्रो की राजनीति को समझने लगा है यही कारण है कि अब इस समाज के बुद्धिजीवियों के बीच भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ने लगी है। भाजपा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने आवासीय कार्यालय पर आए अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों के बीच कही। इस क्रम में अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों ने सांसद डा ठाकुर को पार्टी का सचेतक बनाए जाने पर फूल गुलदस्ता से सम्मानित भी किया।संसद डा ठाकुर ने देश के पीएम श्री नरेन्द्र मोदी को अल्पसंखयक समाज का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि तीन तलाक जैसी कुरीतियों को खत्म करके इस समाज के महिलाओं को नई आजादी दी। अल्पसंख्यक युवा मोदी सरकार को अपना व्यापक समर्थन दे और सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना को साकार करे। संसद डा ठाकुर को सम्मानित करने वालो में किलाघाट मदरसा के प्रिंसिपल अशरफ रजा, मदर्स बहेरा के प्रिंसिपल मो शमीमुल्ला, डा एम ए रिजवी, मो जियाउर्रहमान मो राजाउल्लाह, सरवर आलम आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को अवगत कराये : डॉ मुरारी मोहन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।भारतीय जनता पार्टी केवटी पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की सदस्यता अभियान की कार्यशाला दोनो मंडल के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप से केवटी के लोकप्रिय विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की इस अभियान की शुरूआत 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरूआत करेंगे । आगे उन्होंने वहा उपस्थित दोनो मंडल के कार्यकताओं से आग्रह किया की मंडल से बूथ तक टीम बना कर कार्यशाला का आयोजन किया जाय और प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जगह-जगह पहुंच कर शिविर के माध्यम से आम आदमी,युवाओं एवं नए मतदाताओं को बताए और पार्टी द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबर पर मिस्ड काल कर नए सदस्य को अधिक से अधिक संख्या में जोड़े जाने हेतु आमंत्रित करे । इस कार्यक्रम में केवटी पूर्वी पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष बिनोदानन्द झा,निर्भय कुमार,दिलीप भारती,श्रवण मिश्र,गुड्डू जी,पिंटू जी,सियाराम यादव,राजेंद्र चौपाल,करुणान्नंद मिश्र,प्रदीप मिश्र,बिजली राम,जगदीश मंडल,बिनोद यादव,रामपूकार यादव, सतन गिरी बसंत साह,पंकज चौधरी,ललित यादव,अमरजीत यादव,रामनरेश यादव,गोपाल गरेरी, एवं संतोष साहू।

## मधुबनी में आरएनजे कॉलेज के सचिव सह प्राचार्य बने अमरेश श्रीवास्तव



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के माधवपुर में आज आरएनजे इंटर कॉलेज में शासकीय एवं प्रबंध समिति की बैठक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा प्रो. अमरेश श्रीवास्तव को महाविद्यालय का सचिव सह प्राचार्य पद पर सम्मति से प्रस्ताव पारित कर मनोनित किया गया ।साथ ही प्रस्ताव के तहत उमेश कुमार आर्य द्वारा फर्जी नियुक्त सभी नए कर्मियो को फर्जी और बर्खास्त समिति खारिज कर अभिलंब प्राचार्य का चार्ज सौपने का आदेश दिया ।बैठक में डीपीओ कुंदन कुमार ने अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में समिति की बैठक का सफल संचालन किया और फर्जी रूप से 365 लेटर नंबर को भी रद्द किया ।लेटर नंबर 365 से जितने भी कार्य किए गए हैं वे आज की तारीख में सभी रिरस्त माने जाएंगे ।बैठक में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता प्रो.अमरेश श्रीवास्तव सचिव सह सचिव प्रो मजरुल हक शिक्षक प्रतिनिधि सुमित्रा देवी छात्र अभिभावक महेश मिश्रा शिक्षक प्रतिनिधि विभा कुमारी प्रो. मनोज चंद्रा झा सोनू लाल पासवान प्रो.मनोज चंद्र झा प्रो.दिनेश चंद्र चतुर्वेदी प्रो. कौशल किशोर शर्मा प्रो. कृष्ण कुमार द्विवेदी ,प्रो. मुद्रिफ नदाफ प्रो. सिया सारण .प्रो. रजनी कुमारी प्रो . श्याम नंदन मिश्रा प्रो.नागेंद्र चौधरी कर्मी महेंद्र मिश्रा योगेंद्र चौधरी रघुपति झा एवं महेश मित्र शामिल थे।

# अपने पैतृक गांव पहुंच कर भाव विभोर हो गये डीजीपी आलोक राज




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। देवियों, सज्जनों और हमारे प्रिय बच्चों मैं अपने पैतृक गांव आया और आप सबों का प्यार पाकर मुझे बहुत अच्छा लगा। अपने पूर्वजों की मिट्टी को प्रणाम करने में, अपने गांव के मंदिर मे जाकर भगवान को प्रणाम करने मे, गांव मे स्थित खानकाह हफिजिया के दरबार में अवस्थित शाह अब्दुल हाफिज तेगी रहमतुल्लाह अल्है के मजार जाकर दर्शन करने और चादर पोशी करने मे मुझे अभूतपूर्व आनंद की अनुभूति प्राप्त हुई है। मैं राज्य सरकार का बहुत हीं आभारी हूं कि उन्होंने मुझे बिहार के सेवा करने का अवसर दिया है। ह्य यह उद्गार है राज्य के नये डीजीपी आलोक राज का जो उन्होंने आज अपने गांव नेउरा गोपालपुर आ कर गांव वासियों के समक्ष व्यक्त किया। डीजीपी ने कहा ,मैं आम जनता का डीजीपी हूं। हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि हमारा समाज अपराध मुक्त हो, नशामुक्त हो और भयमुक्त हो। हम सबको इस तरह के समाज की परिकल्पना करना चाहिए। लोगों से गुजारिश करते हुए उन्होंने कहा कि आपस में मुहब्बत हो, आपस में भाईचारा और प्रेम बना रहे, ऐसा हमारा गांव हो। मौके पर उपस्थित खास कर छात्रों को संबोधित करते हुए आलोक राज ने कहा कि पढ़ाई हीं तुम्हारी शक्ति है। हम चाहेंगे कि प्रतियोगिता परीक्षाएं पास करो और आगे बढ़ो। प्रिय बच्चों पढ़ाई मे खूब मेहनत करो ताकि आप अपने समाज गांव जिला और राज्य का नाम रौशन कर सको।अपने परिवार के बीच मे बैठकर प्यार भरी बातें करने मे सबको बहुत हीं अच्छा लगता है। आप सबों का प्यार पाकर मैं गौरवान्वित हुआ हूं।

इसके पूर्व खास कर के पूर्व प्रखंड प्रमुख मो उमर अंसारी, सज्जादानशीं प्रो. शमीउल कादरी, स्थानीय भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह, संबंधित पंचायत के पूर्व मुखिया सूर्यदेव सिंह, एवं पवन साह,स्थानीय डाकबाबू मोहन प्रसाद आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण सड़क किनारे उनके इंतजार में खड़े रहे। करीब आधे घंटे बाद डीजीपी आलोक राज जैसे हीं पहुंचे कि सभी ने गंवई अंदाज मे अभिवादन किया। उसके बाद आलोक राज अपने पैतृक घर मे प्रवेश कर सर्वप्रथम अपने पिता परमेश्वर प्रसाद (पूर्व सांख्यिकी निदेशक बिहार सरकार) का चरण स्पर्श करने के बाद अपने कुलदेवता को प्रणाम किया। फिर बगल मे अवस्थित मंदिर में गए, मंदिर से निकलकर बगल में ही स्थित खानकाहे हफिजिया स्थित दरगाह में चादरपोशी किया। जहां पर गांव के सैकड़ों पुरुष महिलाएं बच्चे श्री आलोक राज के दीदार हेतु बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

अंततः सबों को प्रणाम करते हुए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच डीजीपी आलोक राज मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गए।

## वैश्य एकजुट होकर स्वजाति को मजबूती से आगे बढ़ाए : पवन पोद्दार

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। वैश्य पोद्दार महासभा दरभंगा इकाई के सदस्यों द्वारा रविवार को संघ के जिला अध्यक्ष पवन पोद्दार के नेतृत्व में प्रखंड के कुशेश्वरस्थान बाजार,भरडिया, उसरी, आरही,अर्थुआ,गोलमा कोनिया ,तिलकेश्वर सहित दर्जनो गांव - गांव में जाकर वैश्य पौद्दार के लोगो से मिले इस दौरान संघ के अध्यक्ष श्री पोद्दार ने संगठन को मजबूत करने और इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर सभी स्वजातीय से विचार विमर्श किया साथ ही आगामी कार्यक्रम की रणनीति पर विस्तार से चर्चा किया । उन्होंने वैश्य स्वजाति से अपील करते हुए कहा कि सभी स्वजातीय वैश्य पोद्दार एकजुट होकर वैश्य स्वजाति को मजबूती से आगे बढ़ाए । उन्होंने ये भी कहा कि आगे की जो कार्यक्रम होगी उसपर विचार विमर्श किया जयगा साथ ही पंचायत ,व प्रखंड स्तर पर चुनाव किया जयगा जिसमें अध्यक्ष, कोशाध्यक्ष, सचिव तथा सदस्य का चुनाव होगी इसके लिए समय और स्थान का चिन्हित करने के बाद चुनाव की समय सीमा तय की जायेगी साथ ही उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक युवाओं को वैश्य पोद्दार स्वजातीय का सदस्यता भी दिलाया जयगा । ।मौके पर महिन्द्र पोद्दार, अमित पोद्दार,रमन जी पोद्दार, वैजनाथ पौद्दार, अजय पौद्दार, विजय पोद्दार,किशोर पौद्दार, अरुण पौद्दार विद्यानन्द पौद्दार, जवाहर पौद्दार, रामबाबू पौद्दार सहित दर्जनों वैश्य पौद्दार सभा के सदस्य उपस्थित थे।

## सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी ने मनाया 15वां स्थापना दिवस




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी एसएसबी ने धूमधाम से अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया। यह कार्यक्रम वाहिनी के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमे वाहिनी के समस्त अधिकारी जवान और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्वलित से हुई जिसके बाद महोदया ने जवानो द्वारा लगाई गई सभी स्टालो का उद्घाटन किया जिसमें बल के गोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट विवेक ओझा उप कमांडेंट संतोष कुमार निमोरिया उप कमांडेट और मोहोद मनीष देवानंद सहायक कमांडेंट तथा डी सी एल आर जयनगर बी डी ओ जयनगर और बासुपति साथ नेपाल रेलवे अधिकारी सरवन लाल मीणा और राजेश संबल उपस्थित रहे । जवानों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के लजीज खाने तथा मनोरंजन के स्टॉल लगाए गए। जवानों ने अपने अनुशासन साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भंडारी ने अपने उद्बोधन में सशस्त्र सीमा बल के उद्देश्यों और उनके द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वाहिनी के जवानों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की जिन्होने सीमाओ की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई है ।कार्यक्रम के दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जवानों द्वारा आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही वीरता और उत्कृष्ट सेवाओ के लिए कई जवानो को पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा ने वाहिनी की उपलब्धियो की सराहना की और भविष्य में और भी अधिक तत्परता से देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ वहां के निवासियो के बीच विश्वास और सहयोग का माहौल बनाया है ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ जिसके बाद जवानो और उनके परिवारों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया ।प्रवक्ता 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के बारे मेसशस्त्र सीमा बल एसएसबी भारत की सीमा सुरक्षा बलों में से एक है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा करना और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। एसएसबी का गठन वर्ष 1963 में हुआ था और यह संगठन अपने साहस कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के लिए जाना जाता है।

## डीजीपी आलोक राज का पैतृक गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।डीजीपी बनने के बाद पहली बार आलोक राज आज अपने पैतृक गांव सरैया प्रखंड के नेउरा गोपालपुर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उनके आगमन को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बताते चलें कि आर एस भट्टी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब बिहार को आलोक राज के रुप में नया डीजीपी मिला हैं। वे इस जिले के सरैया प्रखंड अंतर्गत नेउरा गोपालपुर के निवासी हैं। डीजीपी का पदभार ग्रहण करने के बाद वह पहली अपने पैतृक गांव पहुंचे। उनके आगमन को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस के द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गए थे। इस मौके पर एसडीपीओ सरैया खुद सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे । डीजीपी आलोक राज ने गांव पहुंचते ही स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इसके बाद वे सीधे मुजफ्फरपुर सर्किट हाउस पहुंचे जहा जिले के तमाम वरीय अधिकारी उनके आगमन को लेकर पहले से ही मुस्तैद थे । सर्किट हाउस पहुंचने के बाद तमाम पुलिस अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की। एसएसपी कार्यालय पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी ने कहा कि उनका मुजफ्फरपुरं आने का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन एवं उनका मनोबल ऊंचा करना है। उन्होंने कहा ,अपराध सहित विभिन्न बिंदुओं एवं बेहतर पुलिसिंग पर विमर्श कर आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी।

## सेवा निवृत शिक्षक को सम्मानित कर विदाई किया

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेता ककरघटी के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार जी का सेवा निवृत के दौरान प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा के अध्यक्षता में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस विदाई समारोह के मंच संचालन शिक्षक जीवछ सिंह द्वारा किया गया. इस विदाई के दौरान सेवा निवृत प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार जी को पाग डोपता अंग वस्त्र रामायण बुक इटाइजी पुष्प माला से संयुक्त रूप से बीईओ योगेंद्र चौधरी प्रमुख कुमारी उषा शिक्षक सतीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विदाई दी गई.इस विदाई समारोह के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि को पाग डोपता से सम्मानित किया गया.इस विदाई समारोह के दौरान बीईओ योगेंद्र चौधरी ने कहा कि जो व्यक्ति सरकारी सेवा में आते है उस व्यक्ति को एक दिन सेवा निवृत सुनिश्चित है.उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार जी एक कुशल शिक्षक थे.वे विद्यालय में पठन पाठन में अभिरुचि रखते हुए विद्यालय के छात्र,छात्राओं को साबरने का काम किया है. वही प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार जी प्रखंड क्षेत्र में विद्वान शिक्षक थे.उनकी पढ़ाया हुआ छात्र छात्राओ आगे चलकर कृतिमान स्थापित कर विद्यालय का नाम रौशन किया है.इस विदाई के अवसर पर शिक्षक सतीश कुमार धीरेंद्र कुमार झा सुरेश यादव सहित अन्य शिक्षको ने सेवा निवृत प्रधानाध्यापक को भेट प्रदान कर विदाई दी. मौके पर छात्र छात्राओ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्मानित हुए सहायक प्रोफेसर कई लोगों ने दी बधाई



छपरा कार्यालय। रविवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के अन्तर्गत कमला राय कॉलेज, गोपालगंज के हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.श्याम शरण को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गुरु सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया. सम्मान स्वरूप उन्हें अंग वस्त्र,प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र दिया गया. यह सम्मान उन्हें मानवाधिकार टुडे मीडिया हाउस के सौजन्य से डी. सी. कॉलेज हाजीपुर ( वैशाली) के सभागार में पद्मश्री विमल जैन के करकमलों द्वारा दिया गया. मालूम हो कि डॉ. श्याम शरण को डाक विभाग द्वारा हिन्दी में उत्कृष्ट लेखन के लिये राज भाषा गौरव सम्मान-2016 से सम्मानित किया जा चुका है. इसके पूर्व डॉ.शरण को 2015 में वन्दे मातरम् सम्मान,2016 में सारण गौरव सम्मान, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, पटना द्वारा 2020 में हिन्दी भाषा एवं साहित्य में मूल्यवान सेवाओं के लिए आचार्य श्रीरंजन सुरिदेव स्मृति सम्मान एवं 2023 में हिन्दी- रत्न अलंकरण से विभूषित किया जा चुका हैं. विदित हो कि ये 1995 में स्थापित स्वयं सेवी संस्था यूनिक सोसाइटी ऑफ एजुकेशन ( यूज ) छपरा के संस्थापक सचिव भी है. इस संस्था से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में निःस्वार्थ एवं निःशुल्क मार्गदर्शन पाकर सैकड़ों लोग देश के अनेक सरकारी एवं गैरसरकारी संगठनों में नौकरी कर रहे हैं. ये लोग देश के अनेक क्षेत्रों में पदस्थापित होकर अपने राज्य और देश को विकसित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं. इस सम्मान से डॉ. श्याम शरण ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा( बिहार ) का मान बढ़ाने के साथ ही अपने गृह जिला छपरा एवं गोपालगंज जिले का मान - सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है. इनके इस सफलता पर बधाई देने वालों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.( डॉ. ) प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी, विधान पार्षद प्रो.(डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव, कमला राय कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ए.के.पांडेय,पूर्व प्राचार्या प्रो.(डॉ.) रुखसाना खातून एवं अन्य शिक्षकगण तथा सारण एवं गोपालगंज के तमाम मीडिया बन्धुगण शामिल हैं.

### कुलपति ने किया शुभारम्भ



जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ प्रमेन्द्र कुमार वाजपेई द्वारा परसा के हाई स्कूल के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्म उत्सव के छठा दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर महिला एवं पुरुष वर्ग कुस्ती दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कुलपति ने राधे कृष्णा जी का पूजा अर्चना करने के उपरांत नारियल फोड़ कुस्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । पूजा समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लेने का कार्य किया,। प्राचार्य डॉ पुष्पराज गौतम को डॉ.संजय कुमार राय ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया, प्राध्यापक डॉ संजय कुमार सिंह को सुमंत कुमार बाबा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा समिति सदस्य विकास कुमार,पंकज कुमार, तुफान कुमार, सिकन्दर कुमार राय,रितिक यादव, कुणाल कुमार, अंकित कुमार, हैप्पी कुमार, रितेश कुमार , पवन कुमार, आदि ने आएं हुए सभी अतिथिगणों को स्वागत करने का कार्य किया ।

### सांसद के सौजन्य से जलालपुर महेंद्र मिसिर चौक पर लगेगा हाई मास्ट लाईट

जलालपुर। स्थानीय प्रखंड के जलालपुर बाजार स्थित महेंद्र मिसिर चौक पर गोलंबर के समीप आए दिन हो रही छिटपुट दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों ने सांसद से चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाने की की मांग समाजसेवी विवेकानंद तिवारी ने बताया कि रात्रि में चौक पर अंधेरे होने के कारण लोग कई बार ट्रक या अन्य वाहन के धक्के का शिकार हो जाते है।उन्होंने कहा कि जलालपुर चौक के महेंद्र मिसिर का गोलंबर के समीप अगर हाई मास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लग जाय तब यहाँ पर घट रही दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से हाई मास्ट लाइट एवं सीसी टीवी कैमरा लगाने की मांग की। इस अवसर पर महेंद्र मिसिर के परपोत्र रामनाथ मिश्रा कन्हैया सिंह तूफानी दिग्विजय पांडे विवेका तिवारी विजय कुमार यादव राजेश कुमार तिवारी इत्यादि शामिल थे वही सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही हाई मार्क्स लाइट लगाने का आश्वासन दिया।

# विहिप का स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। रविवार को विश्व हिंदू परिषद का 60वाँ स्थापना दिवस स्थानीय दुर्गा मंदिर , लल्लू मोर , भगवान बाजार रोड छपरा में मना रहा है ।इस अवसर पर उत्तर बिहार प्रांत उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री वसंत कुमार सिंह सोनू ने की । बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का गठन 29 अगस्त 1964 को माननीय गोलवलकर जी ,आप्टे जी और स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती द्वारा की गई ।इसका उद्देश हिंदू संस्कृति और अपनी पारंपरिक धरोहरों की रक्षा करना है।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राज किशोर जी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा संगठन पूरे विश्व में हिंदुओं को संगठित करने के लिए समर्पित है और हिंदुओं पर कहीं भी किसी प्रकार की अत्याचार ना हो इसका भी ख्याल रखता है ।जब दुनिया ईसाई, इस्लाम और साम्यवादी में विभाजित हो गई है ।यह सभी समाज हिंदू समाज को अपना बहुत बढ़िया समृद्ध भोजन के रूप में देखते हैं ।हिंदू समाज को तोड़ने और विघटित करने की कोशिश करते रहते हैं ।संघर्ष के इस युग में हिंदू दुनिया को इन तीनों की बुराइयों से बचने के लिए सोचना और संगठित करना भी हमारा उद्देश्य है ।उन्होंने कहा .कि हमारा संगठन सिख, जैन ,बुद्ध और मूल आदिवासी धर्म को भी अपना मानता है और उनकी रक्षा के लिए भी कार्य करता है क्योंकि यह सारे मूल रूप से हिंदुस्तान के हैं । उन्होंने बोला कि संगठन गौहत्या , धर्मांतरण, लवजिहाद जैसे मामलों को भी रोकने का कार्य करता है। लव जिहाद को लेकर हम लोग बहुत चिंतित हैं और इसे रोकने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य भी कर रहे है। माता पिता को भी चाहिए कि वो अपनी बच्चियों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें लव जिहाद के बारे में बताएं । देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे धर्मांतरण को रोकने में विहिप की भूमिका अहम है और धर्म मार्ग से भटके हुए लोगों की घर वापसी भी संगठन करवा रही है। विहिप हिन्दू प्रवासियों के सदस्योंकी शिक्षा और उनके सांस्कृतिक कर्तव्यों और आध्यात्मिक मूल्यों में भागिदारी को भी बढ़ावा देता है। दुनिया भर के हिन्दुओं और हिन्दू अधिकारों की रक्षा करना इसके घोषित उद्देश्यों में से एक है। आगे बोलते हुए उन्होंने बताया कि हमारे युवा संगठन बजरंग दल जिसकी स्थापना 1984 में की गई और दुर्गा वाहिनि जिसकी स्थापना 1991 में की गई । इनका लक्ष्यआध्यात्मिक, शारिरिक , मानसिक और ज्ञान विकास के लिए खुद को समर्पित करना है।
विश्व हिन्दू परिषद अभी कुल लगभग 29 देशों में हिंदू हितों के लिए कार्यरत है। आज हमारा संघर्ष हीं है कि अयोध्या में राम मंदिर का सपना साकार हुआ और हमारे रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए। काशी का भी विश्वनाथ मंदिर भव्य आकार ले चुका है और आने वाले समय में मथुरा में स्थित कृष्ण मंदिर का भी जिर्णोंधार होगा। साथ ही वैसे सभी मंदिर को अतिक्रमण मुक्त करना भी हमारा उद्देश है जो किसी न किसी कारण वश गलत लोगों या संगठनों के अतिक्रमण में हैं।
हमारा संगठन सिर्फ धर्म नहीं अपितु हिन्दूओं के लिए सेवा कार्य भी करता है। महलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, बच्चों के लिए बाल संस्कार केन्द्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र आदि सेवा प्रकल्प भी चलाता है । छपरा में हीं दो-दो सिलाई प्रशिक्षण केंद्र और बाल संस्कार केन्द्र जिला सेवा प्रमुख गौतम बंसल जी के देख रेख में चलता है। इस अवसर पर धन्यवाद करते हुए जिला विशेष संपर्क प्रमुख ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट होना होगा और आपस में समरसता लानी होगी, तभी हम हमारे उपर हो रहे विभिन्न प्रकार के हमलों का पुरजोड़ विरोध कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर एस एस के विभाग प्रमुख श्री अवध किशोर मिश्रा, पूर्व प्रचार्य अरुण सिंह , पूर्व मेयर राखी गुप्ता, जिला संयोजक अनुज कुमार, धर्म प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित, जिला कोषाध्यक्ष बिनोद सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रभात कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में स्थानिय लोग और कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पूउरे एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा छपरा की मासिक बैठक पराशर कम्प्लेक्स, भगवान बाजार में सुबह 10 बजे, विश्व मोहन सिंह अध्यक्ष छपरा शाखा की अध्यक्षता में से शुरू हुआ। अपने दिवंगत सदस्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन सभी सदस्यों ने रखा।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सिंह ने कहा कि नोशनल इन्क्रीमेंट मामले में 420 मामले में कोर्ट इलाहाबाद का निर्णय पेंशनर्स के पक्ष में आया है जो हर्ष का बिषय है। तीन बर्ष के एरियर के साथ रेलवे द्वारा पेमेंट कि प्रक्रिया शुरू हो गई है ।लोको पायलट एवं गार्ड को भी एक्सीडेंट अवार्ड का भुगतान एसोसिएशन की देन है ।जो पेंशनर्स 31-12-2015 को सेवा निवृत्त हुए हैं एवं सिलिंग के कारण बीस लाख का पेमेंट मिला है ,वे भी एसोसिएशन के माध्यम से कोर्ट केस करके पांच लाख और भुगतान एरियर के साथ पा सकते हैं। विधवा या तलाक शुदा पुत्री को भी अब फिक्स मेडिकल एलाउंस या मेडिकल सुविधा उपलब्ध हो गया। श्री ओम प्रकाश पराशर कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि गोरखपुर में ए जी एम हेतु सहयोग राशि जमा करें एवं 9-11-2024 को अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। उम्मीद कार्ड पर भारतीय रेल का क्यूआर कोड छपेगा, जिससे पूरे भारतवर्ष के रेलवे अस्पताल में इलाज करा सकते है, यह सब पेंशनर्स एसोसिएशन की देन है। श्री मिथलेश कुमार सिंह ने कहा कि छपरा शाखा में पेंशनर्स की समस्याओं का शत प्रतिशत निदान कर दिया गया है। सरकार को क्रम बद्ध तरीके से 65,70,75 बर्ष पर पेंशन में वृद्धि 5%,10%,15% कर देना चाहिए। अठारह महीने के मंहगाई भत्ते के भुगतान कि मांग दोहराई। सुरेन्द्र सिंह ने वढर पेंशन स्कीम में खामियां को उजागर किया।पैरा मिलिट्री फोर्स, अर्द्ध सैनिक बल कि सेवा निवृत्ति बीस साल पर है और पूर्ण पेंशन की पात्रता पच्चीस साल है। इसका विरोध किया गया। गणना बीस साल पहले की तरह रखने कि मांग किया। अगस्त माह में जन्म दिन वाले सदस्यों को बर्थडे कार्ड एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित, रामा नंद महतो, सुभाषचन्द्र, अरुण कुमार सिंह, राज कुमार श्रीवास्तव, योगेन्द्र राय, पी के मांझी, केदार कुंवर, बी एन शर्मा, योगेश्वर शर्मा ने किया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

प्रात : किरण, संवाददाता




रोट्रैक्ट क्लब ऑफ छपरा सिटी द्वारा विगत 25 अगस्त को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. स्थानीय पार्टी जोन में आयोजित किस पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, अजय गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने किया. दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया. जिसके जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अभिनव राज चौहान, द्वितीय स्थान पर आशी और तृतीय स्थान पर अंशिका कुमारी को पुरस्कार के रूप में साइकिल, स्मार्ट वॉच और पंखा देकर पुरस्कृत किया गया. वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर रितु कुमारी, द्वितीय स्थान पर उज्जवल प्रकाश सिंह एवं तृतीय स्थान पर कुमारी सलोनी राय को साइकिल, मोबाइल और आयरन देकर पुरस्कृत किया गया.सफल प्रतिभागियों को छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, पूर्व मेयर राखी गुप्ता, समाजसेवी चांदनी प्रकाश, अमरेंद्र कुमार सिंह, अजय गुप्ता, राकेश कुमार, सुनील कुमार, अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, सहित कई मुख्य अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया, वहीं इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता के में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दोनों वर्गों के 15- 15 छात्र छात्राओं को संतावना पुरस्कार देकर भी पुरस्कृत किया गया. क्लब के सचिव गुलाम जिलानी ने बताया कि रोट्रैक्ट क्लब ऑफ छपरा सिटी द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. जिसमें इस वर्ष 480 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. जिसमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. क्लब किया सोच है कि हमारे जिले की वैसी प्रतिभा जो छिपी है उसे खोज कर उन्हें उचित स्थान मुहैया कराते हुए उनकी प्रतिभा को और निखारा जाए. इस मौके पर अध्यक्ष अवध बिहारी, सचिव गुलाम जिलानी, अभिषेक श्रीवास्तव, निकुंज कुमार, इरशाद, अविनाश श्रीवास्तव, महताब आलम, अजित कुमार, राजा, सैनिक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## सांसद ने संगीत समारोह का किया विधिवत उदघाटन, कलाकारों ने गायकी से मचाया धमाल



प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। शनिवार की रात माँझी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गाँव में आयोजित एक सांस्कृतिक समारोह में प्रसिद्ध भोजपुरी गायक गोलू राजा,विष्णु ओझा तथा बादल बवाली समेत कई अन्य कलाकारों ने अपनी गायकी से श्रोताओं के बीच जबरदस्त धमाल मचाया। इससे पहले महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने गायक कलाकारों को अंगवस्त्र फूलमाला व नगद आदि से सम्मानित करके संगीत समारोह का विधिवत उदघाटन किया। बताते चलें कि स्थानीय समाजसेवी अजय सिंह की माता स्व शारदा देवी के श्राद्ध कर्म के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह को सम्बोधित करते हुए नेता द्वय ने भोजपुरी संगीत की महत्ता की चर्चा करते हुए भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की आवश्यकता जताई। मौके पर अनेक गणमान्य लोगों ने मृतक के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। रात भर चले समारोह में गायक गोलू राजा,विष्णु ओझा,बादल बवाली,प्रियंका भाष्कर तथा रिंकु यादव ने एक से बढ़कर एक भजन,निर्गुण,पूर्वी तथा सोहर आदि प्रस्तुत करके सैकड़ों श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। संगीत समारोह में पहुँची असगर अली की म्यूजिक टीम ने श्रोताओं को खूब रिझाया। समारोह में हेम नारायण सिंह,प्रो शिवाजी सिंह,मकेश्वर सिंह,चन्द्रदेव सिंह,पृथ्वीराज सिंह,हीरालाल यादव,संजीत साह,संजय सिंह तथा शिक्षक मंटू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह का संचालन रवि सिंह ने किया।

## कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में 01 पुलिस पदाधिकारी एवं 01 सिपाही को किया गया निलंबित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण जिला में दोषी पाये पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों पर समुचित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में:ऽ नगरा थाना में पदस्थापित स0अ0नि0 भागीरथ कुमार सिंह द्वारा बालु माफिया, शराब माफिया को मदद करने, थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति में थाना आने वाले व्यक्तियों के साथ अभद्र व्यवहार, निलंबित चैकिदार के साथ मिलकर अवैध मानव व्यापार में संलिप्त रहने, केस के नाम पर रूपया लेने एवं गिरफ्तार कर थाना लाये अभियुक्त के पॉकेट से जबरन पैसा निकाल लेने जैसे अवैध कार्य में संलिप्त होने के संबध में स0अ0नि0 भागीरथ कुमार को पूर्व में सावधान करने के वावजूद भी इन अवैध कार्यों में संलिप्तता पायी गयी है। इनके इस कृत से घोर अनुशासनहीनता, मनमानेपन, संदिग्ध आचरन एवं भ्रष्ट चरित्र को दशार्ता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोषियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति का पालन करते हुए स0अ0नि0 भागीरथ कुमार सिंह नगरा थाना को तत्काल प्रभाव (दिनांक-31.08.2024) से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित करते हुए पुलिस केन्द्र सारण क्लोज किया गया है और 07 दिनों के अंदर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है। दिनांक-25.08.2024 को यातायात संधारन हेतु साढ़ा ओभर ब्रिज के उत्तरी छोर पर प्रतिनियुक्त सिपाही/738 मुकेश कुमार द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाये गये। इनका मोबाइल पर संपर्क करने पर नंबर बंद पाया गया। इनका यह कृत कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं मनमानेपन का परिचायक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोषियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति का पालन करते हुए सिपाही/738 मुकेष कुमार को को तत्काल प्रभाव दिनांक-31.08.2024 से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित करते हुए पुलिस केन्द्र सारण क्लोज किया गया है और 07 दिनों के अंदर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है।

### दहेज के लोभियों ने विवाहित की किया हत्या,जाँच मे जुटी पुलिस

बनियापुर ।सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मोती छपरा गाव मे दहेज मे दो लाख रुपया की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या कर दिया है,जिस घटना की प्राथमिकी मृतिका के पिता ने सहाजितपुर थाना मे दर्ज कराकर न्याय की गोहार लगाया है। घटना की प्राथमिकी मे सिवान जिला के थाना महाराजगंज ग्राम सारेया निवासी राजेंद्र महतो ने बताया है कि बेटी रागनी देवी की शादी हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2019 मे मोती छपरा के प्रवीण महतो से किया था,शादी के कुछ दिनों ठीक ठाक बीतने के बाद दहेज मे दो लाख रुपया की मांग को लेकर बार बार गाली गलौज मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा था ,तब हम लोग पहुंचकर बेटी को अपने घर ले आए थे,बीमारी का बहना बनाकर कागज बनाकर उसके पति द्वारा घर लाया गया,और बीती रात मारपीट कर हत्या कर दिया गया,सूचना पर जब हम लोग पहुंचे तो प्रवीण कुमार परशुराम महतो लक्ष्मी देवी सोनी कुमारी नेहा कुमारी सभी ने गाली गलौज करते दरवाजे से भागा दिया। पीड़ित ने घटना की जाँच कर न्याय की गोहार लगाई है,प्राथमिकी के बाद पुलिस घटना की अनुसन्धान मे जुट गयी है जहा थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि मृतक के पोस्टमाटम के बाद उसके पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अफौर विद्यालय का ताला काटकर लाखों रुपए की संपति ले उड़े चोर,नगरा थाना की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

प्रात : किरण, संवाददाता



नगरा। प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय अफौर में बीती रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय और किचेन का ताला काटकर लाखो रुपए की संपति की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है.मिली जानकारी अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक कंचन कुमार सिंह ने नगरा थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की है ,दिए हुए आवेदन में उन्होंने कहा है की रात्रि प्रहरी संजय तिवारी के द्वारा सुबह में मोबाइल पर सूचित किया गया, सूचना पाकर मैं विद्यालय पहुंचकर सभी समान की जांच की तो पता चला की कार्यालय और किचेन का ताला काटकर कंप्यूटर ,तीन बोड़ा दाल ,प्रिंटर ,मॉनिटर, सीपीयू,डेस्कटॉप सिस्टम ,कीबोर्ड मॉनिटर ,एम्पलीय फायर का चोरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है.वहीं घटना की सूचना पर नगरा थाना की पुलिस कर्मी डायल 112 की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया की घटना की सूचना मिलने पर टीम को भेज कर जांच पड़तवाल करवाया गया है ,प्रधानाध्यापक द्वारा लिखित आवेदन दी गई है आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.

## उच्च विद्यालय जलालपुर में चल रहे शिविर में हाइक कार्यक्रम सम्पन्न

● स्काउट गाइड से बच्चो में होता है शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास : रीता पाल

प्रात : किरण, संवाददाता



छपराः जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उच्च विद्यालय जलालपुर में किया गया है। जिसमें शिविर के पांचवे दिन हाइक का आयोजन किया गया। हाइक में प्रशिक्षु स्काउट और गाइड के द्वारा टेंट बनाया गया,भोजन बनाया गया।और सामूहिक क्रियालाप का शानदार आयोजन किया। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में इस्लामिया उच्च विद्यालय के शिक्षक एवम स्काउट मास्टर अरुण परासर एवं गाइड में उच्च माध्यमिक विद्यालय बकवा पानापुर की शिक्षिका एवम गाइड कैप्टन डॉ० सुषमा सिंह को नियुक्त किया गया है। शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा,गांठ विद्या,ध्वज शिष्टाचार,ड्रिल,सफाई, व्यायाम,सीटी संकेत,खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। हाइक में विद्यालय की प्राचार्या रीता पाल ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं ।वहीं शिविर प्रधान गाइड डॉ० सुषमा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास होता है ।इस शिविर में उच्च विद्यालय जलालपुर बाजार के अलावे शंकर दयाल सिंह बालिका उच्च विद्यालय जलालपुर की गाइड भाग ले रही है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मयंक कुमार,राजेश कुमार शुभांगी,विजय साहू, दीपक सिंह आदि उपस्थित थे।

## महेंद्र मिसिर स्मारक समिति के सदस्यों ने सांसद को दिया ज्ञापन

प्रात : किरण, संवाददाता

जलालपुर। स्थानीय महेंद्र मिसिर चौक पर गोलंबर के समीप आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हाई मार्क्स लाइट जलालपुर चौक पर लगाने का मांग की अंधेरे होने के कारण साल में लगभग 2 से 3 बार ट्रक के धक्के का शिकार हो जा रहा है जलालपुर चौक का महेंद्र मिसिर का गोलंबर अगर हाई मार्क्स लाइट सीसीटीवी कैमरा लग जाने से दुर्घटनाओं में कमी होगी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से मुलाकात करने वालों में महेंद्र मिश्रा के परपोत्र रामनाथ मिश्रा कन्हैया सिंह तूफानी दिग्विजय पांडे विवेका तिवारी विजय कुमार यादव राजेश कुमार तिवारी इत्यादि शामिल थे जलालपुर चौक पर अक्सर हो रही दुर्घटनाओं की सांसद के पास चर्चा किये सांसद जनार्दन सिंह सीगवाल ने इसको गंभीरता से लेते हुए जल्द ही हाई मार्क्स लाइट लगाने का आश्वासन दिया ।

# 4 सितंबर को मंत्री मंगल पांडे छपरा में करेंगे सदस्यता अभियान की शुरूआत : रणजीत कुमार सिंह



छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारीयों की बैठक जन्नत विवाह भवन हुई। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी, मंच, मोर्चा के अध्यक्ष एवं संयोजकगण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 4 सितंबर को बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री आदरणीय मंगल पांडे जी छपरा के जन्नत विवाह भवन छपरा के सदस्यता अभियान की शुरूआत छपरा के प्रबुद्धजनों को सदस्यता दिला कर सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। इस कार्यक्रम में जिले के सभी सांसद विधायकगण, पूर्व अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं विचार परिवार के सभी लोग उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रभारी की भी नियुक्त किए गए। समाज के सभी वर्गों से विशिष्टजनों को सदस्यता दिलाई जाएगी, जिसमें चिकित्सा, विद्वान प्रोफेसर,अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता,कलाकार, खिलाड़ी एवं समाज के प्रबुद्धजन सदस्यता लेंगे। रविवार को हुए इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष चेतेंद्रनाथ सिंह,अनु सिंह महामंत्री विवेक कुमार सिंह,शत्रुघन भक्त, धर्मेंद्र कुमार साह, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह,अर्जुन सिंह, रंजन यादव, अर्द्धेन्दु शेखर, मिडिया प्रभारी बलवंत सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज पांडे,उमाकांत पांडे, युवा मोर्चा मनीष मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा शर्मा, निभा शर्मा सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अजय सिंह बने सारण जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष

● स्टेट को भेजा जाएगा एजीएम आयोजित करने का प्रस्ताव

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा । समाजसेवी अजय कुमार सिंह को सारण जिला एथलेटिक्स संघ का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है. जबकि तकनीकी पदाधिकारी निलाभ गुंजन उर्फ राका को कार्यकारी सचिव बनाया गया है. उक्त निर्णय रविवार को प्रभुनाथ नगर अवस्थित अजय सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में लिया गया. बैठक में संघ की गतिविधियों को तेज करने, प्रत्येक प्रखंड इकाई को सक्रिय करने, विभिन्न स्पोर्ट्स क्लब को गतिमान करने तथा अमनौर में आयोजित 41 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया. अपने मनोनयन पर श्री सिंह ने कहा कि आप सभी ने जो विश्वास मुझपर दिखाया है उसपर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी. अमनौर के जिला प्रतियोगिता को भव्य और सफल बनाने में हर सम्भव मदद की जाएगी. पुराना एथलीट होने के नाते मैं जिला के हर प्रखंड इकाई को सक्रिय करने का कार्य सर्वप्रथम करूंगा. उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल भी कैरियर बनाने का एक माध्यम है. इसलिए नए खिलाड़ियों की हर सम्भव सहायता की जाएगी. प्रारम्भ में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला सह राज्य अध्यक्ष सलीम परवेज ने कहा कि संघ का कार्य समय-समय पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निदेशानुसार प्रतियोगिता और मीट का आयोजन करना, विभिन्न इकाई और क्लबों को पंजीकृत करना, खिलाड़ियों को पूरे देश में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भेजना और उचित सहायता प्रदान करना है. नए खिलाड़ी बनाने के साथ विभिन्न स्पर्धा के चुनिंदा खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड इकाई और क्लबों को सक्रिय करना आवश्यक है. उन्होंने राज्य संघ में अपनी व्यस्तता के कारण जिला संघ को आ रही परेशानियों के मद्देनजर कार्यकारी अध्यक्ष और सचिव मनोनीत करने का प्रस्ताव दिया. उन्होंने जिला सचिव गजेंद्र सिंह को वार्षिक आम सभा (एजीएम) कराने के लिए राज्य संघ को प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया. ताकि स्थायी रूप से संघ की नई कमेटी का गठन किया जा सके. बैठक में श्यामदेव सिंह, राजकिशोर तिवारी, अमित सौरभ, राजेश कुमार, सुरज कुमार, अजय कुमार सिंह, पंकज कुमार चौहान, मृत्युंजय कुमार, विनय पंडित, प्रसाद बंटी सुरेंद्र, किशोर कुनाल, राजेश कुमार सिंह, सुरज कुमार समेत अमनौर अध्यक्ष नवीन कुमार पूरी, सचिव बृजकिशोर सिंह, संयोजक चंदन सिंह, कोच कमलजीत कुमार, नदीम अहमद आदि उपस्थित थे.

## विगत रात्रि सारण पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष समकालिन अभियान

छपरा। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में असमाजिक तत्वों/अपराधकर्मियों की गिरफतारी एवं शराब के सेवन/बिक्री/भंडारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विगत शनिवार की रात्रि में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 114 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें दहेज हत्या के कांड में-02, हत्या के प्रयास के कांड में-08, अपहरण के कांड में-02, अनु0जाति/जनजाति के कांड में-02, ब्लात्कार के कांड में-04, म0नि0 के कांड में-25, खनन के कांड में-01, वारंट में-60 एवं अन्य कांड में-10 अभियुक्त शामिल है। इस विशेष समकालिन अभियान में लंबित वारंट का निष्पादन के दृष्टिगत कुल 168 जमानतीय/गैर जमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया। जिलें में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से 2,99,000 रू0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिलान्तर्गत देशी शराब-45 लीटर, मोटरसाईकिल-04, मोबाईल-04, ट्रक-01, ट्रैक्टर-03, तास-01 सेट, गैस सिलेण्डर-02, गैस चूल्हा-01, नगद राशि-10890 जप्त/बरामद किया गया।

### जदयू जिला अध्यक्ष ने मढ़ौरा प्रखण्ड के रामपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

मढ़ौरा रामपुर जदयू पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार के अध्यक्षता में दामोदरपुर गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा की मैं इसी तरह निरंतर सभी पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जन समस्या सुनकर हल करने का काम करूंगा और आपका मान सम्मान का ख्याल रखूंगा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर समाज के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किए है हर समाज के लोग लाभान्वित हो रहे है साथ ही साथ पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को भी पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह,जिला महासचिव ई0 प्रभास शंकर,प्रखण्ड सचिव रामबाबू प्रसाद,जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज,प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे,चिनिलाल प्रसाद,संजय सिंह,डा0 रघुबीर सिंह, प्रमात्मा सिंह इत्यादि सम्मिलित थे

# दिनोंदिन नौ दिवसीय अष्टयाम में उमड़ रही भीड़

भेल्दी। यज्ञ की परिक्रमा से दुख,दरिद्रता ,आलस्य, रोग,दोष और ईर्ष्या दूर होती हैं तथा समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होने के साथ ही स्वास्थ्य संपत्ति सद सद्बुद्धि में समृद्धि होती हैं। उक्त बातें श्रीधर दास जी महाराज ने महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल सरायबक्स के प्रांगण में राधे कृष्ण मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय अखंड अष्टयाम के दौरान छठे दिन रविवार को कहीं। उन्होंने यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च ,तानि तानि प्रणश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे... के व्याख्या करते हुए कहाकि हमारे द्वारा जाने अनजाने तथा पूर्वजन्मों में किए गए पाप कर्मों की परिक्रमा करने से मुक्ति मिलती है। श्रीधर बाबा ने कहा कि जहां भी भगवान का नाम हो, मंदिर या फिर तीर्थ स्थानों की परिक्रमा करना सनातन संस्कृति में काफी महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त खबरें

### कृमि मुक्त दवा स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द होगा वितरण

रामगढ़ (कैमुर) प्रखंड क्षेत्र में क्रीमी मुक्ति दवा का वितरण बहुत ही जल्द प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस की पहल की शुरूआत की जा रही है। रामगढ़ रेफरल अस्पताल, संदर्भ में जानकारी देते हुए अस्पताल के बीसी एम मनीष कुमार सिन्हा ने बताया, कि रामगढ़ रेफरल अस्पताल में सितंबर के शुरूआती सप्ताह किया जाएगा, कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुरूआत। आपको बताते चलें कि कृमि मुक्त दवा को 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क वितरण किया जाएगा। यह दवा प्रखंड क्षेत्र के सभी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण कराया जाएगा। साथ ही वैसे बच्चे जिन्हें स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं जा सकते हैं, उन्हें रेफरल अस्पताल की आशा के द्वारा घर तक पहुंच कर वितरण किया जाएगा।

### बदलते मौसम के गर्मी से दर्जनों लोगों हुए बीमार, इलाज जारी

रामगढ़ (कैमूर) मौसम में हुए बदलाव के कारण लोगों की तबीयत हुई गड़बड़। रेफरल अस्पताल में लोगों की संख्या बढ़ी। जानकारी के अनुसार अचानक मौसम में हो रहे बदलाव तथा उमस के कारण लोगों की बिगड़ी तबीयत। पिछले तीन दिनों में रेफरल अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है साथ ही बुजुर्गों की तबीयत में अस्वस्थ भी देखी जा रही है। वही अस्वस्थ लोगों को रामगढ़ रेफरल अस्पताल में उनके परिजनों के द्वारा ले जा रहे हैं तथा अस्पताल में किया जा रहा है मरीजों का इलाज।

### नगर रामलीला समिति की कार्यकारिणी टीम अयोध्या नाथ स्वामी से मिली

आरा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले 18 दिवसीय रामलीला को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसी कड़ी में नगर रामलीला समिति के कार्यकारिणी टीम रविवार को शहर के बडी मठिया में जाकर लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी के शिष्य अयोध्या नाथ स्वामी से मुलाकात की। इस दौरान नगर रामलीला समिति के कार्यकारिणी टीम ने अयोध्या नाथ स्वामी को भगवान श्री राम का पट्टा एवं फोटो देकर सम्मानित किया। कार्यकारिणी टीम ने उन्हें नगर रामलीला समिति के संरक्षक बनने का आग्रह किया। जिस पर स्वामी जी ने अपनी सहमति जताई। इस दौरान सियापति रामचंद्र की जय एवं पवनसुत हनुमान की जय का जयकारा लगाया गया। इस मौके पर नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, सचिव विष्णु शंकर, कोषाध्यक्ष मेजर (सेनि) राणा प्रताप सिंह, संरक्षक मंडल के रामकुमार सिंह, कृष्ण कुमार, ओपी कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिचय वर्ग का आयोजन

शेरघाटी। शहर के नरनौलिया अग्रवाल धर्मशाला में आज संघ परिचय वर्ग का अयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा किया गया इसका उद्देश्य था नए लोगो को संघ के बारे में बताना संघ राष्ट्र हित में कैसे काम करती है संघ का उद्देश्य क्या है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ क्या है इसमें शेरघाटी नगर के सैकड़ों लोगो की उपस्थिति रही इस कार्यक्रम में गया के विभाग प्रचारक श्री अंशुमान जी ने अपना बौद्धिक दिया। उन्होंने संघ की छोटी सी छोटी बातों को लोगो के सामने रखा एवं संघ के संस्थापक श्री डॉक्टर बलिराम हेडगेवार जी की जीवनी एवं उनके संघर्षों के बारे में बताया उनके साथ मंच पर उपस्थि रहे शेरघाटी जिला के सह संयोजक श्री कमल किशोर सिंह कार्यक्रम के समापन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रार्थना किया गया वहा संपर्क प्रमुख श्री निवास जी प्रचार प्रमुख शिवपूजन जी एवं विस्तारक मधुसूदन जी एवं डॉक्टर तपेशर प्रसाद, अनुराग कुमार इत्यादि मौजुद रहे।

### राजद ने जातिय जनगणना अनुसूची में शामिल करने हेतू सरकार के खिलाफ धरना किया

अरवल। राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर पुरे भारत मे जातिय जनगणना एवं बिहार मे 65% आरक्षण को संविधान के नवी अनुसूची मे शामिल करने के लिए मांग को लेकर अरवल राजद के जिलाध्यक्ष जगजीवन राम के अध्यक्षता मे सरकार के खिलाफ में जिला मुख्यालय के अम्बेडकर साहब के मूर्ति के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया ' मौके पर उपस्थित उमेश पासवान जिलाध्यक्ष राजद दलित प्रकोष्ठ, प्रोझ बीरेंद्र सिन्हा राजद जिला सचिव संजय सिँह यादव, युवा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव, जिला प्रवक्ता मनोज पासवान, रामबाबू चौधरी, रामेश्वर चौधरी, राजीव रंजन पासवान, अभय यादव, छात्र जिलाध्यक्ष रवि कुमार यादव, अर्जुन यादव, प्रधान महासचिव घनश्याम वर्मा, शम्भु यादव सहित सैंकड़ो नेता एवं कार्यकर्त्ता धरना मे भाग लिए।

# विश्वशांति महायज्ञ के उपरांत यक्ष एवं यक्षिणी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। महावीर टोला स्थित भगवान मुनिसुब्रतनाथ मंदिर में चल रहे दो दिवसीय यक्ष एवं यक्षिणी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अनुष्ठान के उपरांत विश्वशांति महायज्ञ करके महोत्सव का हुआ समापन। हस्तिनापुर से पधारे विधानाचार्य पं नरेश कुमार जैन शास्त्री के मंगल निर्देशन में बड़े ही भक्तिपूर्वक श्रद्धालुओं द्वारा पूजन, विधान, हवन के पश्चात महोत्सव का समापन हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि महोत्सव में सौधर्म इंद्र-इंद्राणी रेशु-आकाश जैन, धन कुबेर आस्था-चंद्राभ जैन के साथ अनेकों पात्रों ने प्रातः समय में भव्य पंचामृत अभिषेक, वृहद शांतिधारा, नित्य पूजन के पश्चात याग मंडल विधान, प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार, वेदी में नवीन प्रतिमा को स्थापना, श्रृंगार एवं गोद भराई के पश्चात विश्वशांति महायज्ञ किए। महोत्सव में सह प्रतिष्ठाचार्य पं गुलाब चंद जैन शास्त्री कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराए। जबलपुर से पधारे संगीतकार शुभमराज जैन एवं उनके टीम ने अनेकों भक्तिमय संगीत के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किए। कार्यक्रम के समाप्ति पर साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था मंदिर परिसर में था जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किए। संध्याकालीन कार्यक्रम में महाआरती, भजन, प्रश्नमंच हुआ। आयोजन को सफल बनाने में श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य बिजय जैन, स० सचिव बिभु जैन, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र चंद्र जैन, मंदिर संयोजक महेन्द्र किशोर जैन, सह संयोजक अमूल बंसल, सदस्य मिथिलेश कुमार जैन, ब्र० सुलोचना दीदी, अनिल जैन, मधुलिका जैन, राकेश प्रसाद जैन, मीनू जैन, ऋषभ चंद्र जैन, सुबीर चंद्र जैन, आदेश जैन, अनंत कुमार जैन, मनीष जैन, रत्न ा जैन, सुशील जैन, रितु जैन, प्रतिभा जैन, सुधा जैन के साथ सैकड़ो की संख्या में भक्तगण की भूमिका अहम रही।

## 24 घंटे में सासाराम को मर्डर से दहलाने वाले अपराधी को पुलिस ने भेजा जेल

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी जिला में मुख्यमंत्री के आगमन से महज 48 घंटे पूर्व जिला मुख्यालय सासाराम में कल सुबह एक खौफनाक हत्या की घटना से दहशत फैल गई थी। विभिन्न मीडिया द्वारा भी इस खबर को प्रमुखता से प्रसारित किया था। गोरक्षणी स्थित बजरंग पाठशाला स्कूल के सामने एक 70 वर्षीय वृद्ध लालदेव पासवान को गोली मार दी गई थी। इस वारदात के बाद शहर में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही सासाराम नगर थाना ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और त्वरित जांच शुरू की। पुलिस की कड़ी मेहनत और सटीक जांच से केवल 24 घंटे के अंदर ही इस मामले का खुलासा हो गया। जो गिरफ्तार आरोपी अश्वनी कुमार उर्फ नागा, पिता बिशुनी पासवान जो मृतक का पौत्र है, और उसके साथी शशि कुमार, पिता जितेंद्र सिंह ने पारिवारिक विवाद के चलते इस हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस के सामने दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। वही नगर सासाराम पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की हर जगह सराहना हो रही है। अब देखना यह है कि आगे इस केसकांड में क्या मोड़ आता है।

## जनसंवाद में आया 18 माह में 33 लाख का बिजली बिली का मुद्दा, सांसद सुदामा प्रसाद के जनसंवाद में पहुंचे सैकड़ो लोग

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। आरा सांसद सुदामा प्रसाद द्वारा भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला आरा में जनसंवाद आयोजित किया गया। इस जनसंवाद में जनता के द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया और उसे हल करने का संबंधित अधिकारियों को निदेर्शीत किया गया। जनसंवाद में जिले के सैकड़ों फरियादी पहुंचे। जमीन पर दखल - कब्जा, रास्ता के लिए, नली गली, सड़क सहित इलाज और विकलांग प्रमाणपत्र का आया आवेदन।

बिजली विभाग से सम्बंधित एक मुख्य सवाल आया जिसमे गरीब परिवार जिसके घर मे पंखे और बल्ब के बिल जो 18 माह का स्मार्ट मीटर द्वारा 33 लाख 23 हजार 8 सौ 10 रुपया है। जनसंवाद में बिहार राज्य ऑटो रिक्शा (टेम्पो) चालक संघ सहित कई संगठनों ने अपना मांगों का ज्ञापन सौपा। इस मौके पर सासंद सुदामा प्रसाद ने कहा कि सरकार तत्काल स्मार्ट मीटर आपस ले और लगाना बंद करे। गरीबों के घर स्मार्ट मीटर लगा कर लाखों का बिजली बिल भेजा जा रहा है जबकि उनके घर मे कोई बड़े उपकरण नह चलते हैं। उन्होंने कहा कि गरीब अपने गाढ़ी कमाई फर्जी बिजली बिल में गवां रहें हैं। इस पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इसका कोई लिखित आदेश नही है फिर भी कम्पनियों के फायदे के लिए गांवों में स्मार्ट मीटर लगया जा रहा है। इसी नाम पर पूरे गांव का बिजली भी काटी जा रही है।

इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, निजी सचिव चंदन कुमार, नगर कमेटी सदस्य मिल्टन कुशवाहा, कृष्णरंजन गुप्ता, सुरज कुमार मौजूद थे!

## लोकोत्सव के रूप में मनाई जायेगी भिखारी ठाकुर की जयंती

प्रात: किरण संवाददाता

आरा/भोजपुर 01 सितंबर। स्थानीय पटेल बस पड़ाव स्तिथ भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर एक विशेष बैठक में इस बार लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती भिखारी ठाकुर लोकोत्सव -2024 के रूप में मानने का निर्णय लिया गया।बैठक की अध्यक्षता सीनियर सिटीजन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। ाज की बैठक के दौरान गहन विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि परंपरा व संस्कृति की बहुत सी विधाएं विलुप्त हो रही है जिसको चुन चुन कर आगामी 18 दिसंबर को होने वाले भिखारी ठाकुर लोकोत्सव कार्यक्रम में शामिल किया जाए। साथ ही भोजपुरी भाषा की उन्नति के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भोजपुरी में भाषण प्रतियोगिता भी कराया जाए।भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर के तले आयोजित इस बैठक के दौरान जिला प्रशासन से सहयोग लेने की बात कही गई।जिसको लेकर एक शिष्ट मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी राज कुमार से मिलेगा।इस दौरान आयोजन को सफल बनाने को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभूषण पांडे, कोषाध्यक्ष के रूप में राम जी प्रसाद यादव एवं सह सचिव के रूप में रंगकर्मी राजीव रंजन और प्रशांत कुमार का मनोनयन किया गया। आज की बैठक में शामिल प्रमुख लोगो में पत्रकार रजनीश त्रिपाठी, डॉ अरविंद कुमार राय, बाल्मिकी शर्मा, सत्येंद्र सिंह, डॉ एस के विष्णु, व्यास कमलेश पासवान, बहिरो सांस्कृतिक मंच के सुरेंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र कुमार आदि प्रमुख थे।

## जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, अधिकारियों का नही कोई ध्यान

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) करमा गांव के सरकारी विद्यालय से बाहर होते हुए अमरथा गांव टावर तक जाने वाली सड़क, जो प्रधानमंत्री योजना के तहत 2012 में बनी थी, अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। ग्रामीण इस स्थिति से बेहद खफा हैं। उनका कहना है कि यह सड़क उनके लिए जीवन रेखा थी, लेकिन अब यह खतरनाक हो गई है। गांव के लोग बार-बार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी आवाजें सुनाई नहीं दे रही हैं। सड़क के गड्ढे और टूटे फूटे हिस्से दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी इस स्थिति का सामना कर रहे हैं।

इस जर्जर सड़क के कारण गांव के विकास पर भी असर पड़ा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो हालात और खराब हो जाएंगे। अब समय आ गया है कि संबंधित अधिकारी इस समस्या का समाधान करें। क्या प्रशासन उनकी आवाज सुनेगा? ऐसे में ग्रामीण लोगों ने प्रशासन पर कई सवाल खड़ा की पप्पू सिंह, चुलबुल सिंह, निरजंन सिंह, रामकुमार सिंह, अनील, गदेल पांडेय, अनील सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने असंतोष जताया।

## शौंडिक समाज को विभिन्न राजनीतिक दलों से टिकट देने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



पटना/ रांची कल रविवार झारखण्ड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु एवम प्रदेश कार्यक्रम संयोजक उदय साहु ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखण्ड प्रदेश के 2024 विधानसभा चुनाव में शौंडिक सुंडी वैश्य समाज के जमीनी स्तर के सक्रीय कार्यकताओं को उनकी राजनितिक भागीदारी सुनिश्चित कर विभिन्न राजनीतिक दलों से टिकट देने की मांग की है। बीरेंद्र साहु ने बताया कि पूरे पांच साल समाजसेवा में प्राथमिकता देते हुए लोगों के बीच सक्रिय भूमिका में रहते हुए अंतिम व्यक्ति तक उनके सुख दुख में उनके बीच जाकर निष्ठा से सेवा करते हैं। जब चुनाव आता है तो वैसे कार्यकर्ताओ के साथ उन्हें नजर अंदाज कर सक्रिय कार्यकर्ताओ के साथ बैमानी हो जाति है, और कार्यकर्ता अपने राजनितिक दल से निराश हो कर सक्रियता छोड़ घरों में बैठ जाते हैं। पुरे प्रदेश में कई ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां शौंडिक, सुंडी वैश्य बाहुल्य एवं पिछड़ी जातियों की घनी आबादी है उसमें रांची, सिल्ली, ईचागढ़, पलामू, रामगड, मांडू, हजारीबाग, बड़कागांव, बगोदर , गिरिडीह, गांडेय, बरकट्ठा, सिंदरी, निरसा, टुंडी, गोड्डा एवं पोरैयाहार्ट विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जहां सुंडी शौंडिक वैश्य पिछड़ी जातियों को टिकट देने में प्राथमिकता देने से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी और अधिकांस विधानसभा सीटों पर वे राजनितिक पार्टियों को जीत दिलाई जा सकती है। बीरेंद्र साहु ने बताया कि पीछले चुनाव में भी उन्होंने राजनितिक पार्टियों से इस फामूर्ला पर अमल करने का अनुरोध किया था।

## राजद ने जातिय जनगणना व अनुसूची में शामिल करने हेतू सरकार के खिलाफ किया धरना

अरवल। राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर पुरे भारत मे जातिय जनगणना एवं बिहार मे 65% आरक्षण को संविधान के नवी अनुसूची मे शामिल करने के लिए मांग को लेकर अरवल राजद के जिलाध्यक्ष जगजीवन राम के अध्यक्षता मे सरकार के खिलाफ में जिला मुख्यालय के अम्बेडकर साहब के मूर्ति के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया ' मौके पर उपस्थित उमेश पासवान जिलाध्यक्ष राजद दलित प्रकोष्ठ, प्रोझ बीरेंद्र सिन्हा राजद जिला सचिव संजय सिँह यादव, युवा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव, जिला प्रवक्ता मनोज पासवान, रामबाबू चौधरी, रामेश्वर चौधरी, राजीव रंजन पासवान, अभय यादव, छात्र जिलाध्यक्ष रवि कुमार यादव, अर्जुन यादव, प्रधान महासचिव घनश्याम वर्मा, शम्भु यादव सहित सैंकड़ो नेता एवं कार्यकर्त्ता धरना मे भाग लिए।

## नागा रोड दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित, होगा भव्य पूजन का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। प्रत्येक साल की भांति इस बार भी नागा रोड स्थित बाबा मठ के प्रांगण में नागा रोड दुर्गा पूजा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रभु यादव ने की। बैठक की शुरूआत देवी-देवता की जयकार से हुआ। उसके बाद गत वर्ष 2023 में प्राप्त सहयोग राशि एवं खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात इस साल 2024 में पूजा की तैयारी पर चर्चा करते हुए इस साल भी धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों समेत सदस्य एवं आमजनों की उपस्थिति रही। समिति में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रभु यादव, महासचिव अमरदीप गुप्ता, सचिव संतोष रौनियार, सह सचिव मुकेश भारती, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार एवं राकेश रंजन वर्मा, उपाध्यक्ष राजन यादव, पिंटू गिरी, संजय पटेल, संजय सर्राफ, चंदन कुमार एवं प्रेमचंद कुशवाहा, संरक्षक शिवपूजन गुप्ता, शिव पूजन सिंह, गौरीशंकर श्रीवास्तव, राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, उदय सिंह, गुड्डू सिंह, कृष्णा साह, देवेंद्र यादव, विजय साह, भैरव गुप्ता, पप्पू गुप्ता, राकेश गुप्ता, परमानंद गिरी, बृजकिशोर साह, कन्हैया सर्राफ, राहुल कुमार, डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता, जगदीश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, शिवकुमार भारती, संजय सर, मुकेश साह एवं सतन साह शामिल हैं। वें इस बार भी पंडित मुन्ना उपाध्याय द्वारा मुख्य पुजारी की भूमिका निभाई जाएगी। मौके पर धीरज कुमार गिरी, सुदामा प्रसाद, अनिल गुप्ता, सत्यदेव कुमार सतन, प्रमोद कुमार शर्मा, कौशल किशोर प्रसाद, मिट्ठू सिंह, सदस्य प्रमुख सौरभ यादव, संतोष कुमार, बिट्टू कुमार यादव, विक्की कुमार, नीरज कुमार, विशाल कुमार, सागर श्रीवास्तव, रौनक वर्णवाल, रवि कुमार, शिवम कुमार, शिद्धार्थ सर्राफ एवं कृष कुमार मौजूद थे।

## रोहतास पुलिस ने हत्या की गुत्थी को 24 घंटे के भीतर किया उद्वेदन

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास (बिहार)। शनिवार को अहले सुबह रोहतास जिले सासाराम नगर थानाक्षेत्र में जिस बुजुर्ग की मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उस मामले का पुलिस में खुलासा कर दिया है तथा मृतक बुजुर्ग लालदेव पासवान का पौत्र नागा पासवान को ही अपने दादा के हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही हत्याकांड में सहयोग देने वाले शशि सिंह को भी पुलिस ने पकड़ लिया। चुकी इस हत्याकांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। इसके बाद पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तमाम बिंदुओं पर छानबीन शुरू की। ऐसे में पुलिस को जानकारी मिली थी की पारिवारिक विवाद में ही मृतक के पौत्र ने लालदेव पासवान की गोली मार कर हत्या कर दी तथा इस वारदात को लूट के दौरान हत्या प्रदर्शित करने की कोशिश की जाने लगी। लेकिन पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया तथा मामले का 24 घंटा के अंदर उद्वेदन कर दिया। सासाराम के एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है तथा उसके पास से वारदात के वक्त उपयोग किए गए कपड़े, घटना स्थल से खोखा तथा अन्य सामान भी मिले है। पुलिस अपराध में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने की कोशिश कर रही है।

## राष्ट्रीय जनता दल भोजपुर के द्वारा जिला मुख्यालय के पास किया गया एक दिवसीय धरना आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा:राष्ट्रीय जनता दल, बिहार प्रदेश द्वारा देश भर में जातिगत जनगणना की मांग तथा महागठबंधन सरकार के 17 महीनों के "तेजस्वी यादव के सेवाकाल" में बढ़ायी गयी 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को संविधान की 9वीं अनुसुची में शामिल करने की मांग को लेकर एनडीए सरकार के विरूद्ध आहूत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के क्रम में राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर जिला इकाई द्वारा भोजपुर जिला मुख्यालय के आरा में धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की वहीं संचालन राजद के भोजपुर जिला प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि भारत में जातिगत जनगणना की मांग दशकों पुरानी है। इसका मकसद अलग-अलग जातियों की संख्या के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी में आरक्षण देना और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। केंद्र में बैठी एनडीए की सरकार जातिगत जनगणना से डरती है। यह सरकार दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा,




अल्पसंख्यक विरोधी है। वहीं सांसद सुदामा प्रसाद ने यह भी कहा की बिहार में जब महागठबंधन की सरकार थी तब जातिगत जनगणना के सर्वे के आधार पर पिछड़ों के आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया था उसे संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

वहीं दूसरी ओर धरना को संबोधित करते हुए जगदीशपुर के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने कहा की हमारी सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था। हमारे नेता तेजस्वी यादव ने इसे अनुसूची 9 में शामिल करने की बात कही थी। मामला विचाराधीन है। लेकिन हमलोग जानते थे कि भाजपा ऐसा नहीं चाहती थी। वह आरक्षण को खत्म करना चाहती थी। इसलिए उसने इसे अनुसूची 9 में शामिल नहीं किया। वहीं धरना को संबोधित करते हुए शाहपुर के विधायक राहुल तिवारी ने कहा की आज पूरे बिहार के जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन है। पहली बार हमारी सरकार ने जाति आधारित सर्वेक्षण कराया और उसके बाद आरक्षण को 65 प्रतिशत बढ़ाने का काम किया। और उसके बाद केंद्र सरकार को एक नोट भी भेजा गया कि इस आरक्षण की रक्षा के लिए इसे नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए, लेकिन भारत सरकार ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

वहीं आरा सदर के पूर्व विधायक सह राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. नवाज आलम उर्फ अनवर आलम ने धरना के माध्यम से सूबे के मुखिया नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए कहा की 'यह साफ दिख रहा है कि भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ों, दलितों के खिलाफ हैं और चाहे कुछ भी हो जाए, हमारी पार्टी और हमारे नेता इस आरक्षण को शामिल करेंगे जिसे महागठबंधन सरकार नौवीं अनुसूची में बढ़ाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मुद्दे पर चुप हैं। वह किसी भी तरह से बस मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कपिल देव अकेला, पूर्व विधान पार्षद लालदास राय, पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव, भाई दिनेश, मुकेश यादव, राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, शैलेंद्र कुमार, जिप अध्यक्ष आशा पासवान, आरती देवी, भोला खान, जहांगीर आलम, प्रो. सियाराम राय, लालबाबू सिंह, अरुण सिंह यादव, मनोज सिंह, हाकीम प्रसाद, रामबाबू सिंह, धनजीत यादव, मुन्ना सम्राट, अमित ठाकुर, रवि यादव, शिव कुमार शर्मा, मंटू शर्मा, जिप सदस्य धनंजय यादव, सोनू रजक, हरिफन यादव, विनोद चंद्रवंशी, हीरा ओझा, मो. सलमान, चिंटू यादव, सुनील यादव, मुन्ना अंसारी, सेराज अंसारी, मो. एकराम आलम, मो. एनामुल हक, मालिक यादव, नंदकिशोर यादव, उत्तम प्रसाद, मदन राय, राजनाथ राम, विजय यादव, श्याम बिहारी चौधरी, अमरेंद्र प्रताप, रवि सागर, शिव परसन यादव, धनु चंद्रवंशी, सत्यनारायण यादव, श्री निवास, मो. सोहैल, सुभाष यादव, भुनेश्वर यादव, रजनीश यादव, शमीम अहमद, जगदीश सिंह, गोरख नाथ यादव, दिवाकर यादव, प्रभुनाथ राय, भीम शंकर यादव, दिलराज प्रीतम, राज गौरव टाइगर, नंदजी यादव, ऋतु देवी, मुराद हुसैन, सीपी चक्रवर्ती, ओम प्रकाश मुन्ना समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जनसेवक संघ भोजपुर के बैनर तले किसान सलाहकार साथियों ने किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा :जनसेवक संघ भोजपुर के बैनर तले किसान सलाहकार साथियों ने बैठक किया, अध्यक्षता अखिलेश कुमार सिंह ने किया, संचालन उमेश कुमार सुमन ने किए, संघ के बिस्तार और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श के लिये जिला सचिव वरूण कुमार ने विस्तार से जानकारी दी, उपस्थित 14,'ड्ड' से किसान सलाहकार ने अपने संबोधन में कहा कि संघ के विस्तार और ब्लॉक स्तर पर कमिटी बने, 29.9.24 के कार्यक्रम को सभी साथी मिलकर सफल करे, कृषि विभाग अपने संचालित योजनाओं को सफल कराने के लिए किसान सलाहकार के नाम से भी पत्र जारी करे नहीं तो हम सभी सलाहकार कोई भी स्त्र से कार्य नहीं करेगे, ब्लॉक स्तर पर प्रखंड अध्यक्ष, सचिव की टीम गठन किया जाएगा, अपने संबोधन में जनसेवक संघ के राज्याध्यक्ष उमेश कुमार सुमन ने कहा कि आज केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार चारों तरफ आंदोलन का दौर जारी है, संविदा अठट का आंदोलन 8.7.24 से जारी है, हेल्थ विभाग चुप है, आम जनता बैचैनी से जीवन जी रहे हैं, सूँ बंद है, किसान सलाहकार को कृषि विभाग जनसेवक के पद पर समायोजित नहीं कर रही, जबकि नियोजन में जनसेवक के रिक्त पदों पर अस्थाई नियोजन किया गया है, 14 साल से 13ड्डड्डड्ड१२ पर है जबकि अन्य विभागों के कर्मी को समय पर मानदेय बढ़ोतरी की जाती है, लेकिन किसान सलाहकार को आज तक कोई बढ़ोतरी नहीं किया जा रहा है, आज के३३ल्लॅ में जानकी प्रसाद, धर्म कुमार, रामानंद सिंह,,महासंघ गोप गुट के नेता भी शामिल हुए, किसान सलाहकार वरूण कुमार अखिलेश राम सुशील कुमार रंजीत बहादुर, धर्मेंद्र सिंह, त्रिलोकी सिंह जयराम प्रसाद, उमेश कुमार, संतोष कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह, स्र्ँ गुप्ता, सुराज सिंह, रवि शंकर, संजय पांडे, केशरी, आकाश कुमार, सहित अन्य किसान सलाहकार उपस्थित हुए, भवदीय सुमन जिला सचिव महासंघ गोप गुट भोजपुर

## सांसद सुदामा प्रसाद एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हकीम प्रसाद संयुक्त रूप से किया गया मेला समारोह का उद्घाटन



आरा। बाबा गणिनाथ धाम पलवैया महनार न्यास समिति की ओर से बाबा गणिनाथ जी का वार्षिक जयंती एवं मेला समारोह का उद्घाटन कानु हलवाई समाज के शेर हिंदुस्तान आरा के लोकप्रिय सांसद श्री सुदामा प्रसाद जी एवं आरा के लोकप्रिय पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्री हकीम प्रसाद जी वैशाली जिला के जिला परिषद अध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार दीपू जी राष्ट्रीय जनता दल के प्रधानमहासचिव श्री संजय कुमार राय नेता महनार विधानसभा क्षेत्र के द्वारा दीप प्रज्वलित कर जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर उद्घाटनकर्ता एवं आरा के लोकप्रिय सांसद श्री सुदामा प्रसाद जी ने अपने संबोधन में बाबा गणिनाथ जी के जन्म भूमि पलवैया धाम महनार वासी एवं देश भर से आए हुए तमाम तीर्थ यात्री श्रद्धालु गण को बाबा गणिनाथ के धरती पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित करते हुए आप तमाम भक्तगणों को जयंती उद्घाटन के अवसर पर बधाई शुभकामना देता बाबा गणिनाथ हमारे कुल देवता भी हैं और पलवैया धाम के इस धरती पर बाबा गणिनाथ जी का अवतरण अन्याय, दुराचार, अत्याचार, शोषण- दमन सामंती सोच के खिलाफ राक्षसों के सफाया कर मानव कल्याण के लिए हुआ था जिस तरह से बाबा गणिनाथ जी ने राक्षसों से लड़ते हुए उनका सफाया कर असत्य पर सत्य की विजय दिलाई इसलिए आज उनके कृति से प्रभावित हो हर वर्ष उनका जयंती के रूप में याद करते हैं मैं उनके रास्ते पर चलते हुए मैं सड़क से लेकर संसद तक जन कल्याण की लड़ाई लड़ने का संकल्प लेता हुँ लोक देवताओं में सबसे प्रसिद्ध बाबा गणिनाथ जी हैं। जब मैं चुनाव लड़ रहा था तो मेरे विपक्षी बड़े भारी सामंती मनुवादी विचार के होने के कारण मुझे चुटकी से मसलने का उनके सामने एक मिनट नहीं टिकने का बात करते थे लेकिन आप जनता मालिक के कृपा से एवं अपने समाज के तन मन और धन के सहयोग से मैं वैसे सामंती को धूल चटकार बड़ा भारी पराजय दिया यह सब आप जनता के कृपा से ही हुआ नहीं तो मेरे जैसे गरीब के बेटा को चुनाव लड़ना भी असंभव था जिसको मैंने आपकी ताकत से पूरा किया और मैं संकल्प लेता हूं कि जिस गरीब किसान मजदूर मालिकों के कृपा से मैं जीता हूं उनका काम मैं सदन से लेकर संसद तक अपने संघर्षो के बदौलत पूरा करने का काम करूंगा वही सामंती लोग मुझे कहा करते थे कि आप विधायक हो गए आप अपनी गरिमा को पहचानिए दलित जूता सीने वाला चाय बेचने वाला सब्जी बेचने वाला रिक्शा ठेला वाला के साथ बैठकर बातें करते हैं हाथ मिलाते हैं की मयार्दा के खिलाफ मैं उन्हें कहा की इन्हीं की आशीर्वाद से देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा पहुंचा और हमारा अंतिम सांस चलेगा तब तक मैं इनके सेवा में रहूंगा इन्होंने मंच से आपके बचे हुए कार्यो को जिस तरह से मैं सहारा इंडिया में जमाकर्ता एवं अभिकर्ता भाइयों के लिए लड़ाई को लड़ा है और आगे भी उनकी लड़ाई को लड़ने का हम संकल्पित है जब तक उनका किसान मजदूर दलित शोषित भाइयों के बेटी के शादी बीमारी और आवश्यक कार्य की जो खून पसीना की गाड़ी कमाई सहारा अभिकर्ता के माध्यम से नहीं दिलवाया तब तक मेरा आंदोलन संघर्ष जारी रहेगा आज की कार्यक्रम में आप लोगों ने मुझे उद्घाटनकर्ता बनाया मैं बाबा गणिनाथ जी के जन्म भूमि पलवैया धाम महनार में आकर धन हूं और आप लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आपको कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए बाबा गणिनाथ जी को नमन करते हुए अपनी बात समाप्त करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सात वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अरवल। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल के नेतृत्व में चिन्हित गांव में विशेष समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर अलग-अलग कांडों में फरार चल रहे सात अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनमें कुर्था थाना से तीन वारंटी मेहंदिया थाना मद्यनिषेध के मामलें में दो अरवल थाना से धोखाधड़ी के कांड में एक और रामपुर चौरम थाना से मद्यनिषेध के मामले में एक को न्यायायिक हिरासत जहानाबाद भेज दिया गया। वही मद्यनिषेध के तहत 18 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया गया है।

### गणेश भगवान कि अद्भुत मूर्ति दिखाई देगी आजाद पार्क गणेश महोत्सव में

गया।श्री गणेश महोत्सव आजाद पार्क के लिए एक आम बैठक का आयोजन राधे राधे में हुआ है।इस बैठक की अध्यक्षता शिव कैलाश डालमिया ने की एवम संचालन विनोद जसरपुरिया ने किया है। गणपती महोत्सव की तैयारी जोरों सोरों से चल रही है,पंडाल का निर्माण आजाद पार्क में शुरू हो चुका है।इस बार बहुत ही अद्भुत मूर्ति का निर्माण हो रहा है,मूर्ति 06/24 को लाई जायेगी। इस बैठक में ओमप्रकाश ,मुकेश खंडेलवाल,पवन मोर,राजेश ,प्राण मिताला, निक्कू जगवानिया,रोहित,सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल , सिरिश अग्रवाल, पपुरुषोत्तम अग्रवाल,रवि गुप्ता,प्रदीप अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल,टिबलू सिंह,इत्यादि मोजूद थे।

### कुशवाहा ठाकुर बाड़ी में छटियार का आयोजन

गया। भगवान कृष्ण की छटियार का आयोजन गया के राजेन्द्र आश्रम स्थित कुशवाहा ठाकुर बाड़ी में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। जिनमें 56 प्रकार के भोग लगा कर भगवान की छठी बहुत धुम धाम से मनाई जा रही है। इसमें प्रमुख रुप में वार्ड पार्षद सारिका वर्मा,सुधा देवी, सुनिल बंम्बयीया, शर्मिला देवी,पुनम देवी,सहादे प्रसाद, मुन्ना प्रसाद काफी संख्या में भक्त जन उपिस्थत थे।

### परमानंद सेवा फाउंडेशन ने वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की

परमानंद सेवा फाउंडेशन एवं भूमिहार सामाजिक सेवा के संस्थापक, भारत सरकार के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी एवं पर्यावरण के प्रबल रक्षक स्वर्गीय परमानंद चौधरी जी के जन्मदिन के अवसर पर नवी मुंबई के पनवेल तालुका के नेरे पंचायत के मंदिर एवं सार्वजनिक स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जामुन, इमली, आँवला, शीशम, पीपल एवं अन्य सैकड़ों उपयोगी पौधे लगाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। शाम को परमानंद सेवा फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम एवं अनाथालय में स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम को श्री मिथलेश, श्री राजीव चौधरी,श्री संजीव चौधरी (बंटी) श्री मनीष,श्री एस.के.मिश्रा जी,श्री निशांत,दीपक, नवीन, संदीप, सोहन श्री सिन्हा जी, श्री सुशील, विकास राय जी , अन्य ने मिलकर सफल बनाया।

### जदयू दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष ने परिवर्तन रैली निकाल सरकार को चेताया

नई दिल्ली। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुराड़ी फ्लाईओवर से लेकर विधायक कार्यालय तक लगभग 500 से अधिक कार्यकताओं संग परिवर्तन रैली निकाली गई। रैली के दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सालों से बुराड़ी कराह रही है। यहां की जनता बेहाल है। विधायक कान में तेल डाल कर सोए हुए हैं। चुनाव के समय नजदीक आने पर अपने पुराने कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए लीपापोती का कार्य करते हैं। वर्षों से सड़क जाम की समस्याएं आम हो चुकी है। वर्तमान विधायक पर निशाना साधते हुए श्री कुमार ने आगे कहा कि गंदे पानी के सप्लाई से कई घर में बीमार जनता परेशान है। सड़क पर सीवर न होने से हर गली में जलजमाव के कारण जीना मुश्किल है। अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि आश्चर्य की बात है पूरे विधानसभा क्षेत्र में बच्चों व युवाओं के लिए एक भी सार्वजनिक पार्क नहीं है। यहां तक कि मुख्य सड़कों पर एक भी सार्वजनिक शौचालय तक नही हैं। क्षेत्र की जनता आक्रोशित है। इस बार बुराड़ी क्षेत्र की जनता ने परिवर्तन की ठान ली है। आगामी चुनाव राजनीतिक पार्टियों का नहीं बल्कि न्याय और अन्याय का चुनाव है, जिसमें न्याय की जीत होगी।

# जेजे एक्ट एवम पोक्सो एक्ट संबंधी कार्यशाला आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता



गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैठक कक्ष में प्रयास संस्था एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में जे जे एक्ट एवम पोक्सो एक्ट संबंधी परामर्श सत्र का आयोजन किया गया है ।इस कार्यशाला के सत्र का उद्घाटन बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय,जिला बाल संरक्षण इकाई के कानूनी परिवीक्षा अधिकारी एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चाइल्ड लीगल एड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है ।इस कार्यक्रम में प्रयास संस्था द्वारा पोक्सो एक्ट पर चर्चा की गई एवम सपोर्ट पर्सन कार्यक्रम का अनावरण किया गया है । संस्था के केंद्रीय मुख्य समन्वयक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 9 अक्टूबर 2023 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पोक्सो के मुकदमों में सपोर्ट पर्सन नियुक्त नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों से संबंधित विषय में सहयोग की मांग की ताकि पीड़ितो को घटना के शुरूआती तिथी से हीं मानसिक व सामाजिक समर्थन एवम कानूनी प्रक्रियाओं के दौरान राहत दिया जा सके। उन्होंने कुछ मुख्य बिंदुओं पर बात किया जिसमें सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति का अनिवार्य होना ,अंतरिम मुआवजा एवम बाल कल्याण समिति द्वारा तत्काल सहायता राशि का आवंटन , पीड़िताओं के लिए नियमित परामर्श और मानसिक एवम शारीरिक स्वास्थ्य जांच,पुलिस द्वारा पीड़ितो को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु बात शामिल था ।

पोक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार ने पोक्सो के मुकदमों में सही उम्र निर्धारण हेतु जे जे एक्ट अंतर्गत जन्म प्रमाण पत्र,विद्यालय में नामांकित तिथि,मैट्रिक का प्रमाण पत्र के अलावा चिकत्सकीय जांचोपरांत घोषित तिथि को मुकदमों के अनुसंधान में उपयोग करने हेतु पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय से आग्रह किया है ।पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस की नियमित प्रशिक्षण जो जो एक्ट एवम पोक्सो एक्ट पर कराई जाती है एवम सपोर्ट पर्सन नियुक्त होने से मुकदमों के जांच एवम निष्पादन में तेजी आएगी ।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुजाता माथुर ने बताया कि जिले में सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति जल्द की जाएगी ताकि जल्द न्याय दिलवाने में पीड़ितो को सहयोग किया जा सके ।

उपस्थित हितधारकों में अधिवक्तागण,महिला थाना के थानाध्यक्ष एवम अन्य ने बाल यौन शोषण के मामलो में वृद्धि होने पर चिंता जाहिर करते हुए संस्था के प्रयास एवम सहयोग को सराहा है ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र कुमार मिश्रा ने किया है। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ता गौतम परमार,अजीत कुमार,बिनोद कुमार,मो आलमगीर एवम मोनिका कुमारी मौजूद रहीं हैं।

# प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया




प्रात :किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के समाहरणालय के समीप अवस्थित अनुग्रह नारायण सिंह स्मारक समिति के प्रांगण में जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह के कॉलेज के प्राचार्य बनने पर समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया ।सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरीय कांग्रेसी नेता अरविंद शर्मा ने किया जबकि संचालन की जिम्मेवारी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने निभाई। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों ने प्रोफेसर विजय कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ पुष्पहार अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं कॉलेज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं ।पृथ्वीराज ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि प्राचार्य बनने से पूरे औरंगाबाद जिला का मान बढा है और उनसे जिले के लोगों के लिए बहुत ही अपेक्षा है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि जब घर का कोई व्यक्ति उच्च पद पर पहुंचता है तो लोगों की संभावना बढ़ जाती हैं। समाजसेवी देवी दयाल सिंह,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह,श्याम बिहारी सिंह,ट्रस्ट के वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, जगदीश सिंह सरपंच मधेश्वर सिंह ने प्रोफेसर विजय सिंह को बधाई एवं प्राचार्य के बाद उससे भी बड़ा उच्च पद पर आसान होने की कामना की। प्राचार्य विजय कुमार सिंह ने कहा कि रोहतास औरंगाबाद की सीमा पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी के होने के कारण औरंगाबाद जिले से सटे दो तीन प्रखंड के विद्यार्थी भी वहां पढ़ने जाते हैं। यह भी कहा कि कॉलेज के विकास के लिए वे तत्पर हैं एवं नैक से मान्यता दिलाने के लिए प्रयासरत हैं ।कॉलेज के शिलान्यास के समय नेहरू जी के उद्बोधन की भी चर्चा की। सम्मान समारोह का धन्यवाद ज्ञापन स्मारक समिति के सचिव चुलबुल सिंह ने किया। मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पप्पू बाबू, सरपंच संघ के प्रदेश स्तरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह,युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आशुतोष कुमार,धर्मेंद्र कुमार,चंद्र प्रकाश विकास, प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ ऋत्विक, संगीत शिक्षक विकास कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत



प्रात :किरण संवाददाता

गया।भारतीय जनता पार्टी का जिला पदाधिकारी मंच,मोर्चा के अध्यक्षों के साथ 4 सितंबर 24 को देश के लोकप्रिय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद रॉय के द्वारा सदस्यता अभियान का गया जिला में शुभारंभ करेंगे। उसी के तैयारी हेतु बैठक गया परिसदन में जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई है ।इस बैठक में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान 2 सितंबर 2024 को देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा सदस्यता ग्रहण करते हुए पूरे देश में सदस्यता अभियान आरंभ हो जायेगा। उसी कड़ी में गया जिला को सदस्यता का विशेष अभियान में शामिल होने के लिए देश के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के द्वारा गया जिले के गणमान्य लोगों को सदस्यता ग्रहण करवायेंगे। इस कार्यक्रम के लिए तैयारी की दृष्टिकोण से एवं भारी संख्या में सदस्यता ग्रहण करें इसके लिए सदस्यता प्रत्येक मंडल में सदस्यता प्रभारी नियुक्त की गई हैं ।आज के बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, प्रेम सागर,पप्पू चंद्रवंशी,रंजन कुमार सिंह,धर्मेंद्र यादव,बंदना कुमारी,संतोष छोटे,प करुणा सिंह सहित अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने मांग की है जैवीक खाद से अभी तक कितना राजस्व मिला जानकारी सार्वजनिक करे नगर निगम

प्रात :किरण संवाददाता

गया नगर निगम द्वारा कूड़ा-कचरे का जो डंपिंग किया जाता है, विशेषकर नेली डंपिंग सेंटर में, वहां से खाद का उत्पादन होता है। वह खाद किस कंपनी मे बेचा जाता है खाद बिक्री से क्या नगर निगम को लाभ मिलता है राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष साहित्य राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के नेताओं के द्वारा नगर निगम के प्रशासक से मांग करते हैं यह खाद मुख्य रूप से जैविक कचरे से बनाई जाती है, वह खाद किस कंपनी को बेचा जाता है और अभी तक कितना राजस्व मिला है जिसकी जानकारी सर्वाजनिक करना चाहिए। निर्मित खाद का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता जैविक खाद को किसानों और स्थानीय कृषि गतिविधियों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

यह खाद भूमि की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होती है, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार होता है ।कुछ मामलों में नगर निगमअतिरिक्त खाद को बिक्री के लिए भी उपलब्ध कराता है, जिससे आर्थिक लाभ होता है। इस बिक्री से प्राप्त आय नगर निगम की अन्य स्वच्छता और पर्यावरणीय परियोजनाओं में निवेश की जाती है ।इस प्रकार दो वर्षों से अधिक नगर निगम डंपिंग के द्वारा जो खाद तैयार किया जाता है उसे खाद का आय व्यय , गया नगर निगम सार्वजनिक करना चाहिए मांग करने वालों में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, गोपाल प्रसाद यादव, संतोष ठाकुर,दीपक पांडे सुनील बंबईया,जिया वर्मा,विक्की बर्नवाल संजय यादव,महेश यादव,मंटू कुमार,बबलू गुप्ता, इंदू प्रजापति पम्मी सिंह, खुशबू कुमारी,कुंदन सिंह भोला सरकार,अजय नारायण सिंह उर्फ मुन्ना ,विजय प्रसाद उर्फ काला नाग सहित अन्य लोगों ने मांग किया।

# घेरा डालो डेरा डालो अभियान जारी

प्रात :किरण संवाददाता



औरंगाबाद। वित्त रहित शिक्षा नीति के शिकार शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा अनुदान नही वेतनमान फोरम के साथ पटना में 28 अगस्त से घेरा डालो डेरा डालो अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज जिला संयोजक अरविंद कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, सुदर्शन दास, मुखदेव राम, के साथ एक प्रतिनिधिमंडल बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह से मिल कर समस्याओं से अवगत कराते हुये ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को 2016 के बाद से लंबित अनुदान की एकमुश्त भुगतान करने, इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों को पूर्व की भांति 384 - 384 सीट संख्या आवंटित करते हुये आवश्यकता अनुसार सीट वृद्धि का प्रावधान सुनिश्चित कराया जाये । जैसे प्रमुख मांगो से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा । सभापति महोदय के साथ वार्ता के दौरान आलोक कुमार सिंह ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि समाज के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये समाज के लोगो द्वारा निजी भूमि देकर महाविद्यालय खोला गया। ऐसे संस्थानों के पास पर्याप्त भूमि, उपस्कर, भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय के साथ ही योग्य शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराया गया। इसके वावजूद सरकार इन्हें दोयम दर्जे की पहचान पर जीने को विवश कर रही। जबकि बिहार सरकार के शैक्षणिक इंडेक्स में बताया गया है कि राज्य के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में वित्त रहित शिक्षकों का योगदान 55 प्रतिशत है। आज भी सरकार बगैर आधारभूत संरचना के उत्क्रमित विद्यालयों में इंटर शिक्षा को अनिवार्य किया जा रहा। कई ऐसे विद्यालयों में इंटर की पढ़ाई प्रारम्भ है जहां नामांकित छात्रों की संख्या 240 से 360 है किंतु वैसे विद्यालयों में विषयों के शिक्षक भी नही। बिना शिक्षक छात्र की पढ़ाई कैसे होती होगी ? प्रायः ऐसे उत्क्रमित विद्यालयों में प्रयोशाला की व्यस्था बद से बदतर है, यदि प्रयोगशाला है भी तो उसका उपयोग नही होता। वित्त रहित शिक्षण संस्थानों में भवन, उपस्कर और शिक्षकों की उपलब्धता के वावजूद उसे 40 का सेक्शन और शिक्षक विहीन विद्यालयों को 240 का संख्या शिक्षा के प्रति सरकार का उदासीनता को दशार्ता है। सभापति महोदय ने आश्वासन दिया कि 2 सितम्बर को इस संदर्भ में सभी सम्बंधित शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के प्रधानसचिव, शिक्षा मंत्री, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष के साथ बैठक में ठोस निर्णय लेने का प्रयास किया जायेगा।

# डीएम के निर्देश पर अवैध नर्सिंग होम पर छापेमारी, प्रिंसी नर्सिंग होम को प्रशासन ने किया सील

प्रात :किरण संवाददाता

अरवल। अरवल। जिला मुख्यालय मे अवैध नर्सिंग होम का चोरी छुपे से चल रहा है। इसी कडी में जिलाधिकारी के जनता दरबार में यह शिकायत मिली कि मोथा गांव के समीप प्रिंसी नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित होने के साथ साथ मरीजो को शोषण किया जाता है।

शिकायत के आलोक में डीएम ने निर्देश पर। जिला प्रशासन द्वारा एक छापेमारी दल गठित कर उक्त नर्सिंग होम की छापेमारी की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग, अंचलाधिकारी समेत नगर थाने की पुलिस मौजूद रहे। जब छापेमारी टीम नर्सिंग होम पहुंचे। तो अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया और मरीज सहित संचालनकर्ता भागते नजर आए। छापेमारी टीम ने संचालनकर्ता से कागजात की मांग की तो उनके पास किसी प्रकार की कोई लीगल कागजात नहीं था।

बताया जाता है कि नर्सिंग होम में लगभग 20 मरीज ईलाज के लिए भता भर्ती थे, जिसके बाद आनन फानन में दो मरीजो को छोड़ सभी की छुट्टी कर दी गयी। बचे दो मरीज जो गंभीर रूप से बीमार थे, जिन्हें स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नर्सिंग होम को अंचलाधिकारी के देखरेख में सील कर दिया गया। अचानक हुई इस छापेमारी से सदर अस्पताल के आसपास संचालित लगभग दो दर्जन नर्सिंग होम संचालकों में हड़काम मच गया। बताया जाता है कि सदर अस्पताल के आशा और नर्सिंग स्टाफ के मिली भगत से अवैध नर्सिंग होम में मरीजों को रातों-रात बहला फुसला कर नर्सिंग होम पहुंचाया जाता है। इसके एवज मे एजेंट के रूप में काम करने वाले को मुंह मांगे रकम दी जाती है। इस संबंध में जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में अवैध नर्सिंग होम में भोले भाले मरीजों की जान के साथ सौदा किया जा रहा है। जिले में जितने भी अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम है, सभी की सूची तैयार ।

# तीन दिवसीय निःशुल्क पिरामिड ध्यान कार्यक्रम का होगा आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

गया।पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटीज मूवमेंट एवं बिहार पिरामिड मेडिटेशन फाउंडेशन के द्वारा बोधगया के इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में दिनांक 6 से 8 सितम्बर तक तीन दिवसीय पत्रीजी बोधगया ध्यान महायज्ञ 2024, निःशुल्क ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। ध्यान कार्यक्रम के आयोजनकर्ता भार्गव रेड्डी ने बताया कि ध्यान के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं इससे होने वाले लाभ के उद्देश्य से बिहार में सबसे बड़े निःशुल्क ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ लोगों के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन एवं निःशुल्क शाकाहारी भोजन की व्यवस्था की गयी है। ध्यान कार्यक्रम के पहले दिन 6 सितम्बर को सुबह 5 बजे से शाम के 8 बजे तक ध्यान से सम्बंधित कई तरह के कार्यक्रम




का आयोजन होगा, दूसरे दिन 7 सितम्बर को मुख्य रूप से शाकाहार रैली निकाली जाएगी जो कन्वेंशन सेंटर से शुरू होकर टिक्का बीघा तक जाएगी, कार्यक्रम के अंतिम दिन ध्यान का मनुष्य जीवन पर प्रभाव के सम्बन्ध में चर्चा और कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## जम्होर के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव के निमित छठी का भव्य आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के 6 दिन के पश्चात आयोजित छठी के मौके पर विभिन्न मंदिरों में भक्तिमय वातावरण में लोगों ने छठी का प्रसाद ग्रहण किया। इस क्रम में जन्माष्टमी पूजा समिति जम्होर के सदस्यों ने अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह एवं व्यवस्थापक पवन विश्वकर्मा के नेतृत्व में छठी के मौके पर आयोजन में विशेष भूमिका निभाने वाले कार्यकताओं को सम्मानित किया। मुख्य बाजार स्थित चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू के शिव मंदिर में छठी के मौके पर राम पुकार ओझा के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।विष्णु धाम जम्होर में बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन स्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में राम ध्यान प्रसाद एवं अशोक प्रसाद शौंडिक के नेतृत्व में सैकड़ो भक्तों ने छठी का प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम देवी देवी स्थान जम्होर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए तो वहीं सिद्ध बाबा रोड के समीप गोवर्धन पहाड़ अवस्थित मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालु भक्तों ने छठी का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर नंद जी यादव हरिहर यादव शंकर यादव विमलेश अनुज संतोष योगेंद्र नवनीत श्याम नारायण सहित अन्य उपस्थित थे।

## गया जी का बना हुआ स्वदेशी गमछा अयोध्या जी में प्रभु श्रीराम विवाह महोत्सव में वितरित होगा : गोपाल पटवा

प्रात :किरण संवाददाता

गया।बिहाउती भवन अयोध्या उत्तर प्रदेश में अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी को प्रभु श्री राम विवाह महोत्सव के अवसर पर श्रीराम विवाह उपरांत संतो एवं भक्तजनों में निःशुल्क गमछा वितरित किया जाता है। प्रभु श्रीराम विवाह महोत्सव समारोह अयोध्या के प्रमुख त्योहारों में से एक है श्रीराम विवाह महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तजन एवं साधु- संत श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। अयोध्या के प्रमुख त्योहारों में से एक है सूती वस्त्र उत्पादन नागरी पटवा टोली मानपुर निर्मित गमछा आज प्रभु श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी उत्तर प्रदेश के लिए 4800 अदद पिकअप द्वारा सड़क मार्ग से रवाना हुआ है। कल सुबह गमछा अयोध्या जी पहुंच जाएगा। गया जी बिहार से अयोध्या जी उत्तर प्रदेश के लिए 4800 अदद गमछा रवाना करने में डॉक्टर सचिदानंद प्रेमी शिक्षाविद् व साहित्यकार , गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बुनकर संघ , प्रकाश राम पटवा , राकेश कुमार बुनकर , वाहन चालक सुशील जी सहित अन्य शामिल रहे हैं।

## नेफ्रोलॉजी और न्यूरोसर्जरी पर सीएमई का आयोजन




प्रात :किरण संवाददाता

आईएमए बिहार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एक सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया। इस सीएमई के मुख्य विषय थे ह्यओवरव्यू ऑफ नेफ्रोलॉजीः ए बर्ड्स आई विव्यूह्न और ह्यइंटेरेस्टिंग केसेज फ्रॉम न्यूरोसर्जन्स आमार्मेंटेरियमह्न। इसमें नेफ्रोलॉजी और न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम विकास और चुनौतियों पर चर्चा विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी और न्यूरो सर्जरी से जुड़े देशभर के पांच सौ से ज्यादा चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पारस हेल्थ की ग्रूप सीओओ डॉ. सैंटी साजन एंव निदेशक जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए बिहार के मुख्य संरक्षक डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर आथोर्पेडिक डॉ. जॉन मुखोपाध्याय और *डॉ. संतोष कुमार सिंह ने हिस्सा लिया। नेफ्रोलॉजी का अवलोकन सत्र में पारस एचएमआरआई के नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक और विभागाध्यक्ष डॉ. शशि कुमार ने गुर्दे के रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं न्यूरोसर्जरी के सत्र में पारस एचएमआरआई के न्यूरो सर्जरी विभाग के निदेशक और विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बुज कुमार ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हम हमेशा नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों को अपनाने और हमारे चिकित्सकों को अपडेट रखने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। यह सीएमई कार्यक्रम हमारे इसी प्रयास का एक हिस्सा है। हम आईएमए बिहार के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हम अपने मरीजों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करें और चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम विकास को बढ़ावा दें। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

## नई दिशा परिवार ने संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, 01 सितम्बर, सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था ह्लनई दिशा परिवारह्व द्वारा आज शिक्षक दिवस के शुभागमन पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बिहार विद्यान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो० रास बिहारी सिंह ने की ।अपने उद्घाटन भाषण में विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता हैं। वे देश की भावी पीढ़ी को गढ़ते हैं। मुख्य अतिथि पटना वि०वि० के पूर्व कुलपति प्रो० के० सी० सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति की चर्चा की और कहा कि यह देश का भविष्य गढ़ने में सहायता होगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश राज ने किया तथा अतिथियों का स्वागत कमलनयन श्रीवास्तव ने किया ।इस अवसर पर महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेश्मी चंद्रवंशी, शिक्षाविद् डॉ० ध्रुव कुमार, राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव, शिव प्रसाद मोदी और डॉ० दिवाकर तेजस्वी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सम्मान पाने वाले शिक्षकों को बधाई और शुभकामना दी ।इस अवसर पर 28 लोगों का ह्लबिहार शिक्षा रत्न सम्मानह्व से सम्मानित किया गया। डॉ० रूबी भूषण (शिक्षिका एवं कवयित्री), डॉ० संजीव सिन्हा (एन०आई०टी०, पटना), प्रो० (डॉ०) पूनम (प्राचार्या, आर०पी०एम० कॉलेज, पटना सिटी), डॉ० सैयद हुमायूँ अख्तर (शिक्षक), प्रशांत सर (पटना), परितोष सर (पटना), निशिकांत तिवारी (सीवान), कुमार देवांशु (मुजफ्फरपुर), प्रेम कुमार (पालीगंज), सोनी सिंह (बिहटा), जॉन डिकोस्टा (पटना), नरेन्द्र कुमार मिश्रा (पटना), गौतम कुमार झा (बांका), प्रवीण कुमार बादल (गिटार प्रशिक्षक), अभय कुमार अतुल (कराटे प्रशिक्षक), मुकेश सर (पटना), विभीषण कुमार (मधेपुरा), पिन्टू सर (पटना), चन्द्रावती चौहान (पटना), मुकेश कुमार ओझा (पटना), डॉ० चन्दा कुमारी (मधेपुरा), ओम प्रकाश (लोक नृत्य प्रशिक्षक), प्रेम कुमार (यू०एन०आई०), संजीव सर, स्नेहा राय, समा प्रवीण (पटना) को ह्लबिहार शिक्षा रत्न सम्मान 2024ह्व एवं पूर्व प्राध्यापक, पटना वि०वि० सह-वरिष्ठ कवियित्री प्रो० (डॉ०) सुधा सिन्हा को लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड तथा माहित कुमार (एस०आर० कॉलेज, पटना) को बिहार युवा रत्न सम्मान 2024 से शॉल, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया ।समारोह में रितु राज, सपना रानी, निशु चन्द्रवंशी, कौशल राज, संजना आर्य, उज्जवल राज, उजाला राज, अनुराग, रौशन, मधुरेश नारायण,अविनाश नारायण लाल आदि सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू जिला अध्यक्ष ने मढ़ौरा प्रखण्ड के रामपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

मढ़ौरा। रामपुर जदयू पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार के अध्यक्षता में दामोदरपुर गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा की मैं इसी तरह निरंतर सभी पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जन समस्या सुनकर हल करने का काम करूंगा और आपका मान सम्मान का ख्याल रखूंगा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर समाज के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किए है हर समाज के लोग लाभान्वित हो रहे है साथ ही साथ पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को भी पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह,जिला महासचिव ई0 प्रभास शंकर,प्रखण्ड सचिव रामबाबू प्रसाद,जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज,प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे,चिनिलाल प्रसाद,संजय सिंह,डा0 रघुबीर सिंह, प्रमात्मा सिंह इत्यादि सम्मिलित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने दिया स्वीकृति पत्र

दरियापुर ।स्थानीय प्रखंड के दरिहरा गाँव निवासी जागेश्वर ठाकुर की पत्नी शांति देवी का निर्धन हो गया उनका इलाज पटना पीएमसीएच मे चल रहा था उनका निर्धन होने पर उनके घर पहुंच कर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह के साथ परिजन से मिलकर सांत्वना दिया और उनको एक चेक दिया और परिजन को अनाज भी देने का आश्वासन दिया और उनके परिजन से सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी फोन पर बात कर सांत्वना दिया और मदद करने की बात कही इस अवसर पर पूर्व सरपंच युवराज सिंह भाजपा नेता राजू सिंह अर्जुन सिंह धावक चुनमुन सिंह पूर्व समिति ब्रजेश सिंह अनुज सिंह प्रशांत सिंह शुभम सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की इनकी तबियत खराब होने पर स्थानीय कार्यकर्त्ता द्वारा सूचना सांसद रूडी के कण्ट्रोल रूम को दिया गया जिसके बाद इनको हॉस्पिटल मे आईसीयू मे भर्ती करवाया गया था लेकिन इलाज के दौरान ही इनकी मौत हो गई ।

इसुआपुर में मनन बाबा के भजन गायिकी से भाव विभोर हुए श्रोता
इसुआपुर ।प्रखंड के डटरा पुरसौली गांव के डा.ओम प्रकाश सिंह के घर पर शनिवार की रात हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में सूबे के जाने माने लोक गायक तथा भजन गजल सम्राट मनन गिरी मधुकर के गाए भजन सुन भाव विभोर हो उठे श्रोता।पत्रकार राकेश कुमार सिंह की दादी तथा डॉक्टर ओमप्रकाश सिंह व केशव सिंह की माता सुथरा कुंवर के ब्रह्म भोज कार्यक्रम में आए भजन सम्राट मनन बाबा ने अपने भजन से श्रोताओं को रोने पर विवश कर दिया।पंडित गोपाल जी तिवारी के लिखे गीत ह्ल उड़ गइले सुगना, पिंजरा धह धह जरेला।ह्व पर श्रोता अपनी आंखों के आंसू रोक नहीं पाए।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मितेन्द्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, मुखिया धनंजय पांडेय,अजय साह, पूर्व मुखिया राजकिशोर सिंह,नागेंद्र तिवारी, थानाध्यक्ष कमल कुमार राम,डॉ अमरेश कुमार,डॉ प्रतीक कुमार सिंह लाला,बीडीसी हरेराम राम,श्याम प्रसाद सहित सैकड़ों गणमान्य व मीडिया कर्मियों ने दिवंगत सुथरा कुंवर के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इसुआपुर में मनन बाबा के भजन गायिकी से भाव विभोर हुए श्रोता

इसुआपुर ।प्रखंड के डटरा पुरसौली गांव के ड़ा.ओम प्रकाश सिंह के घर पर शनिवार की रात हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में सूबे के जाने माने लोक गायक तथा भजन गजल सम्राट मनन गिरी मधुकर के गाए भजन सुन भाव विभोर हो उठे श्रोता।पत्रकार राकेश कुमार सिंह की दादी तथा डॉक्टर ओमप्रकाश सिंह व केशव सिंह की माता सुथरा कुंवर के ब्रह्म भोज कार्यक्रम में आए भजन सम्राट मनन बाबा ने अपने भजन से श्रोताओं को रोने पर विवश कर दिया। पंडित गोपाल जी तिवारी के लिखे गीत ह्ल उड़ गइले सुगना, पिंजरा धह धह जरेला।ह्व पर श्रोता अपनी आंखों के आंसू रोक नहीं पाए।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मितेन्द्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, मुखिया धनंजय पांडेय,अजय साह, पूर्व मुखिया राजकिशोर सिंह,नागेंद्र तिवारी, सहित सैकड़ों गणमान्य व मीडिया कर्मियों ने दिवंगत सुथरा कुंवर के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कुशवाहा ठाकुर बाड़ी में छटियार का आयोजन

गया।भगवान कृष्ण की छटियार का आयोजन गया के राजेन्द्र आश्रम स्थित कुशवाहा ठाकुर बाड़ी में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। जिनमें 56 प्रकार के भोग लगा कर भगवान की छठी बहुत धुम धाम से मनाई जा रही है।इसमें प्रमुख रुप में वार्ड पार्षद सारिका वर्मा,सुधा देवी, सुनिल बंम्बयीया, शर्मिला देवी,पुनम देवी,सहादे प्रसाद, मुन्ना प्रसाद काफी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे।

# बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये ही माधोपुर गांव का बंद किया साईफन सैकड़ों बीघे के सुख रहा धान का फसल

**प्रात: किरण संवाददाता**

रसूलपुर।स्थानीय महाराजगंज- एकमा शाखा की गंडक नहर के बांध में रिसाव होने से एक प्रमुख साईफन को बंद कर दिया गया है जिससे करीब आधा दर्जन गावों के सैकड़ों बीधे धान अब मुरझाने लगे हैं।साईफन बंद करने के बाद मात्र छ ईंच का एक पाईप विभाग ने लगा दिया।

जिससे पर्याप्त पानी नहीं जा रहा।शिकायत जब किसानों ने की तो मोटा चौड़ा पाईप किसानों से ही खरीद कर लाने का विभाग दबाव बनाने लगा जिसे किसानों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है।बताया जाता है कि गंडक नहर बांध में रिसाव व कटाव आने लगा तो माधोपुर गांव के एक साईफन को विभाग ने बंद कर दिया।साईफन बंद होने से धान के खेतों को पानी मिलना बंद हो गया।परिणामतः क्षेत्र के प्रभावित माधोपुर,मुकुंदपुर,बनवारी अमनौर,जामनी अमनौर,रीठ,हुस्सेपुर आदि गांवों के खेतों में लगी सैकड़ों बीघे धान अब सुखने लग गये हैं।किसान अनिल उपाध्याय, रामबहादुर यादव, श्यामबहादुर यादव,हंसनाथ चौबे आदि ने बताया कि बिना पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था किये ही विभाग ने साईफन को बंद कर दिया और वर्षा भी नहीं हो रही जिससे उनसब के धान अब सुखने की तैयारी में है।इस संबंध में गंडक नहर एकमा के जेई फैयाज आलम ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत छ इंच का पाईप लगाया गया है।किसानों का कहना है कि छ इंच का पाईप बेमानी साबित हो रहा है।उससे पर्याप्त पानी नहर से नहीं आ पा रहा है।किसानों ने कहा कि गंडक विभाग को वे सब समय से लगान भरते हैं।फिर भी उनकी शिकायतें नहीं सुनी जा रही हैं।



# एनआईटी घाट पर चला गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

पटना। हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स के द्वारा एनआईटी के साइंस क्लब के सहयोग से एनआईटी पटना घाट गंगा किनारे गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। गौरैया की फोटो और नेस्ट-दाना घरों की प्रदर्शनी लगायी गई।गौरैया संरक्षण जागरूकता प्रदर्शनी में गौरैया संरक्षण संबंधित पुस्तकों अभी मैं ज़िंदा हूँ गौरैया,ओ री गौरैया,आओ गौरैया, डाक टिकटों, पोस्टर आदि के माध्यम से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान गौरैया संरक्षक और पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि घर आँगन से विलुप्त हो रही गौरैया की घर वापसी के लिये जन भागीदारी जरूरी है। साथ ही हर व्यक्ति को अपने घर , आँगन,छत और खुले में दाना-पानी नियमित रखने चाहिये और कृत्रिम घोंसला-पेड़ लगाने चाहिये। इसी के मद्देनजर गौरैया प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान चलाया गया।

मौके पर एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन के द्वारा गौरैया के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे गौरैया की घर वापसी हम अपने घर से कर सकते हैं।

एनआईटी पटना के साइंस क्लब के विक्रम पाटिल ने कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर हमारा क्लब लगातार प्रयास कर रहा है। गौरैया के साथ साथ कई पक्षियों का संरक्षण किया गया है।

इस जागरूकता कार्यक्रम में निशांत रंजन,नवनीत निगम,शानू कुमार राज,रॉकी रंजन,निशान्धिता राज,सभ्यता कुमारी,रुकया फातिमा,अभिजीत रंजन आदि ने सहयोग किया।



# बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे की कड़ी नजर एक दिन में पकड़े गये कुल 12 हजार 150 यात्री, जुर्माने के रूप में वसूले गए 64 लाख 17 हजार रूपए

**प्रात: किरण संवाददाता**

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/बिना उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए कल शनिवार को देर रात्रि तक पाँचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी०टी०ई० एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया।

सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी। इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलाया गया। इस जाँच अभियान में कुल 12 हजार 150 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्ने के रूप में 64 लाख 17 हजार रुपए वसूले गए।

दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 5900 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 29 लाख 70 हजार रूपए वसूल किए गए । इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1460 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 07 लाख 74 हजार रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1000 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 04 लाख 34 हजार रूपए वसूल किए गए । जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 2250 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 12 लाख 36 हज़ार रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 1540 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुमार्ना के रूप में 10 लाख 04 हजार रुपए वसूल की गई । विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है । इससे इस वित्तीय वर्ष में अब तक अप्रैल, 2024 से अगस्त, 2024 तक कुल 15.50 लाख यात्री बिना टिकट या बिना उचित टिकट के यात्रा करते हुए पकड़े गये जिनसे जुमार्ने के रूप में कुल 96.75 करोड़ रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल किये गये । पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें ।



# बहुत जल्द पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटना/नई दिल्ली । भारतीय रेल द्वारा बहुत जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाने वाला है। वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है।वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेंट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है, साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधीकवच प्रणाली से लैस है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक और इसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस ट्रेन में वरइ चार्जिंग प्रावधान के साथएकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअलइन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे वमॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है। इसके साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गो पर संचालित किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी।

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलूरु में उत्पादन इकाई का दौरा किया और वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषताएं:-**

- ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट
- यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं
- पैनलों के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर
- एरोडायनामिक बाहरी लुक
- मॉड्यूलर पेंट्री
- 45545 के अनुसार फायर सेफ्टीजोखिम स्तर: 03
- दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय
- स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे
- सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर
- अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि अवरोधक दरवाजे
- एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई गंध रहित शौचालय प्रणाली
- लोको पायलट के लिए शौचालय
- प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान
- वरइ चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट
- सार्वजनिक घोषणा और दृश्य सूचना प्रणाली
- सामान रखने के लिए बड़ा लगेज रूम

## जदयू जिला अध्यक्ष ने मढ़ौरा प्रखण्ड के रामपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रात: किरण संवाददाता**

मढ़ौरा रामपुर जदयू पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार के अध्यक्षता में दामोदरपुर गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा की मैं इसी तरह निरंतर सभी पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जन समस्या सुनकर हल करने का काम करूंगा और आपका मान सम्मान का ख्याल रखूंगा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर समाज के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किए है हर समाज के लोग लाभान्वित हो रहे है साथ ही साथ पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को भी पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह,जिला महासचिव ई0 प्रभास शंकर,प्रखण्ड सचिव रामबाबू प्रसाद,जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज,प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे,चिनिलाल प्रसाद,संजय सिंह,डा0 रघुबीर सिंह, प्रमात्मा सिंह इत्यादि सम्मिलित थे।

## पुलिस अधिकारी विद्यालय पहुँच छात्र छात्राओं से सीधा संवाद कर अभिरक्षा का दिया मूल मंत्र

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमनौर। प्रखण्ड के मिडिल स्कूल अमनौर बालक सह उच्च माध्यमिक विद्यालय अमनौर हरनारायण के सभागार में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत नो योर पुलिस और नो योर पब्लिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अमरनाथ तिवारी ने किया।

मुख्यातिथि के रूप में मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान थाना अध्यक्ष मो जफरुदीन अंसारी उपस्थित थे।विद्यालय की छात्रा हिमांशी मातंगी के द्वारा स्वागत गीत शिक्षक नवीन पूरी स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने विद्यालय के छात्र- छात्राओं को आत्म सुरक्षा की टिप्स दिया।बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा जीवन में सफल होना है तो पढ़ाई ही सब कुछ है।पुलिस से भयभीत नही होना है।पुलिस सबकी मदद के लिए होती है।सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए होती है।वही थाना अध्यक्ष मो जफरुदीन अंसारी व एस आई जूही कुमारी ने लड़कियो को अपनी आत्मरक्षा करने के कई मूल मंत्र दिया। इन्होने महिला हेल्प नम्बर 1089 ,112 102नम्बर पर कॉल कर पुलिस से सीधा संवाद कर सहयोग लेने की बात कही।इस मौके पर एस आई नम्रता कुमारी, एस आई जूही कुमारी, शिक्षक सुनील कुमार यादव, सरोज कुमार पांडे,रवि रंजन कुमार, रोहित सिंह, फजले हक एवं खुशबू कुमारी समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना आसान : माहे जबी

**प्रात: किरण संवाददाता**

छपरा। जिला के दरियापुर प्रखंड के जितवारपुर गाँव के निवासी इजहारूल हक और माहेनो की सुपुत्री माहे जबीं का एमबीबीएस में दाखिला कटिहार मेडिकल कॉलज में होने पर स्थानीय लोगों शुभचिंतकों और उनके रिश्तेदारों ने खुशी का इजहार किया है। बता दें कि माहे जबीं ने अपनी माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा कोलकाता के सैफी हॉल से अंग्रेजी माध्यम में पूरी करने के बाद नीट की तैयारी में संलग्न रहीं। अपनी लगन एवं प्रतिभा, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावक के सहयोग से नीट क्वालीफाई कर एमबीबीएस में दाखिला लेने वाली सारण की बिटिया माहे जबीं ने कहा कि इंसान के अंदर अगर जुनून और हौसला हो, तो वह अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। मधुर स्वभाव और हेल्पफुल नेचर की माहे जबीं ने बतलाया कि उनका लक्ष्य और प्रतिबद्धता समाज सेवा ही है। चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान कर वह अपने समय और समाज में बदलाव लाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि काफी ऊर्जावान है। हम लड़कियाँ किसी से कम नहीं हैं। हमें बिहारी होने पर गर्व है। समय का सदुपयोग कर ही हम समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप कर सकते हैं।

जितवारपुर की बिटिया माहे जबीं का ननिहाल दरियापुर प्रखंड के बेला गांव में है।जबकि नाना बिहार सरकार के अधिकारी रहे थे। एक मामा दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली और दूसरा मामा जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में प्राध्यापक हैं। पिता का व्यवसाय कोलकाता में है।

## किसान चौपाल का आयोजन

बरियारपुर (मुंगेर)। प्रखंड के रतनपुर पंचायत के समुदाय भवन मे किसान चौपाल का आयोजन किया गया।अध्यक्षता आत्मा के प्रखंड प्रशिक्षक बी टी एम सुधीर तिवारी सहयोगी ऐ टी एम आकाश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों को कम जल मे अधिक पैदावार के लिये विधि बताया गया। किसानों ने अपने फसलों को रोग मुक्त करने की सलाह दिये।उन्होंने कृषकों को रसायनिक खाद के कम उपयोग करने की जानकारी देते हुए कहा आप अपने खेतो के लिए जैविक खाद का प्रयोग करने से आपके फसलों के पैदावार मे इजाफा होगी साथ ही साथ हमारे किसान भाईयों को तंदुरुस्त बनी रहेगी।आप के द्वारा पैदावार के साथ साथ आपके स्वास्थ्य भी अच्छी रहेगी।

# जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर हुई बैठक

## 17 नवम्बर को होगी लिखित परीक्षा 22 दिसम्बर को मौखिक परीक्षा के साथ पुरस्कार वितरण होगा

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमनौर। स्थानीय मेधा पब्लिक स्कूल में 11वीं जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में काफी संख्या में शिक्षक बुद्धिजीवीओ समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने किया।बैठक में मुख्य रूप से प्रत्येक प्रखंड में परीक्षा केंद्र बनाने, परीक्षा फार्म उपलब्ध कराने, परीक्षा तिथि की घोषणा, परीक्षा परिणाम में त्रुटि की सुधार करने की तिथि की घोषणा करने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। आयोजन समिति के सचिव शशि कांत ने परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।कहा पहली बार पिछले साल की अपेक्षा जिला में लिखित परीक्षा का सेंटर बढ़ाया गया है। । 17 नवंबर 2024 को लिखित परीक्षा कराने एवं 22 दिसंबर 2024 को मौखिक परीक्षा एवं पुरस्कार वितरण कराने की बात कही।पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा इस बार विद्यार्थियों के लिए 6 ग्रुप बनाया गया, जिसमें अलग-अलग वर्ग के छात्र भाग लेंगे।

ग्रुप टं३ँ/इड्ढ जिसमें 12३ँ के छात्र,ग्रुप अ में वर्ग 10 के छात्र, ग्रुप इ में वर्ग 9 के छात्र, ग्रुप उ में वर्ग 8 के छात्र, ग्रुप ऊमें वर्ग 7 के छात्र तथा ग्रुप ए में वर्ग 4, 5, एवं 6 के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों को विशेष जानकारी के लिए एक वेबसाइट भी बनाया गया है।इस मौके पर भेल्दी कॉलेज के प्राचार्य राम किशोर प्रसाद यादव पूर्व प्राचार्य राम प्रवेश पंडित प्राचार्य योगेंद्र राम मेधा पब्लिक स्कूल के निदेशक सुजय कुमार शर्मा शिक्षक बिनोद कुमार शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा मृत्युंजय सिंह पिंटू राम चमक तिवारी आनंद कुमार राय राजीव कुमार सिंह उपेंद्र कुमार बलिराम सिंह रंजन सिंह समेत सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री आलोक मेहता ने लोन सह एक्सचेंज मेले का किया उद्घाटन

**प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर।जिले के दलसिंहसराय स्थित टीवीएस मोटर के अधिकृत विक्रेता शकुंतला टीवीएस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहो में चार दिवसीय महालोन मेला सह एक्सचेंज मेला का आयोजन किया जो, एक सितंबर से चार सितंबर तक चलेगा। मेले का उद्घाटन शनिवार की शाम पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक आलोक कुमार मेहता ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। मेले के प्रथम दिन 60 से ज्यादा ग्राहकों ने पुरानी गाड़ियों का मूल्यांकन कराया। साथ ही कंपनी की ओर से नई गाड़ियों पर बोनस व छूट प्राप्त किया। लोन सह एक्सचेंज मेले में ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई। मौके पर चार वाहनों की बुकिंग की गई और एक डिलीवरी की। बुकिंग पर विशेष छूट दी जा रही है। ग्राहकों को लोन उपलब्ध कराने के लिए यहां सभी फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं प्रबंधक राज दीपक ने कहा कि मेले में ग्राहकों को गाड़ियों की कंडीशन देख मूल्यांकन कर ग्राहकों को पुरानी बाइक एक्सचेंज करायी जाएगी।

## गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

हाजीपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर-गोंडा खंड पर स्थित मगहर-खलीलाबाद-चुरेब स्टेशनों के मध्य आटोमेटिक सिगनलिंग की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग/नियंत्रण एवं स्थगित ठहराव निम्नवत किया जायेगा-

निरस्तीकरण-

1.लखनऊ जं. से 03 एवं 04 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 12530 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

2.पाटलिपुत्र से 03 एवं 04 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 12529 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

3.ग्वालियर से 04 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 04137 ग्वालियर-बरौनी स्पेशल गाड़ी निरस्त रहेगी।

4.बरौनी से 05 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 04138 बरौनी-ग्वालियर स्पेशल गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन-

1.बरौनी से 03 एवं 04 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोंडा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी।

# जदयू दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष ने परिवर्तन रैली निकाल सरकार को चेताया

नई दिल्ली। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुराड़ी फ्लाईओवर से लेकर विधायक कार्यालय तक लगभग 500 से अधिक कार्यकताओं संग परिवर्तन रैली निकाली गई। रैली के दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सालों से बुराड़ी कराह रही है।यहां की जनता बेहाल है।विधायक कान में तेल डाल कर सोए हुए हैं। चुनाव के समय नजदीक आने पर अपने पुराने कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए लीपापोती का कार्य करते हैं। वर्षो से सड़क जाम की समस्याएं आम हो चुकी है। वर्तमान विधायक पर निशाना साधते हुए श्री कुमार ने आगे कहा कि गंदे पानी के सप्लाई से कई घर में बीमार जनता परेशान है। सड़क पर सीवर न होने से हर गली में जलजमाव के कारण जीना मुश्किल है। अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि आश्चर्य की बात है पूरे विधानसभा क्षेत्र में बच्चों व युवाओं के लिए एक भी सार्वजनिक पार्क नहीं है। यहां तक कि मुख्य सड़कों पर एक भी सार्वजनिक शौचालय तक नही हैं। क्षेत्र की जनता आक्रोशित है। इस बार बुराड़ी क्षेत्र की जनता ने परिवर्तन की ठान ली है। आगामी चुनाव राजनीतिक पार्टियों का नहीं बल्कि न्याय और अन्याय का चुनाव है, जिसमें न्याय की जीत होगी। परिवर्तन रैली की खास बात यह रही कि जेडीयू व एनडीए गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में पवन कुमार, सियाराम राय, कमलेश्वर पटेल, राकेश चौधरी, राजेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, चंद्रभूषण, दिलीप यादव, प्रकाश जोशी, मोहन नेगी, रणधीर गुप्ता, मो. समशाद, गफूर आलम, मो. इकबाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जिले में सोमवार और बुधवार को हो सकती है हल्की बारिश, गर्मी व उमस की बनी रहेगी स्थिति

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

जिले में अभी अगले चार-पांच दिनों तक आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान हल्की बारिश की भी संभावना बनी हुई है। सोमवार और बुधवार को हल्की बारिश और बौछारें पड़ने की अधिक संभावना है। वहीं मंगलवार व गुरुवार को आसमान में हल्के बादल के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इस अवधि में धूप की स्थिति कमजोर रहने की संभावना है। इस दौरान 10-20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राज्य के उत्तर भाग के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन व वज्रपात एवं मंगलवार को राज्य के पूर्व एवं मध्य भागों के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन व वज्रपात होने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 93 फीसदी व दोपहर में 91 फीसदी रहा। इस दौरान 8.4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चली। वहीं रविवार के बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 1.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

## संक्षिप्त समाचार

यूएस ओपनः

# 44 की उम्र में भी रोहन बोपन्ना का कोई जवाब नहीं

### यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पक्की की जगह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। पहले सेट में एकतरफा हार मिलने के बाद शानदार वापसी करते हुए इस जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6, 10-7 से हराया।

**चौथी वरीयता वाली जोड़ी से मुकाबला** – 44 साल के रोहन बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने शुरुआती दौर में जर्मनी के टिम पुएत्ज और नीदरलैंड की डेमी शूअर्स पर 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की थी। फिर रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया।

## ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियम : जोंटी रोड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बड़े फैन नहीं हैं, क्योंकि यह एक ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर देता है। रोहित शर्मा जैसे प्रमुख प्लेयर भी चिंता व्यक्त कर चुके हैं कि यह नियम ऑलराउंडरों के विकास को हतोत्साहित करता है। जबकि, रविचंद्रन अश्विन जैसे एक और सीनियर का मानना है कि यह नियम खेल में एक मूल्यवान रणनीतिक फैक्ट जोड़ता है।

जोंटी रोड्स ने बात करते हुए कहा, मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सही उपयोग के पक्ष में हूं, क्योंकि खिलाड़ी लगभग फ्री होकर खेल रहे हैं। मैं केवल एक ऑलराउंडर की भूमिका के बारे में परेशान हूं। आपको टेस्ट क्रिकेट, 50 ओवर और अन्य सभी टी20 के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है।

उत्तराखंड प्रीमियर लीगः

# पहले सीज़न से पहले की टीमों और उनके मालिकों की घोषणा

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून में शनिवार को आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड (सीएयू) और आयोजनकर्ता एसएसपीएआरके स्पोर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट ने उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के पहले सीज़न के लिए टीमों की घेषणा कर दी है। इनमें पांच पुरूष और तीन महिला टीमें पहले यूपीएल में चैम्पियन बनने के लिए मुकाबला करेंगी। सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने टीम के मालिकों और प्रतियोगिता की संस्थापक टीमों का परिचय दिया। उत्तराखण्ड के विभिन्न प्रतिभाशाली क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व करने वाली पांच पुरूष टीमें देहरादून वॉरियर्सः जिनका स्वामित्व शैलेन्द्र भदौरिया के स्वामित्व की टीम, हरिद्वार स्प्रिंग एल्मस- फैयाजुद्दीन के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- प्रकाश सिंह एवं कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम, उधम सिंह नगर इंडियन्स- सुभाष अरोड़ा के स्वामित्व की टीम हैं।




इसी तरह तीन महिला टीमें जो राज्य में महिला खेलों के प्रति रूचि और अवसरों को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इनमें मसूरी थंडर्स- प्रकाश सिंह के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम शामिल हैं। ये टीमें न सिर्फ अपने-अपने शहरों के जोश और उत्साह का प्रतिनिधित्व करेंगी बल्कि पूरे उत्तराखण्ड राज्य का गौरव भी बढ़ाएंगी।

यूपीएल का उद्देश्य क्रिकेट के माध्यम से राज्य को एकजुट करना, तथा स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर से समुदायों को एकजुट कर यूपीएल उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं खेल प्रतिभा का जश्न मनाने का वादा करता है।

टूर्नामेन्ट के प्रति आकर्षण को बढ़ावा देने के लिए यूपीएल ने लगभग 50 लाख की आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा भी की है। पुरूष प्रतियोगिता के विजेताओं को रु 25 लाख की राशि जीतने का मौका मिलेगा, वहीं महिला प्रतियोगिता के चैम्पियनों को रु 7 लाख के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रनर-अप्स को अच्छी पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा, पुरूष एवं महिला टीमों को क्रमशः 12 लाख और रु 3 लाख के पुरस्कार मिलेंगे। इसके अलावा लीग व्यक्तिगत प्रतिभा को भी पहचानेगी, मैन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 1 लाख तथा वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 25000 का पुरस्कार मिलेगा।

घरेलू प्रतिभा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए जय हिंद ऑटो टेक इंडस्ट्रीज़ ने मैन्स एवं वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को इलेक्ट्रिक बाईक एवं एक्टिवा देने की घोषणा भी की है। हर मैच को रोमांचक बनाने के लिए यूपीएल में सभी 16 मैचों के लिए रु 10000 का प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया जाएगा। यह निवेश उत्तराखण्ड में क्रिकेट को बढ़ावा देने की यूपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे आकर्षक प्रोत्साहन के साथ यूपीएल घरेलू क्रिकेट के क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित करने जा रही है। टीमों ने रविवार 1 सितम्बर 2024 को देहरादून में यूपीएल प्लेयर ड्राफ्ट में अपने मार्की प्लेयर्स का चुनाव करेंगी। इस आयोजन में टीम के मालिक पुरूष एवं महिला प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चुनाव करेंगे। टीमें सबसे पहले एक-एक मार्की प्लेयर को चुनेंगी- पांच पुरूष टीमों के पास छह मार्की खिलाड़ियों- आकाश मधवाल, राजन कुमार, दीपक धपोला, आदित्य तारे और कुनाल चंदेला- में से चुनने का विकल्प होगा। इस बीच तीन मार्की महिला खिलाड़ी एकता बिष्ट, मानसी जोशी और नीलम बिष्ट भी महिला टीमों के लिए उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर माहिम वर्मा, सचिव, सीएयू ने कहा, ''उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेन्ट नहीं है, यह एक आंदेलन है जो पूरे उत्तराखण्ड राज्य को प्रोत्सिहत करेगा। यूपीएल के माध्यम से हम अपने राज्य की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, साथ ही क्षेत्र में खेलों के विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि हमें इस लीग के लिए शानदार प्रक्रिया मिली है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की ओर से मैं यूपीएल परिवार का स्वागत करता हूं और कल के प्लेयर ड्राफ्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

हमें खुशी है कि हमने खिलाड़ियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की है, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रगति जारी रख सकेंगे। वर्मा ने कहा यूपीएल की शुरूआत 15 सितम्बर 2024 को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम देहरादून में होगी। ये मैच 22 सितम्बर तक खेले जाएंगे। पुरूष और महिला टीमों के बीच कुल 13 मैच होंगे और ग्राण्ड फिनाले के साथ चैम्पियन की घोषणा की जाएगी।

## 2024 के सीज़न के बाद ब्रावो लेंगे सीपीएल से संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ ड्वेन ब्रावो ने घोषणा की है कि वह कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के जारी सीज़न के बाद इस टूर्नामेंट को अलविदा कह देंगे। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के इस सीज़न के पहले मुक़ाबले से पूर्व ब्रावो ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। यह सीज़न कैरिबियाई लोगों के सामने मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। टीकेआर ही वो जगह थी जहां से मेरे लिए हर चीज़ की शुरुआत हुई थी और अपनी टीम के साथ ही इस यात्रा का अंत होगा। ब्रावो सीपीएल में भी अभी तक के सबसे ज़्यादा विकेट लेने गेंदबाज़ हैं। उन्होंने 103 मैचों में 22.40 की औसत और 8.69 की इकॉनमी से 128 विकेट लिए हैं। ब्रावो ने सीपीएल से संन्यास टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने के तीन साल बाद लिया है। ब्रावो ने 2021 के टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती चरण में ही वेस्टइंडीज़ के बाहर हो जाने के बाद टी20 को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्होंने 2023 में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया और उसके बाद से उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाज़ी कोच की भूमिका निभाई है।



सीपीएल में ब्रावो के पास पांच ट्रॉफ़ी हैं, जिनमें तीन उन्होंने टीकेआर का हिस्सा रहते हुए जीती हैं। ब्रावो अपने सीपीएल करियर का अंत भी ट्रॉफ़ी के साथ करने की उम्मीद कर रहे हैं। सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रियट्स को अपनी कप्तानी में 2021 में सीपीएल जिताने से पहले ब्रावो ने 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार दो ट्रॉफ़ी जिताई थीं।

हालांकि 2020 में टीकेआर के ख़िताबी सीज़न में ब्रावो एक खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा थे। उसी सीज़न वह टी20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज़ भी बने थे।

सीपीएल 2024 घरेलू सरज़मीं पर ब्रावो का अंतिम टूर्नामेंट होगा, हालांकि वह दुनिया के अन्य हिस्सों में खेली जाने वाली टी20 लीग का हिस्सा बने रहेंगे। वह आईएल टी20 में एमआई एमिरेट्स का हिस्सा हैं, जबकि मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स (टीएसके) का हिस्सा हैं।

## सीपीएल फ्रेंचाइजी सेंट लूसिया किंग्स ने नई टीम जर्सी लॉन्च की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट लूसिया किंग्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। किंग्स अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को एसकेएन पैट्रियट्स के खिलाफ करेंगे।

नई जर्सी को खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एक नई तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। जर्सी के रंग सेंट लूसियन ध्वज को दर्शाते हैं। जर्सी का इस तरह का डिजाइन रखने का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के अंदर अपनी पहली चैंपियनशिप जीतने की आग को हवा देना है।




सेंट लूसिया किंग्स के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा, जर्सी के रंग राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने में हमारे गर्व को दर्शाते हैं। इस साल ओलंपिक में सेंट लूसिया की सफलता के साथ, हम एक अच्छा प्रदर्शन करने और खिताब के दावेदारों में से एक बनने के लिए और भी अधिक प्रेरित हैं। हम शुरुआत करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। सेंट लूसिया किंग्स ने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता है, लेकिन पिछले तीन सालों में दो बार फाइनल में पहुंची है। पिछले सीजन में फ्रेंचाइजी प्लेऑफ चरण में पहुंची थी, लेकिन एलिमिनेटर में जमैका तल्लावाह से हार गई थी। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा, मैं मैदान पर लौटने का इंतजार नहीं कर सकता। आज नई जर्सी पहनने से मुझे एक बार फिर महसूस हुआ है कि मैं एक बड़े उद्देश्य का हिस्सा हूं और इस टीम को ट्रॉफी तक ले जाने की जिम्मेदारी मुझ पर है। हम मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे और अपना उत्साह बनाए रखेंगे। हमारा लक्ष्य अपने प्रशंसकों को खुश करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने ओकोनेल को हरा दिया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नंबर 5 सीड रूसी दानिल मेदवेदेव हार्ड कोर्ट मेजर के चौथे दौर में प्रवेश करने के लिए नंबर 31 सीड फ्लेवियो कोबोली को लगातार सेटों में हराकर पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के एलिमिनेशन के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहे जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने आसानी से चौथे दौर में जगह बना ली। मेदवेदेव ने युवा इतालवी कोबोली को दो घंटे, 18 मिनट में 6-3, 6-4, 6-3 से हरा दिया और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के साथ चौथे दौर की भिड़ंत तय की, जिन्होंने लगभग चार घंटे तक चले अपने पांच सेटों के राउंड 3 मुकाबले में जैकब मेन्सिक को हराया।



पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद, 2021 यूएस ओपन विजेता मेदवेदेव अब फ्लशिंग मीडोज में सीज़न के आखिरी मेजर में बचे एकमात्र पूर्व चैंपियन हैं। नंबर 10 सीड ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने 56 विनर लगाए और अपनी शानदार कोर्ट स्पीड का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन के गैरवरीय डेनियल इवांस को दो घंटे 48 मिनट में 6-3, 6-7(4), 6-0, 6-0 से हरा दिया।

यह लगातार दूसरे वर्ष उनका यूएस ओपन का चौथा राउंड है। फ्लशिंग मीडोज में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2020 में क्वार्टरफाइनल फिनिश था। 25 वर्षीय डी मिनौर यह उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिष्ठित आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों लेटन हेविट (2004), जॉन न्यूकॉम्ब (1969), रॉय एमर्सन (1969), टोनी रोश (1969), रॉड लेवर (1969) और फ्रेड स्टोल (1969) की सूची में शामिल हो गए।

इस साल की शुरुआत में रौलां गैरो और विंबलडन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला साथी ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ राउंड 4 मैच होगा। करियर आमने-सामने की बैठकों में वह थॉम्पसन से 4-1 से आगे हैं। अपने सबसे हालिया मैच में, डी मिनौर ने 2022 में मियामी के दूसरे दौर में थॉम्पसन को 6-2, 6-3 से हराया था।

अन्य मेगा एक्शन में, वर्ल्ड नंबर 1 सिनर ने वर्ल्ड नंबर 87 ओकोनेल को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया, पूरे मैच में 15 एस लगाए और पांच ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चौथे राउंड में पहुंच गए। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सिनर ने एक घंटे और 53 मिनट में सीज़न की अपनी 51वीं जीत पूरी की। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा।

ब्रिटिश नंबर एक जैक ड्रेपर भी बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प पर 6-3, 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए। यह जीत ड्रेपर के सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन से मेल खाती है, और अगले दौर में उनका सामना चेक खिलाड़ी टॉमस मचाक से होगा। 25वीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस मचाक से भिड़ेंगे। मचाक अपने एटीपी हेड-टू-हेड में ड्रेपर से 1-0 से आगे है, चेक ने इस साल के गोनेट जिनेवा ओपन में ड्रेपर को 7-6(6), 6-1 से हराया था।

ड्रेपर का चौथे राउंड तक पहुंचना उनके चुनौतीपूर्ण 2023 सीज़न को देखते हुए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो कंधे की चोट से ग्रस्त थे , जिसने उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया था और उन्हें विंबलडन सहित ग्रास-कोर्ट सीज़न से बाहर रखा।

ड्रेपर का चौथे दौर तक पहुंचना उनके कठिन 2023 अभियान के मद्देनजर विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

## इंग्लैंड के सबसे महान बल्लेबाज हैं जो रूटः माइकल वॉन

**लंदन, एजेंसी।** जो रूट के 34 टेस्ट शतकों के प्रभावशाली मील के पत्थर ने क्रिकेट के दिग्गजों में प्रशंसा की लहर पैदा कर दी है, जिसमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने 33 वर्षीय खिलाड़ी को देश का सबसे महान बल्लेबाज घोषित किया है।

जो रूट ने गुरुवार को लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अपना 33वां टेस्ट शतक जड़ा और इंग्लैंड के दिग्गज एलिस्टर कुक के सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने के मामले में बराबरी कर ली। उन्होंने शनिवार को अपना दूसरा शतक जड़ते हुए एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए।

वॉन ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह मुकाम उन्होंने अपनी तकनीक और क्षमता से हासिल किया। जो रूट एक दिग्गज बल्लेबाज और एक बेहतरीन रोल मॉडल भी हैं। साथ ही वह एक शानदार इंसान और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। रूट के हालिया प्रदर्शन में उन्होंने इंग्लैंड की पहली पारी में 143 और दूसरी पारी में 103 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने श्रीलंका के सामने 483 रनों का मुश्किल लक्ष्य रखा। वॉन ने आसानी से रन बनाने में रूट की क्षमता पर कहा, विपक्ष को हमेशा ऑफ साइड में स्क्वायर के पीछे चार फील्डर रखने पड़ते हैं क्योंकि रूट वहां काफी आसानी से शॉट खेलते हैं। वह सामान्य रूप से खेल रहे हैं, बिना कोई जोखिम लिए स्ट्राइक रोटेट कर रहे हैं। कितनी बार आप देखते हैं कि उन्होंने कुछ ही समय में 25 रन बना लिए हैं? अनेक पुरस्कारों के बावजूद रूट, जिन्होंने 10 देशों के खिलाफ शतक बनाए हैं, अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बना पाए हैं, जो उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए एक बड़ा दाग है। उनके खेल में केवल एक ही चीज की कमी है, वह है ऑस्ट्रेलिया में उनका बड़ा शतक। लेकिन मैं कल्पना नहीं कर सकता कि अगले साल ऑस्ट्रेलिया में एशेज में वे इन आंकड़ों को नहीं बदलेंगे। कुक, जो 2012 में रूट के डेब्यू के समय कप्तान थे। वे भी रूट की शानदार बल्लेबाजी से खुश नजर आए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य बल्लेबाज में इतनी आसानी से रन बनाने की क्षमता है। हमारे समय में केवल वॉन और इयान बेल जैसे इंग्लैंड के कुछ बहुत ही शानदार बल्लेबाज हुए हैं। लेकिन रूट इस स्तर से कहीं ऊपर नजर आते हैं।



## बॉक्सिंगः मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका, एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में मतदान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने तोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालिफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं।



मतदान के बाद आईबीए ने वर्ल्ड बॉक्सिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि नई संस्था के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए साधन की कमी है। आईबीए ने एक बयान में कहा, %वर्ल्ड बॉक्सिंग के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए किसी तरह का वित्त, विशेषज्ञता और समर्थन नहीं है। उनका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है।

एशियाई संस्था के समर्थन का स्वागत करते हुए आईबीए ने कहा कि इससे पिछले कुछ वर्षों में उसके अच्छे कामकाज की पुष्टि होती है। बयान में कहा गया, यह निर्णय (एएसबीसी द्वारा) दुनिया भर में मुक्केबाजी के विकास के लिए की गई आईबीए की वर्षों की कड़ी मेहनत और आईबीए मुक्केबाजी परिवार की सच्ची एकता को दर्शाता है।

आईबीए ने उन राष्ट्रीय महासंघों पर भी निशाना साधा जिन्होंने गुप्त मतदान के दौरान उसके खिलाफ मतदान किया था। उसने बयान में कहा, ऐसे संगठन में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है जिसका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है बल्कि केवल अपने नेतृत्व की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना है। जहां तक भारत का सवाल है तो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) मई में वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने पर सहमत हो गया था।

